e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 78

मंगलवार
19.03.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
अगर आप दूसरों के बारे में भी सोचते हैं, तो आप सच्चे इंसान हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com | पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये | पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**रोजा का समय**
इफ्तार (19.03.24): शाम 06:01 बजे
सेहरी (20.03.2024) सुबह 04 : 31 बजे




## क्विक न्यूज

### तेलंगाना के राज्यपाल पद से तमिलिसै सौंदरराजन ने दिया इस्तीफा

**हैदराबाद** : तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसै सौंदरराजन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पुडुचेरी के एलजी का पद भी छोड़ दिया है। बता दें कि पीएम मोदी इस समय तेलंगाना में हैं। उन्होंने नारी शक्ति को लेकर भाषण भी दिया है। इसी बीच तेलंगाना के राज्यपाल के इस्तीफे की खबर सामने आई। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि तमिलिसै सौंदरराजन बीजेपी के टिकट से तमिलनाडु से चुनाव लड़ सकती हैं। वह साल 2019 में चुनाव लड़ चुकी हैं लेकिन वह हार गई थीं। वह 2009 में भी चेन्नई उत्तर से चुनाव लड़ चुकी हैं, लेकिन यहां भी उन्हें डीएमके के टीकेएस एलंगोवन के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

### सपा नेता आजम खान को 7 साल की सजा

**नई दिल्ली** : समाजवादी पार्टी के सीनियर नेता आजम खान को रामपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने सात साल की सजा सुनाई है। बाकी दोषियों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने यह सजा डूंगरपुर मामले में सुनाई। कोर्ट ने ढ्ढक्क धारा 427,504,506,447 और 120 क्क के तहत आजम खान को दोषी करार दिया था। इस मामले में आजम खान, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, ठेकेदार बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन दोषी पाए गए हैं। आज चोरों को सजा हुई। इस दौरान आजम खान की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीतापुर जेल से पेशी हुई।

### पाकिस्तान : छत गिरने से दो बच्चों सहित 6 लोगों की मौत

**काबुल** : पाकिस्तान में दर्दनाक हादसा सामने आया है। जानकारी के अनुसार पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक घर की छत गिरने से दो बच्चों सहित 6 लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक घर का छत गिरने से उसमें रहने वाले छह लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो बच्चा भी शामिल है। यह घटना सोमवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दक्षिणी वजीरिस्तान आदिवासी जिले के रघजई इलाके की है। छत गिरने की इस घटना में 6 लोगों की मौत के साथ ही 10 लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने बताया कि घायलों की हालत अभी भी गंभीर है। प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने इस हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना की। इसके साथ ही उन्होंने पीड़ितों के परिवार को सहायता उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश भी दिया है।

### एक करोड़ की अफीम बरामद

**बस्ती:** उत्तर प्रदेश की एटीएस गोरखपुर इकाई, एसओजी और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को दो युवकों को पकड़ा है। तलाशी के दौरान कार से आठ किलो 290 ग्राम अफीम बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में कम्पनी बाग चौराहे पर पुलिस मुस्तैद थी। एटीएस से सूचना मिली कि एक कार (बीआर एजे 6301) गोरखपुर होते हुए लखनऊ की ओर जा रही थी। इसमें मादक पदार्थ ले जाया जा रहा है, जिसका पीछा करते हुए आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस और एसओजी की टीम ने बड़ेवन सर्विस मोड़ से टोल प्लाजा के बीच घेराबंदी कर कार को रोक लिया। कार में बैठे दोनों अभियुक्त गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 08 किलो 290 ग्राम अवैध अफीम बरामद किया है।

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

---

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के डीजीपी सहित 7 आला अधिकारियों को हटाने का दिया निर्देश

# हटाए गए झारखंड के गृह सचिव

एजेंसी

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने सख्त एक्शन लेते हुए 6 राज्यों के गृह सचिवों को हटाने का आदेश दे दिया है. चुनाव आयोग ने जिन 6 राज्यों के गृह सचिव हटाए हैं. उसमें गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं. इसके साथ ही पश्चिम बंगाल के डीजीपी को हटाने के निर्देश भी दिया गया है. बता दें कि चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के डीजीपी को 2016 में सूबे के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी सक्रिय चुनाव ड्यूटी से हटा दिया था. चुनाव आयोग का कहना है यह एक्शन चुनावों में समान अवसर सुनिश्चित कराने के लिए लिया गया है. चुनाव आयोग की इस कार्रवाई से कड़ा संदेश जाता है कि लोकसभा चुनाव 2024 में सभी को समान अवसर मिलने वाले हैं. इसके साथ ही बृहन्मुंबई नगर आयुक्त इकबाल सिंह चहल के साथ ही अतिरिक्त आयुक्त और उपायुक्त को भी हटा दिया गया है. वहीं, मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के जीएडी सचिव को भी हटाया गया है. बता दें कि देशभर में लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है. पूरे देश में 7 चरणों में चुनाव होंगे और 4 जून को नतीजे आएंगे. 16 मार्च को चुनावी शेड्यूल जारी कर निर्वाचन आयोग के आयुक्त राजीव कुमार ने मतदाताओं से खास अपील की थी और ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का आग्रह किया था. उन्होंने बताया था कि वोटर अपने एपिक नंबर से बूथ की पूरी जानकारी हासिल कर सकते हैं.

**2016** में सूबे के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के डीजीपी को सक्रिय चुनाव ड्यूटी से हटा दिया था.




### सचिवों के पास थे दोहरे प्रभार चुनाव आयोग

निर्वाचन आयोग ने ये फैसला अधिकारियों के पास मुख्यमंत्री कार्यालय में दोहरे प्रभार होने के चलते लिया है. आयोग को आशंकाएं थी कि ये सभी अधिकारी दोहरी भूमिका के साथ चुनावी प्रक्रिया में निष्पक्षता और तटस्थता से समझौता कर सकते हैं. जिससे खासतौर पर कानून-व्यवस्था, सुरक्षा बलों की तैनाती में उनकी निष्पक्षता सवालों के घेरे में आ सकती थी. लिहाजा आयोग ने ऐसी स्थिति पैदा होने से बचने के लिए इन अधिकारियों को पूरी चुनावी प्रक्रिया से बाहर कर दिया है.

**7 चरणों में होंगे पूरे देश में चुनाव और 4 जून को नतीजे आएंगे.**

### 5 मार्च को अरवा राजकमल ने लिया था गृह सचिव का प्रभार

5 मार्च 2024 को झारखंड कैडर के 2008 बैच के आईएएस अरवा राजकमल को गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था. वर्तमान में अरवा राजकमल मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के सचिव हैं. 5 मार्च को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के तहत उनके पास नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के सचिव के अलावा जूडको और जीआरडीए के प्रबंध निदेशक का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया था. लेकिन 11 मार्च को अधिसूचना जारी कर 2008 बैच के आईएएस चंद्रशेखर को नगर विकास एवं आवास विभाग का सचिव बना दिया गया. साथ ही चंद्रशेखर को जूडको और जीआरडीए के प्रबंध निदेशक का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया था.

---

# एसबीआई 21 मार्च तक दे चुनावी बॉन्ड से जुड़ी सारी जानकारियां : सुप्रीम कोर्ट

**30 किस्तों में 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड जारी किए हैं।**

**इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को 12 अप्रैल 2019 से खरीदे गए चुनावी बॉन्ड की जानकारी निर्वाचन आयोग को सौंपने का निर्देश दिया था।**



एजेंसी

**नई दिल्ली** : चुनावी बॉन्ड से जुड़े सभी विवरण का खुलासा करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि एसबीआई को विवरण का खुलासा करने में चयनात्मक नहीं होना चाहिए। हम चाहते हैं कि चुनावी बॉन्ड से जुड़ी सारी जानकारी सार्वजनिक की जाए, जो भी एसबीआई के पास है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमने एसबीआई से सभी विवरण का खुलासा करने को कहा था और इसमें चुनावी बॉन्ड नंबर भी शामिल थे। एसबीआई चुनावी बॉन्ड से जुड़ी पूरी जानकारी दे। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि जो भी जानकारी है सबका खुलासा किया जाए। एसबीआई हमारे आदेश का पालन करे। एसबीआई की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि हम चुनावी बॉन्ड के नंबर समेत सभी जानकारी देंगे। बैंक अपने पास मौजूद किसी भी जानकारी को छिपाकर नहीं रखेगा। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एसबीआई एक हलफनामा दायर कर यह भी बताएगा कि उसने कोई जानकारी नहीं छिपाई है। कोर्ट ने कहा कि एसबीआई 21 मार्च शाम पांच बजे तक सारी जानकारी उपलब्ध कराएं। इस बीच, केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि अंतिम उद्देश्य काले धन पर अंकुश लगाना था और शीर्ष अदालत को पता होना चाहिए कि इस फैसले को अदालत के बाहर कैसे खेला जा रहा है। इस दौरान तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से इस संबंध में कुछ निर्देश जारी करने का विचार करने को कहा है। इस मामले में सोशल मीडिया पोस्ट की एक श्रृंखला शुरू हो गई है।वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान एसबीआई को फटकार लगाई। कोर्ट ने एसबीआई से पूछा कि आखिर चुनावी बॉन्ड से जुड़ी जानकारी में प्रत्येक बॉन्ड पर नंबर क्यों नहीं है। प्रशांत भूषण ने कहा कि अदालत ने एसबीआई से सख्त लहजे में कहा कि वह इसका खुलास करे। एसबीआई को 21 मार्च को शाम 5 बजे तक एक हलफनामा दाखिल करना होगा। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि हम कानून के शासन और संविधान के अनुसार काम करते हैं। न्यायाधीशों के रूप में हमसे भी चर्चा की जाती है। हम केवल फैसले के अपने निर्देशों को लागू कर रहे हैं। दरअसल, भारतीय स्टेट बैंक ने 2018 में योजना की शुरुआत के बाद से 30 किस्तों में 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड जारी किए हैं।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को 12 अप्रैल 2019 से खरीदे गए चुनावी बॉन्ड की जानकारी निर्वाचन आयोग को सौंपने का निर्देश दिया था। एसबीआई चुनावी बॉन्ड जारी करने के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान है।

**सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि जो भी जानकारी है सबका खुलासा किया जाए। एसबीआई हमारे आदेश का पालन करे। एसबीआई की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि हम चुनावी बॉन्ड के नंबर समेत सभी जानकारी देंगे।**

---

# चांडिल : सड़क दुर्घटना में चार की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल** : चांडिल थाना क्षेत्र के कांदरबेड़ा पुनर्वास कॉलोनी के समीप टाटाक्क्रांची नेशनल हाईवे (एनएच 33) पर तेज रफ्तार कार दुर्घटना में चार युवक की मौके पर ही मौत हो गई हैं। बताया जा रहा है कि चांडिल थाना क्षेत्र के कांदरबेड़ा पुनर्वास कॉलोनी के समीप जमशेदपुर की ओर से चांडिल की ओर जा रही कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी है। इस दुर्घटना में चारों युवक कार के अंदर ही फंस कर रह गए और उनकी मौत हो गई हैं। इस दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए हैं। वहीं, दुर्घटना के बाद कार के इंजन में आग लग गई थी। कार के अंदर फंसे चारों युवक के शव के चिथड़े उड़ गए हैं। मौके पर चांडिल पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। कार के परखच्चे उड़ जाने के कारण आसानी से शवों को बाहर नहीं निकाला जा सका। इसके बाद क्रेन की मदद से युवकों के शव को बाहर निकाला गया है। सभी को जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल भेज दिया गया है।

### भीषण सड़क हादसा, 9 की मौत

**खगड़िया:** बिहार के खगड़िया में भीषण सोमवार को सड़क हादसा हुआ. जिले के पसराहा थाना इलाके में हुए इस हादसे में 3 बच्चे समेत 9 लोगों की मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार बारात से लौट रही एसयूवी कार एनएच 31 विद्यारतन पेट्रोल पंप के पास एक ट्रैक्टर से टकरा गई, जिससे यह हादसा हुआ. बताया जाता है कि मड़ैया थाना इलाके के बिठला गांव के इंद्रदेव ठाकुर के पुत्र की शादी में शामिल होने के लिए बारात चौथम के मोहनपुर गयी थी. वहीं से लौटने के दौरान एनएच 31 पर सीमेंट लगे ट्रैक्टर से कार टकरा गई. सूचना पर पहुंची पुलिस-मामले की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया. वहीं सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

---

# चुनाव में मीडिया की अहम भूमिका : के. रवि कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए मीडिया की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को बिना किसी प्रलोभन के एवं नैतिक मतदान के लिए उनके मताधिकार के प्रयोग हेतु जागरूक करने में वे अपनी भूमिका निभाएं। वे आज अपने कार्यालय में मीडिया के प्रतिनिधियों के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने इलेक्शन एक्सपेंडिचर मोनीटरिंग के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत रूप से भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से मीडिया प्रतिनिधियों को अवगत कराया। वहीं अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह ने आदर्श आचार संहिता के बारे में, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता ने निर्वाचन से संबंधित विभिन्न मामलों, उप



निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय) संजय कुमार ने मीडिया से संबंधित फेक न्यूज, पेड न्यूज जैसे विभिन्न विषयों के बारे में एवं सिस्टम एनालिस्ट एस.एन जमील ने निर्वाचन आयोग के विभिन्न आईटी अप्लीकेशन के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके उपरांत एक प्रश्नोत्तरी सत्र में सभी मीडिया के प्रतिनिधियों की शंकाओं का समाधान किया गया। एक अन्य बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोक सभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सभी मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप न्यूनतम सुविधा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी अपने क्षेत्राधीन सभी मतदान केंद्रों में इन उपलब्ध सुविधाओं का भौतिक निरीक्षण भी करें साथ ही निर्वाचन के कार्य में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करें।बैठक में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के अध्यक्ष आदित्य रंजन, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सभी जिलों के निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारियों सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

---

# बिहार में एनडीए की सीटों का हुआ बंटवारा

एजेंसी

**नई दिल्ली** : बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के दलों के बीच सीट बंटवारा तय हो गया है। सीटों का ऐलान आज दिल्ली में बीजेपी के केंद्रीय कार्यालय पर हुआ। बिहार के एनडीए गठबंधन में इस बार भारतीय जनता पार्टी, हिंदुस्तान आवाम मोर्चा, जनता दल (यू), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी दल शामिल हैं। 40 सीटों का बंटवारा इन्हीं पांच दलों के बीच में हुआ है। 40 सीटों में से 17 सीटों पर बीजेपी, जेडीयू 16, चिराग



पासवान की पार्टी 5 सीटों पर, हिंदुस्तान आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेगी। एनडीए के सीट बंटवारा ऐलान के बाद अब साफ हो गया है कि पशुपति पारस और मुकेश सहनी की पार्टियां एनडीए से बाहर हो गई हैं।

बता दें कि पशुपति कुमार अभी केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री भी हैं। पिछले दिनों चिराग पासवान ने जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद पशुपति ने कहा भी था कि उनके साथ न्याय नहीं किया जा रहा है और वह एनडीए से अलग भी हो सकते हैं। वहीं मुकेश सहनी की भी एनडीए से बात नहीं बनी और वह भी इस गठबंधन से बाहर हो गए हैं। बता दें कि साल 2019 के लोकसभा चुनाव में में एनडीए (भाजपा, जदयू और एलजेपी) ने शानदार जीत हासिल की थी. एनडीए ने बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से 39 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि महागठबंधन के खाते में केवल एक किशनगंज सीट थी. जिस पर कांग्रेस के उम्मीदवार ने जीत हासिल की थी.

---

# धनबाद कोर्ट परिसर में युवक ने वकील को पीटा, बवाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : धनबाद कोर्ट परिसर में सोमवार की दोपहर वकीलों ने जमकर बवाल काटा। दरअसल, जमीन विवाद में एक व्यक्ति ने एक वकील की पिटाई कर दी, जिसके बाद वकीलों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित युवक को हिरासत में ले लिया, जिसके बाद वकील शांत हुए। घटना के संबंध में पीड़ित वकील परिमल आचार्य ने कहा कि धनबाद के बलियापुर स्थित एक तीन एकड़ चार डिसमिल पुस्तैनी जमीन को लेकर उनका रवि रंजन वर्मा से विवाद चल रहा था। इस विवाद को लेकर रवि रंजन ने अधिवक्ता का पीछा कर उनके साथ



कई बार मारपीट करने की भी कोशिश की। साथ ही फोन पर भी उन्हें धमकाया, जिसकी लिखित शिकायत उन्होंने धनबाद बार एसोसिएशन को भी दिया था। जब पीड़ित अधिवक्ता परिमल आचार्य कोर्ट में काम कर रहे थे, उसी वक्त आरोपित रवि रंजन वहां पहुंचा और उनके साथ मारपीट करने लगा। अधिवक्ता के साथ मारपीट होता देख उनके साथी वकीलों ने आरोपित को पकड़ लिया और हंगामा करने लगे। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उक्त युवक को हिरासत में लिया। इसके बाद वकील शांत हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक ने दिया योगदान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** अनुमण्डल क्षेत्र में नवपदस्थापित पुलिस निरीक्षक आशुतोष प्रसाद नारायण ने लिया योगदान उन्होंने योगदान देते ही अपने ऑफिस कर्मियों को साफ सफ़ाई समेत कई आवश्यक जानकारी प्राप्त किया, साथ उन्होंने मीडिया से बताया कि पब्लिक और पुलिस की सहयोग से हैदरनगर मोहम्मद गंज, हुसैनाबाद के विभिन्न थाना और ओपी, चौकियों में बेहतर कार्य होगी आम जनता और पीड़ित को न्याय दिलाना ही पुलिस का पुरूषार्थ हैं मेरा बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था ही प्रथम लक्ष्य हैं।

# लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी संग बैठक की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन की संयुक्त अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी के साथ बैठक की गयी।बैठक में उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा हो चुकी है मतदान के दिन तय हो गये हैं ऐसे में आप सभी आवश्यक तैयारियों को ससमय पूरा करें तथा निर्वाचन से संबंधित सभी संबंधित रिपोर्ट जल्द से जल्द समर्पित करें।उन्होंने कहा कि प्राप्त निदेश के आलोक में सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधा होना अनिवार्य है।जिले के सभी 1796 मतदान




केंद्रों पर बिजली, पानी, शौचालय, रैंप तथा पर्याप्त सांख्य में फर्नीचर उपलब्ध रहे इसे सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनिश्चित करें।मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर न्यूनतम मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करें ताकि मतदाताओं तथा मतदान दल को मतदान केंद्र में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो।मतदान केंद्र पर बिजली से चलने वाले सभी उपकरण यथा पंखा,बल्ब विशेष रूप से चार्जिंग पॉइंट चालू अवस्था मे रहे इसे सुनिश्चित करें।किसी प्रकार की कोई कमी दिखे तो तुरंत दुरुस्त कर लें।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निदेश दिया कि अगर किसी भी मतदान केंद्र का नाम बदलने की आवश्यकता है तो संबंधित प्रस्ताव जल्द से जल्द समर्पित करें। **वीएमएस व एमएमएस के माध्यम से ही निर्वाचन कार्यो को संपादित करना सुनिश्चित करें : उपायुक्त** : बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने वाहनों की उपलब्धता, उसमें ईंधन की व्यवस्था व भुगतान से जुड़े सारे कार्यो को व्हीकल मैनेजमेंट सिस्टम के जरिये ही निष्पादन कराने की बात कही। इसी तरह सामग्री आपुर्ति से जुड़े कार्यों को मैटेरियल मैनेजमेंट सिस्टम के जरिये निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी को निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित गाड़ी के अलावा किसी भी परिस्थिति में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की गाड़ी न बदले यह सुनिश्चित होना चाहिए। इसके अलावे उन्होंने कहा कि किसी कोषांग में प्रतिनियुक्ति कोई कर्मी गलत तरीके से किसी प्रत्याशी या राजनीतिक दल को कोई गोपनीय सूचना देते पाया गया तो संबंधित कर्मी को सीधे बर्खास्त करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिले के सभी आर्म्स लाइसेंसधारियों को आगामी 23 मार्च तक अपने-अपने स्थानीय थाने में शस्त्र जमा करने के निर्देश दिये ऐसा नहीं करने वाले लाइसेंसधारियों के लाइसेंस को शास्त्र नियमावली के सुसंगत धाराओं के तहत रद्द/ निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के वाहनों का काफिला पर रोक रहेगी। इसी तरह उन्होंने कम्युनिकेशन प्लान,वोटर स्लिप का ससमय वितरण, एफएसटी, एसएसटी बॉर्डर चेक पोस्ट पर सीसीटीवी सहित अन्य सुविधाएं, सहित अन्य विषयों पर समीक्षा कर कई निर्देश दिये.मौके पर सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी बीडीओ-सीओ समेत चुनाव हेतु गठित अन्य दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## स्वयंसेवक संघ के सदस्यों ने बीडीओ को आवेदन देकर अपने अनिश्चितकालीन धरना को किया समाप्त



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर अपने अनिश्चितकालीन धरना को समाप्त करते हुये काम पर लौटने की जानकारी दिया है.आवेदन में कहा गया है कि राज्यस्तरीय संघ के आहवाहन पर विगत 253 दिनों से राजभवन के समक्ष चल रहे धरना प्रदर्शन को विगत 13 मार्च को कैबिनेट की बैठक में सरकार द्वारा कुछ मांगो को मान लिये जाने के बाद धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया है। अब हम सभी स्वयं सेवक अपने कार्य पर लौट गये है। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में संघ के प्रखंड अध्यक्ष नारद कुमार, विपिन कुमार, रविन्द्र कुमार रवि, जमील अंसारी, राजेश्वर सिंह, राकेश कुमार गुप्ता, हरिदर्शन प्रसाद यादव, आलमगीर अंसारी, संतोष कुमार पटेल, हृदया देवी, अजय राम, उर्मिला कुमारी, सीमा कुमारी, रेखा कुमारी, संगीता जायसवाल सहित सभी स्वयंसेवकों के नाम शामिल है।

## एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान रैली निकाली गई




**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज के द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदम्बा सिंह के नेतृत्व में एनएनएस कार्यक्रम पदाधिकारी जेके मेहता के तत्वावधान में और सभी सहायक प्राध्यापको एवम सभी प्रशिक्षार्थी के उपस्थित में गोद लिए गये पांच गांव क्रमशः सत्यारी टोला, चुकरु, कौड़िया और महादेवमाडा में मतदाता जागरूकता अभियान रैली निकाल कर ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया गया। इसमे प्रशिक्षणार्थी के द्वारा वैनर सह पोस्टर का प्रदर्शन कोटेशन लिख कर किया गया। जैसे छोड़ो अपने सारे काम। पहले करे चलो मतदान सवोट डालने जाना है। अपना फर्ज निभाना है।। सजाये वोट डालने जाए। अपना वोट काम मे लाये। इस कार्यक्रम में सभी प्राध्यापको ने अपना विचार भी ग्रामीणों के साथ साझा किया और वोट देने के लिए प्रेरित किया और उसके महत्व को समझाने का प्रयास किया।

# अज्ञात चोरों ने कपड़ा दुकान में किया चोरी, विरोध में रही दुकाने बंद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरौन्धी :** मुख्य बाजार स्थित कोन मोड पर स्थित संजय वस्त्रालय मे बीती रात चोरों ने पीछे के दरवाजा से घुसकर डेढ़ लाख रुपए नगद चोरी कर लिया। बाजार सहित आसपास की इलाके मे 15 दिन के दौरान कई बार चोरों ने घटना की अंजाम दिया। इससे पहले कई दुकान में चोरी हुई थी। संजय वस्त्रालय में चोरों ने जब चोरी करके भाग रहे थे तो कुछ पैसे भी गिरे मिले सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि कोन मोड़ के समीप पुलिस का पेट्रोलिंग वाहन खड़ी थी। इसके बावजूद भी चोरों ने घटना की अंजाम दे दी। वही चोरी की घटना के बाद जनप्रतिनिधियों एवं व्यवसाईयों में आक्रोश देखा गया। व्यवसाईयों ने प्रशासन के प्रति विरोध जताया। आक्रोशित व्यवसाईयों ने



सभी दुकानें बंद रखी। इस घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की जायजा लिया। थाना प्रभारी ने सभी आक्रोशित व्यवसाईयों को शांत कराते करते हुए कहा की घटना को अंजाम देने वाले व्यक्तियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं पर मौजूद जिला परिषद धर्मराज पासवान, विशुत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, उप प्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, मुखिया प्रतिनिधि कृष्ण प्रसाद सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

# विवाहिता की मौत पर परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद अनुमंडल के अंतर्गत मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के गाजी- बिहरा गांव में विवाहिता पूजा कुमारी (32 वर्ष) की मौत पर हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के कचरा गांव निवासी मृतका का भाई रंजीत कुमार सिंह ने मोहम्मदगंज थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है.दर्ज प्राथमिकी में कहा है की मेरी बहन पूजा कुमारी उम्र ( 32 वर्ष) की शादी मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के गाजी - बिहरा गांव निवासी स्व .ददन सिंह के पूत्र दीपक कुमार सिंह के साथ वर्ष 2016में हुई थी. शादी के बाद से ही मेरी बहन को पति और ससुराल के लोगों का रवैया सही ढंग से नहीं रहता था। बहन को उसके पति, सास इंदु देवी, ननद अंजली सिंह,



देवर चंदन सिंह, अमन सिंह हमेशा बात - बात पर प्रताड़ित करते थे। बिजनेस करने के लिए हमेशा रूपये की मांग करते थे, नहीं देने पर उसके साथ मारपीट भी की जाती थी। बीते 17 मार्च को को मुझे जानकारी मिली की बहन की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही मेरे परिवार व गांव के कुछ लोग जब बहन के ससुराल गाजी - बिहरा पहुंचे तो देखा की मेरी बहन बेड पर मरी पड़ी हुई है। उसके चेहरे पर कई चोट के निशान थे। मुझे पूर्ण विश्वास है की मेरी बहन की हत्या गला दबा कर दी गई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद सोमवार को उसके परिजनों को सौंप दी। जहा अंतिम संस्कार हुसैनाबाद के देवरी सोन नदी स्थित मुक्तिधाम घाट पर किया गया। मोहम्मदगंज थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने मृतिका के भाई द्वारा लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। कहा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई सामने आयेगी।

## लोकसभा चुनाव व होली के मद्देनजर उत्पाद विभाग की लगातार छापेमारी जारी



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में आसन होली पर्व एवं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब कारोबारी के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। आज दिनांक 18 मार्च 2024 को हुसैनाबाद थाना के ईटबांध, घाघरा एवं डंडिला गांव में छापामारी किया गया। कारोबारी द्वारा साजिश के तहत ड्रम की जगह जमीन में गड्ढा खोदकर प्लास्टिक में जावा महुआ तैयार किया जा रहा था ताकि किसी को पता नहीं चल सके इन सबके बावजूद उत्पाद विभाग टीम द्वारा ज़मीन के अंदर छुपाकर रखे जावा महुआ का भंडाफोड़ करते हुए कुल 12 हजार किलोग्राम जावा महुआ तथा 250 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। छापामारी दल को देखकर अभियुक्त जितेंद्र चौहान, घूरा चौहान, उदय यादव, वीरेंद्र यादव, भोला पासवान, चंदन यादव फरार हो गये व इनके विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि उपायुक्त के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव व होली के दृष्टिगत इस तरह का छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा।

# हुसैनाबाद में एलआरडीसी ने दिया योगदान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** लोकसभा चुनाव की डुगडुगी बजते ही हुसैनाबाद के सभी विभागों में पदाधिकारी हो रहे है पदस्थापित, रविवार को हुसैनाबाद अनुमण्डल कार्यालय में नवपदस्थापित एलआरडीसी के रूप में गौरांग महतों ने अपना योगदान दिया, इस दौरान मीडिया से बाते करते हुए उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन हर तरह से चुस्त दुरुस्त हैं उन्होंने बीडीओ रौशन कुमार, व कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत के विपुल सन्नी को निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र का मुआयना कर 24 घण्टो के अंदर सभी राजनीतिक दल के पोस्टर बैनर वैसे सार्वजनिक व सरकारी भवनों या स्थानों पर लगाया गया हैं उसे हटवाया जाए। उन्होंने कहा कि यह दायित्व सभी राजनीतिक पार्टियों और दल के नेताओं का भी हैं कि आपके द्वारा किसी भी सार्वजनिक स्थल या सरकारी भवन तथा स्थान पर पूर्व से पोस्टर बैनर, पेन्टिंग लिखावट या पार्टी दल के प्रचार प्रसार जैसी कोई होडिंग लगया गया हैं तो कृपया आप उसे हटवा ले। नही तो वह चुनाव आयोग आचारसंहिता का उलंघन माना जाएगा और निर्वाची पदाधिकारी के आदेश के बाद विधी सम्मत कार्रवाई करेंगे। मौके पर अनुमण्डल कार्यालय के बड़ा बाबू अशोक सिंह, सतेंद्र पासवान, असेन्द्र कुमार, टिंकू चौधरी समेत कई कर्मी मौजूद थे।

# केंद्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, लातेहार की एक बैठक नामित अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में विद्यालय परिसर में आयोजित की गयी।बैठक में विद्यालय में छात्रों की शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा विद्यालय के रखरखाव व अन्य विषयों पर विचार विमर्श किया गया। प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने विद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों एवं उपलिब्धयों से समिति को अवगत कराया उन्होंने विद्यालय के शौचालय एवं वाशरूम की मरम्मति की नितांत आवश्यकता बतायी। कहा कि इस कारण छात्र व छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।आगे बताया कि साल में दो बार विद्यालय के छात्र व छात्राओं का मेडिकल चेकअप कराया जाता है।अगले सत्र में मेडिकल कैंप आयोजित किया जाना है। उन्होंने परीक्षा विभाग के लिए स्टेशनरी एवं प्रीटिंग मैटेरियल एवं अगले सत्र में छात्र व छात्राओं के लिए स्कूल डायरी क्रय करने



की बात कही।समिति के सदस्य आशीष टैगोर ने ध्यान आकृष्ठ कराते हुए नामित अध्यक्ष को बताया कि विद्यालय में बच्चों के लिए बड़ा खेल मैदान नहीं है। इस कारण विद्यालय के छात्र किक्रेट या फुटबॉल नहीं खेल पाते हैं। इससे प्रतिभावान छात्रों की प्रतिभा कुंठित हो रही है।इस पर प्राचार्य ने बताया कि खेल मैदान के बीच में कुछ पेड़ हैं समिति से अनुमोदन के बाद इन पेड़ों को काटने की अनुमति के लिए अंचलाधिकारी व वन विभाग के अधिकारियों से पत्राचार किया गया है। बैठक में सिविल सर्जन डा अवधेश कुमार सिंह, जेएनवी के प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह, अभिभावक अमीत कुमार मिंज व राज कुमार यादव, शिक्षक प्रतिनिधि प्रदीप कुमार ठाकुर शामिल थे।बैठक के बाद अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार ने विद्यालय एवं खेल मैदान का निरीक्षण किया।

## श्री हरि इलेक्ट्रॉनिक दुकान का हुआ शुभारंभ



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल मुख्यालय स्थित बस स्टैंड के निकट सोमवार को श्री हरि इलेक्ट्रॉनिक दुकान का शुभारंभ हुआ। इलेक्ट्रॉनिक दुकान का उदघाटन प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक अभिषेक पाठक ने फीता काटकर किया.दुकान के प्रोपराइटर शैलेश सिंह ने कहा कि दुकान में सभी तरह के इलेक्ट्रॉनिक समान उचित मूल्य पर उपलब्ध है। मौके पर मुखदेव सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, चंचल प्रताप देव, मंटू पांडेय, कृष्णा अग्रेहरी, लखन ठाकुर, लालमुनि यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बीडीओ ने किया जेएसएलपीएस के सदस्यों के साथ बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को जेएसएलपीएस के सदस्यों की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.बैठक में प्रखंडस्तरीय सलाहकार समिति एवं अभिमुखीकरण जेंडर रिसोर्स सेंटर का गठन किया गया। बैठक में बीपीएम सत्यप्रिय ने बताया कि जेंडर आधारित जितने भी हिंसा और भेदभाव होता है, महिलाओं के जिंदगी में जितने भी जीवन चक्र हिंसा या उत्पीड़न से सबंधित मामले आते हैं, उसे सुलझाने का प्रयास किया जायेगा. यदि छोटी छोटी समस्याओं का समाधान नही हो पाता है तो जीआरसी में लाकर उसका समाधान किया जायेगा। इसी उद्देश्य से इस समिति का गठन किया जा रहा है.एसआरपी वाजदा खातून ने उपस्थित सदस्यों को जेंडर शपथ दिलाया। बैठक में वाईपी दिव्या कुजूर, डीओ नीरज मिश्रा, सीसी सत्येन्द्र कुमार, अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, प्रखंड सहायक अनिल कुमार सिंह, डालसा के मनोज कुमार दुबे, पारा लीगल से ओमप्रकाश कुमार, सीमा देवी, विमलेश देवी, एसआरपी दीपशिखा सिंह, डीआरपी सुनीता देवी, असत्रुन निशा, पूनम देवी, रिंकू देवी, कमला देवी, ममता कुमारी, सपना देवी, मायावती देवी, किरण कुशवाहा सहित अन्य उपस्थित थे।

# समय से ऑनलाइन आवंटन नहीं मिलने पर डीलर परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** बरवाडीह जन वितरण प्रणाली का संचालन वर्तमान में चरमरा सी गई है। इसके कई वजह देखें जा रहे हैं जैसे कि बिना स्टॉक मिलान के गोदाम प्रभार नहीं लेना, अबतक एजीएम का प्रभार नहीं लिया गया है। दुसरी तरफ समय से डीलरों को ऑनलाइन आवंटन प्राप्त नहीं हो रहा है जिससे कि खाद्यान्न का उठाव प्रभावित हो रहा है जबकि विभाग और सरकार द्वारा सख्त निर्देश है कि होली पर्व के मद्देनजर किसी भी हाल में 31- 3- 2024 तक मार्च और अप्रैल माह का एन एफ एस ए खाद्यान्न का उठाव कर लेना है। बताया जा रहा है कि मार्च माह का खाद्यान्न का अबतक लगभग 60 प्रतिशत का ही उठाव हो सका है। इसी सिलसिले में सोमवार को जविप्र दुकानदार किरण स्वयं सहायता समूह ने बवाल खड़ा कर दिया जब उन्हें ऑनलाइन आवंटन नहीं मिला। जहां



समूह द्वारा बताया गया कि हमलोग तीन चार दिन से रोजा रखकर आवंटन के लिए परेशान हैं। उन्होंने बताया कि पहले हमलोग किसी प्रज्ञा केंद्र से ऑनलाइन आवंटन निकाल कर समय से खाद्यान्न उठाव कर लेते थे पर अब इस माह से ऑनलाइन आवंटन प्राप्त करने के लिए किसी एक अन्य डीलर के पास हाजिरी लगाना पड़ रहा है। जहां से मोहर युक्त आवंटन मिलेगा तब हम खाद्यान्न उठाव करेंगे। इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ इस नये नियम के पिछे क्या मंशा है यह तो एक सवाल है। हालांकि सुत्र बताते हैं कि खर्चे,बर्चे का मामला है।

## झारखण्ड प्रदेश वैश्य मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बने दामोदर



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू के द्वारा बालूमाथ प्रखण्ड के चमातु ग्राम निवासी दामोदर साव को बालूमाथ प्रखण्ड अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि वैश्य समाज के प्रति रुचि एवं झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के कार्यक्रमो में भागीदारी को देखते हुए दामोदर साव को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उन्होंने आशा जताते हुए कहा कि दामोदर साव के नेतृत्व में बालूमाथ प्रखंड में वैश्य समाज को संगठन से जोड़ने और समाज के प्रति समर्पित भाव से काम करने की प्रेरणा मिलेगी। वही 15 दिनों के भीतर एक विस्तारित बैठक कर प्रखंड कमेटी का विस्तार करने का निर्देश दिया गया। वही वैश्य समाज के प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने पर कई लोगों ने दामोदर साहू को बधाई दिया है। जिसमें अर्जुन साव, वीरेंद्र गुप्ता, प्रेम प्रसाद गुप्ता, रामकुमार गुप्ता सूरज शाह, राजेंद्र साव, राजू साव, गोलू कुमार, दिवाकर पसाव, कुलदीप साव, सुरेंद्र साव, दीपू गुप्ता, रजनीकांत गुप्ता,विजय साव समेत कई लोगो के नाम शामिल है।

## संक्षिप्त खबरें

### हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद पहली बार ईडी कार्यालय में दिखे पिंटू

**रांची** : पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद पहली बार मीडिया के नजर में दिखे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू । मौका था ईडी द्वारा भेजे गए समन के बाद वे ईडी ऑफिस पहुंचे थे। उनसे ईडी अधिकारियों देर तक पूछताछ की । अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को 16 जनवरी को ईडी ऑफिस में हाजिर होने को कहा गया था, लेकिन पिंटू ने ईडी को लिखकर कहा था कि उनकी पत्नी बीमार है, इसलिए पूछताछ के लिए उन्हें 22 जनवरी के बाद का समय दिया जाये इसलिए उन्हें सोमवार 18 मार्च को हाजिर होना पड़ा। वे कुछ दूर पैदल ही ईडी ऑफिस पहुंचे और मीडिया से दूरी बनाए रखा।

### विश्व हिंदू परिषद् की हुई बैठक

**रांची** । विश्व हिंदू परिषद् की प्रांत कार्य समिति बैठक में रांची विभाग मंत्री कृष्ण कुमार झा को समाजिक समरसता प्रांत प्रमुख का दायित्व दिया गया। इस नवीन दायित्व के लिए रांची महानगर के द्वारा उन्हें बधाई दी गई। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष माननीय कैलाश केसरी, मंत्री चंद्रदीप दुबे, सह मंत्री विश्व रंजन ,बजरंग दल सहसंयोजक दीपक साहू, रवि शंकर राय, पारस मिश्रा , सुरेंद्र तिवारी,प्रकाश रंजन एवं अन्य लोगों ने उन्हें बधाई दी।

### जानलेवा हमला करने के दोषी को सात साल की सजा

**रांची** : अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने सोमवार को जानलेवा हमला करने के दोषी अमित राम को सात साल की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने पांच हजार का जुर्माना लगाया है। अमित राम पर रातू रोड निवासी सूरज राम से जबरदस्ती पैसे की मांग करने का आरोप है। जब सूरज राम ने पैसे देने से मना किया तो उसके पेट में चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। रिम्स में इलाज के दौरान उसके पेट में 21 टांके लगाकर उसकी जान बचाई गई थी।

# लोकसभा चुनाव को लेकर डीजीपी ने सीमावर्ती राज्यों के अधिकारियों के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** । पुलिस मुख्यालय सभागार में पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में झारखण्ड के सीमावर्ती राज्य छत्तीसगढ़, ओडिशा पश्चिम बंगाल, बिहार, और उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशकों एवं वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर अंतर्राज्यीय समन्वय समिति की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम आयोजित की गई।बैठक के शुरूआत में अपर पुलिस महानिदेशक अभियान, संजय आनन्दराव लाठकर के द्वारा सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं वीडियो कॉन्फेसिंग के द्वारा सीमावर्ती राज्यों के वरीय पदाधिकारियों से बैठक के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस बैठक में पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड के द्वारा मुख्य रूप से खुफिया जानकारियों को स-समय सक्रिय रूप से साझा करने, नोडल पदाधिकारी की नियुक्ति करने, वामपंथी उग्रवाद परिदृश्य के आलोक में की जा रही कार्रवाई, सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर आपसी सहयोग, नशीले पदार्थ एवं अवैध शराब की तस्करी पर प्रभावी रोकथाम, सीमावर्ती क्षेत्रों में नक्सलियों / अपराधी तत्वों की गतिविधियों पर नकेल कसने एवं सभी स्तरों पर अंतर्राज्यीय समन्वय बैठकों के लिए तंत्र की कार्ययोजना के रूप-रेखा पर चर्चा की गई। अवैध हथियार, नशीले पदार्थ, अवैध शराब और प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हेतु स-समय सूचना के आदान प्रदान पर जोर दिया। साथ ही झारखण्ड के सीमावर्ती राज्यों ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार एवं पश्चिम बंगाल में सक्रिय नक्सली दस्तों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियानों में समन्वय स्थापित कर



और सक्रिय अभियान चलाने पर जोर दिया।

इस बैठक में झारखण्ड पुलिस सभागार से आरके मल्लिक, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय, डॉ संजय आनन्दराव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, अखिलेश झा, प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, राँची, झारखण्ड सेक्टर, अमोल विनुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान-सह-स्टेट पुलिस नोडल पदाधिकारी, झारखण्ड, श्री प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा, असीम विक्रांत मिंज, पुलिस महानिरीक्षक, अप0अनु0विभाग, अनूप बिरथरे, पुलिस उप-महानिरीक्षक, दछोक्षे, इंद्रजीत महथा, पुलिस उप-महानिरीक्षक, झाजगु धनंजय कुमार, पुलिस उप-महानिरीक्षक तथा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से ओड़िसा पुलिस के पुलिस महानिदेशक, अरूण कुमार सारंगी, निदेशक (आसूचना), एसके प्रियदर्शी, अपर पुलिस महानिदेशक (अभियान) एस देवदूत सिंह एवं अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी ओड़िसा छत्तीसगढ पुलिस के पुलिस महानिदेशक, अशोक जुनेजा, सरगुजा क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक, अंकित गर्ग एवं अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी छत्तीसगढ़ बिहार पुलिस के अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) जितेन्द्र सिंह गंगवार, अपर पुलिस महानिदेशक (प्रोहीविशन), सुशील एम खोपड़े एवं अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी बिहार पश्चिम बंगाल के अपर पुलिस महानिदेशक (विधि-सह-स्टेट पुलिस नोडल ऑफिसर) श्री आनन्द कुमार एवं अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी पश्चिम बंगालः उत्तर प्रदेश, वाराणसी प्रक्षेत्र के अपर पुलिस महानिदेशक, पियुष मोरिया एवं अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी, उत्तर प्रदेश, सहित झारखण्ड के वरीय पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## झारखंड ग्रामीण क्षेत्र में पीएमएएवाई-जी के प्रभाव मूल्यांकन पर कार्यशाला आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अर्थशास्त्र और विकास अध्ययन विभाग ने सोमवार को पीएमएएवाई-जी के प्रभाव मूल्यांकन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला झारखंड के तीन जिलों - पाकुड़, गिरिडीह, और चतरा में प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के एक आईसीएसएसआर धन संरक्षित लघुकालीन अनुदेशिका अनुसंधान परियोजना के परिणामों को प्रसारित करने के लिए की गई थी। परियोजना समन्वयक और कार्यशाला के संयोजक डॉ संहिता सुचरिता ने बताया कि पीएमएएवाई-जी कार्यक्रम ने अपने लाभार्थियों के सामाजिक आर्थिक स्थिति को बढ़ाया है और महिला सशक्तिकरण का प्रमुख अभियान रहा है क्योंकि पक्का मकान गांवों में रहने वाली महिलाओं की सुरक्षा और बच्चों की शिक्षा को भी बढ़ाया है। आईएसआई गिरिडीह के सहायक प्रोफेसर डॉ हरि चरण बेहरा ने बताया कि लाभार्थियों को किन मानदंडों के अनुसार पहचाना जाता है। उन्होंने यह भी दर्शाया कि पीएमएएवाई-जी ने महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है क्योंकि 69 प्रतिशत पीएमएएवाई-जी के घर महिलाओं के द्वारा स्वामित्वित हैं। प्रोफेसर कुंज बिहारी पांडा (सांख्यिकी विभाग के प्रोफेसर) ने बताया कि पीएमएएवाई-जी के माध्यम से पक्के मकान का लाभ लेने से जाति और वर्ग की बाधाओं को दूर किया गया है। एनआईटी के प्रोफेसर डॉ नारायण सेठी ने बताया कि पीएमएएवाई-जी कार्यक्रम ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आवास की कमी को कैसे संबोधित किया है। उन्होंने भी पीएमएएवाई कार्यक्रम के सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर किया, जैसे - डेटा पारदर्शिता की कमी, खराब मॉनिटरिंग, और कमजोर मूल्यांकन ढांचा। उन्होंने पीएमएएवाई-जी योजना को एक योजना के रूप में सारांशित किया जो सामाजिक एकता को प्रोत्साहित करती है और आवास असमानताओं को कम करती है।

## श्री चैती दुर्गापूजा महासमिति के पदाधिकारियों का हुआ स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** । श्री चैती दुर्गापूजा महासमिति ,राँची के तत्वावधान में श्री महावीर मंडल राँची के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू सहित सभी निर्वाचित पदाधिकारियो का भव्य स्वागत किया गया ।कार्यक्रम में मुख्यरूप से चैती दुर्गापूजा महासमिति के मुख्य संग्रक्षक किशोर साहू , श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा एव पूर्व मंत्री ललित ओझा उपस्थित थे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय कुमार सिंह(लल्लू) ने की एव संचालन रविन्द्र वर्मा ने किया । कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन गोपाल पारीक के द्वारा दिया गया ।स्वागत समारोह में श्री किशोर साहू , राजीव रंजन मिश्रा एवं ललित ओझा के द्वारा श्री महावीर मंडल राँची के नवनिर्वाचित अध्यक्ष - रवि कुमार पिंकू, मंत्री - दीपक ओझा, उपाध्यक्ष - राजा सेन गुप्ता एवं राज किशोर, सह मंत्री - उदय रविदास एवं प्रेम कुमार, कोषाध्यक्ष - प्रमोद सारस्वत।

## रांची लोकसभा क्षेत्र में 85 की उम्र के 28 हजार और 23 हजार दिव्यांग मतदाता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : लोकसभा चुनाव में 85 साल से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों और दिव्यांग वोटरों को घर से भी वोट करने की सुविधा है। रांची लोकसभा क्षेत्र में 85 उम्र वाले मतदाताओं की संख्या 28 हजार 333 है, जिसमें 15309 पुरुष और 13023 महिलाएं और एक अन्य शामिल हैं। सबसे अधिक हटिया विधानसभा क्षेत्र में 7810 मतदाता 85 के हैं।

रांची लोकसभा क्षेत्र में 23626 दिव्यांग मतदाता हैं। कांके विधानसभा में सबसे अधिक 5526 दिव्यांग मतदाता हैं। चुनाव आयोग ने इसके लिए विशेष तैयारियां की है। जिला प्रशासन ने



कहा कि उन सबके पास हम फॉर्म पहुंचाएंगे। यदि वे बूथ पर नहीं आएंगे तो हम उनके घर वोट लेने जाएंगे, जो बूथ पर जाना चाहते हैं उनके लिए भी सुविधाएं दी जाएंगी। आयोग के मुताबिक घर से वोट डालने के इच्छुक ऐसे मतदाताओं को सक्षम ऐप से एक फॉर्म भरना होगा।फॉर्म भर कर जमा करवाने के बाद बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता घर से ही मतदान कर सकेंगे। घर पर मतदान करवाने के लिए चुनाव आयोग के अधिकारी जाएंगे। घर से मतदान करने वालों को पोस्टल बैलेट की सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

## एलआईसी इंश्योरेंस क्लेम के लिए रिम्स में अब भटकना नहीं पड़ेगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** । रिम्स ने आमजनों के लिए बेहतर व्यवस्था की है। बताया गया कि इलाज कराने वाले परिजन को मेडिक्लेम या एलआईसी इंश्योरेंस क्लेम के लिए कागजात की जरूरत पड़ती है अब इसको रिम्स प्रबंधन ने आसान कर दिया गया है। इसके लिए सिर्फ पीड़ित परिवार के सदस्यों को एक आवेदन भरकर जमा करना होगा ।

उसके साथ कुछ जरूरी कागजात संलग्न करने होंगे । मेडिक्लेम, एलआईसी इंश्योरेंस के लिए आवेदन कर सकते है। इस के लिए रिम्स में काउंटर नंबर 8 को इसके लिए खोल दिया गया है। अस्पताल की मेन बिल्डिंग में पुलिस कैंप के पास ही हेल्प डेस्क काउंटर बनाया




गया है। जहां से लोग फॉर्म ले सकते है।

आवेदन भरकर काउंटर पर सीधे जमा कराना होगा। यह आवेदन डिप्टी सुपरिंटेंडेंट सह रजिस्ट्रार के नाम से होगा। वहीं विषय में एलआईसी, मेडिक्लेम, ट्रीटमेंट चार्ट (मेडिसीन डिटेल्स), डेथ समरी (काउज आफ डेथ), आवेदन चार, अन्य लिखना होगा।

## आयशा फातिमा ने रोशन किया राज्य का नाम : आशुतोष द्विवेदी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची महानगर भाजयुमो कला और खेल प्रकोष्ठ के रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने पांचवीं राष्ट्रीय युवा संसद में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाली एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) की स्वयंसेवक आयशा फातिमा को सोमवार को सम्मानित किया।

फातिमा रांची के विमेंस कॉलेज में राजनीतिक शास्त्र सेमेस्टर छह की छात्रा है। मौके पर आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि आयशा फातिमा ने



झारखंड का नाम पूरे देश में रोशन किया है। फातिमा जैसे कई प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं की वजह से झारखंड काफी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने इनकी सफलता के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि फातिमा ने पांचवीं राष्ट्रीय युवा सांसद कार्यक्रम में झारखंड का नाम पूरे देश में रोशन किया। उन्होंने विकसित भारत पर अपनी बात रखा था।

इस अवसर पर फतीमा को लोकसभा के स्पीकर ओम बिड़ला और युवा मामले के मंत्री अनुराग ठाकुर ने सम्मानित किया था।

## अबुआ झारखंड, अबुआ राज अभियान को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** । लोकतंत्र बचाओ 2024 (अबुआ झारखंड, अबुआ राज) अभियान ने सत्य भारती, रांची में प्रेस वार्ता कर आने वाले लोक सभा चुनाव, लोकतंत्र की स्थिति और राज्य की सामाजिक राजनैतिक जमीनी वास्तविकता पर अपनी बात रखी।

वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र बचाओ 2024 अभियान झारखंड में लम्बे समय से जन मुद्दों पर संघर्ष कर रहे अनेक संगठनों व सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक साझा पहल है। अभियान पिछले एक साल से राज्य भर में 2024 लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष में लोगों के साथ



संवाद व जन जागरण कार्यक्रम जैसे जन सभा यात्रा सम्मेलन आदि कर रहा है। यह अभियान झारखंड की एकमात्र राज्य-व्यापी पहल है जो मोदी सरकार की राजनीति और उनके लोकतंत्र व लोगों पर प्रभाव पर ज़मीनी संघर्ष व संवाद कर रही है।पिछले एक साल से राज्य के विभिन्न लोक सभा क्षेत्रों में यात्राओं व सभाओं से यह बात साफ है कि जनता, खास कर के आदिवासियों, दलितों व मेहनतकाश वर्ग के अन्य लोगों में मोदी सरकार के विरुद्ध व्यापक आक्रोश है। लोग मोदी सरकार के विरुद्ध तीन मुद्दे लगातार उठा रहे हैं 10 सालों में कई वादों का महज़ जुमला बन जाना, विभिन्न जन अधिकारों को खतम किया जाना एवं गाँव समाज में धर्म के नाम पर हिंसा व साम्प्रदायिकता में बढ़ौतरी, हर खाते में 15 लाख रु, सालाना 2 करोड़ रोज़गार, किसानों की दुगनी आमदनी का धोखा सबकी जुबान पर है।

## जेपीएससी और जेएसएससी प्रश्न पत्र लीक का भंडाफोड़ करे राज्य सरकार : बंधु तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** । पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखण्ड में अनेक परीक्षा केन्द्रों में तथाकथित रूप से झारखण्ड लोक सेवा आयोग की प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक की घटना या फिर ऐसी खबरें पूरी तरीके से एक सुनियोजित आपराधिक साजिश है। तिर्की ने कहा कि कुछ सप्ताह पूर्व भी जेएसएससी का प्रश्नपत्र लीक हुआ था और उस मामले पर भी सरकार तेजी से कार्रवाई करते हुए अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करे। तिर्की ने कहा कि ऐसी घटनाओं से एक ओर, झारखण्ड के लाखों छात्र-छात्राओं, युवाओं का भविष्य बर्बाद करने की साजिश होती है वहीं दूसरी ओर झारखण्ड की छवि भी धूमिल हो रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने सरकार से मांग की है कि यदि यह मामला सच है तो इसकी गहन जाँच कर दोषी अपराधी तत्वों के विरुद्ध वह सख्त कार्रवाई की जानी चाहिये चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो साथ ही ऐसी साजिश रचनेवालों के चेहरे से नकाब हटाने की भी जरूरत है। तिर्की ने कहा कि हर हाल में ब्लैकलिस्टेड कंपनियों को परीक्षा की सम्पूर्ण प्रक्रिया से अलग रखा जाना चाहिये क्योंकि वैसे संगठनों को जिम्मेदारी देना अपने-आप में दुर्भाग्यपूर्ण होगा और इस मामले में सरकार को किसी भी हाल में किसी के प्रति भी कोई रियायत नहीं बरतनी चाहिये।

### रांची में पेट्रोल पंप के कर्मी से 1.68 लाख की छिनैती

**रांची** : महानगर के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित रामपुर चौक के पास पेट्रोल पंप के कर्मी से बाइक सवार दो अपराधियों ने एक लाख 68 हजार रुपये से भरा थैला छीन लिया और फरार हो गये। पेट्रोल पंप कर्मी सत्यजीत महापात्रा रिलायंस पेट्रोल पम्प में काम करते हैं। वह पैसे लेकर धर्मकांटा जा रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि जांच-पड़ताल की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

## राजनैतिक दल निर्वाचन संबंधी प्रावधानों की जानकारी अपने कार्यकर्ताओं को उपलब्ध कराएं : के. रवि कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि राज्य में पहली बार लोक सभा आम चुनाव के साथ -साथ गांडेय में विधानसभा का उप चुनाव एक साथ कराया जा रहा है।

सभी राजनैतिक दलों से अपेक्षा है कि वे इन चुनावों के स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं त्रुटिरहित संचालन में अपनी महती भूमिका निभाकर लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाएँ। उन्होंने निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों को रेखांकित करते हुए कहा कि वे इनसे अपने




हरेक कार्यकर्ता को अनिवार्यरूपेण भारत निर्वाचन आयोग के तत्संबंधी प्रावधानों से अवगत करा दें ताकि जानकारी की कमी के कारण उनके द्वारा अनजाने में भी भारत निर्वाचन आयोग के संबंधित प्रावधानों का उल्लंघन नहीं होने पाए। वे आज अपने कार्यालय के सभाकक्ष में सभी लोक सभा आम चुनाव 2024 एवं 31-गांडेय विधानसभा उप-चुनाव के बाबत मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मैनुअल का गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया जाना चाहिए ताकि स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव के संचालन में सभी राजनैतिक दलों का सक्रिय सहयोग मिल सके।

कार्यशाला में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## निगम हो या विधायक, सड़क बनायेगा, आवास परिसर नहीं : प्रशासक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वार्ड 11 का कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला जामा मस्जिद के पीछे से निकलने वाली संकीर्ण सड़क जो वार्ड 11 के अंतर्गत है यह कुरैशी मुहल्ला और इदरीश कॉलोनी को जोड़ती है । काफी जर्जर स्थिति में थी,लोग परेशान रहते थे ।

इस सड़क निर्माण के लिए जमीयतुल कुरैशी पंचायत के महासचिव परवेज़ कुरैशी निवर्तमान उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय को घटना स्थल का निरीक्षण कराया था और नगर निगम प्रशासक अमित कुमार को लिखित इसकी जानकारी दी गई थी। प्रशासक अमित कुमार ने तुरंत 2023 में पास कर



दिया था और कहा था 2024 फरवरी में बन जायेगा और सड़क निर्माण करा दिया गया। वहीं सड़क से सटे थोड़ा सा सड़क और घर का परिसर छूट गया, इसके लिए स्थानीय लोगों ने कहा कम से कम हाजी बेलाल, आजाद कुरैशी का परिसर और आमिर के घर तक बचा हुआ सड़क बनाने की पहल कर दिया जाए।

इसकी जानकारी नगर प्रशासक को दिया गया उन्होंने स्पष्ट कहा कि परवेज़ आपके कहने पर तुरंत उस गली का सड़क,नाली बनवा दिया गया है। लेकिन कोई अपना घर का आंगन या परिसर भी विधायक, सांसद,निगम के सीमेंट,बालू, गिट्टी ,मजदूर के भरोसे बैठा हुआ है तो शर्म की बात है। फिर भी आप बोल रहे हैं तो ये भी दिखवा लेते हैं।

## कोलकाता में पीटीआई के राष्ट्रीय सम्मेलन में झारखंड टीम भी रही उपस्थिति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कोलकाता में पीटीआई (प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया) के चल रहे राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर के पत्रकारों की उपस्थिति के बीच झारखंड आईएफडब्लयूजे की टीम के द्वारा मुख्य अतिथि पश्चिम बंगाल के माननीय राज्यपाल सी.वी.आनंद बोस को प्रतीक चिन्ह के रूप में झारखंड की कोहबर कला भेंट की गई। देशभर में पत्रकार की सुरक्षा एवं उनके कल्याण कोष सहित अनेक बिंदुओं पर रणनीति बनाने के साथ गांव एवं कस्बों के पत्रकारों के उत्थान सहित, सम्मान के लिए ठोस पहल करने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने वालों में झारखंड इकाई से प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष मृदुला, प्रदेश



सचिव दीपक कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार, संगठन सचिव सुशील चौरसिया शामिल हुए।

## इटकी गुलजार रोड में इफ्तार पार्टी का आयोजन



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी गुलज़ार रोड में सोमवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में दर्जनों रोजेदारों ने भाग लिया। इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज अदा की और देश की एकता अखंडता, भाईचारे व खुशहाली की सामूहिक दुआ मांगी। इफ्तार पार्टी में मौलाना अय्यूब, हाजी कैसर आलम, मो खालिद, मेराज आलम, परवेज आलम, डॉ साकिब जमाल, मो साजिद, मो समीउद्दीन, खुर्शीद आलम, जेयाउल आरफीन, वहाब हमजा सहित दर्जनों रोजेदार मौजूद थे।

## ठाकुरगांव पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को चोरी के बाइक के साथ किया गिरफ्तार

**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के क्रांति चौक के समीप वाहन चेकिंग के दौरान ठाकुरगांव पुलिस ने एक चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार आरोपी गूटवाटोली निवासी थाना रातू जिला रांची के संजय उरांव (30) वर्षीय है, जिसे पकड़ा गया है। ठाकुरगांव थाना प्रभारी विनित कुमार ने बताया की वाहन चेकिंग के दौरान उक्त युवक पुलिस को देखते ही भागने लगा। जिसे खदेड़ कर पकड़ा गया। जांच में पाया गया बाईक टीवीएस, अपाची 160 गाड़ी संख्या छ्वा02क्क्ष-1284 चोरी की है। वही गिरफ्तार युवक ने पुलिस को बताया की गाड़ी को बड़कागांव से एक होटल से चोरी किया है। और बताया कि इसे गेसवे में एक आदमी के पास 12000 रूपये में बेचने जा रहा है। उसने पुलिस को एक सहयोगी का नाम भी बताया, जिसको पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने को लेकर छापा मारी की जा रही है। वही चोरी की बाइक पकड़े जाने के आरोप में आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए ठाकुरगांव थाना कांड सं0 14/24 दिनांक 16. 03.24 धारा 414/34 भा0द 0 वि0 के प्राथमिक अभियुक्त संजय उरांव, पिता स्व0 बालदेव उरांव ,सा0 गूटवाटोली निवासी , थाना रातू जिला रांची को दिनांक को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## रामगढ़ से ईंट लेकर आ रहा डंफर खूंटी के तजना नदी पुल में गिरा

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी रांची मुख्य मार्ग स्थित तजना नदी में सोमवार की सुबह रामगढ से ईंट लेकर खूंटी आ रही एक डंफर का अगला टायर फट गया जिससे डंफर अनियंत्रित होकर पुल का रेलिंग तोड़ते 20 फीट नीचे गिर गया।जिससे डंफर के परखच्चे उड़ गये।दुर्घटना में डंफर चालक सुनील प्रधान भी डंफर के अंदर फंस गया जिसे स्थानीय लोगों की मदद से डंफर के केबिन से बाहर निकाला गया।दुर्घटना में चालक का हाथ मे गंभीर चोट लगी है जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।घटना के संबंध में चालक सुनील प्रधान ने बताया कि वह सोमवार सुबह डंफर (जेएच 02 एसी 0912) से रामगढ़ से ईट लेकर खूंटी की ओर आ रहा था।तभी तजना नदी के पास डंफर का आगे का एक टायर फट गया। जिससे डंफर अनियंत्रित हो कर पुल के रेलिंग को तोड़कर पुल के नीचे गिर गया।चालक ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने मदद किया एवं उसे डंफर से बाहर निकाला। तथा उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा।घटना की जानकारी मिलने पर खूंटी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एवं घटना की जानकारी प्राप्त किया।

## विशाल सांस्कृतिक समारोह आयोजित



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पश्चिम बंगाल झालदा भकुवाडीह गांव के स्कूल मंच में विशाल संस्कृत समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय पुस्तकालय संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सलाहकार समिति सदस्य सह कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजाराम महतो उपस्थित थे । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारी भाषा हमारी संस्कृति की पहचान है। समय के साथ साथ यह विलुप्त होते जा रही है। गांव के युवाओं सोच काफी अच्छा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम से निश्चित ही हमारे पूर्वजों द्वारा बनाए संस्कृति, परंपरा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पर्व त्योहार में हमारे पूर्वजों की पारम्परिक गीत संगीत हर गांव घर में गया जाता है। जो हमारे संस्कृति की पहचान है। इस संस्कृति को बचाए रखना सभी का उतरदायित्व है, दहेज प्रथा को खत्म करना होगा। दहेज प्रथा को भी समाप्त करने पर बल दिया। इससे आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति और भाषा का ज्ञान तो मिलेगा ही साथ ही समाज को मजबूती भी मिलेगी। सांस्कृतिक समारोह संचालन अशोक महतो ने किया। समारोह में बी एन प्रमाणिक ,बिजराज महतो ,फुलेकेश्वर महतो देवेंद्र नाथ महतो कवि,मुक्तिपद महतो, कवि एवम झारखण्ड सिल्ली की हेमली कुमारी के द्वारा एक से एक लोकगीत कुरमाली लोकगीत झूमर प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वही देर रात पन्तता नाच छउ नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वही कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों का गांव के मुख्य द्वार से गाजे बाजे के साथ कार्यक्रम स्थल लाया गया जहां उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया इस मौके पर समीर महतो उमेश महतो लक्ष्मण महतो जितेंद्र महतो ,जग मोहन महतो, प्रो नीलू महतो, चंचला महतो नीरज महतो, समीर, पोद्दार,जयललिता महतो मोनिका बेदिया, हेमंत महतो ,कल्पना महतो, मनोरमा कुमारी, मदन मोहन महतो, लक्ष्मण महतो, जितेन महतो, जगमोहन महतो, रोहित महतो, हरे कृष्णा महतो, कार्तिक महतो, दिलेश्वर महतो, जोहरलाल महतो, मधु महतों ,सपन महतो ,अखिलेश महतो, एवं सनातन कुमार, ॠषिकेश महतो, समेत यंग स्टार क्लब के कई सदस्य उपस्थित रहेंगे।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सोमवार को प्रखंड सभागार में बीएलओ सहित बीएलओ सुपरवाइजरो की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि नीलिमा डुंगडुंग की अध्यक्षता में की गई. बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा बूथ में तैयारी से संबंधित कई दिशा निर्देश दिया गया साथ ही 85 प्लस आयु सहित दिव्यांग मतदाता जो मतदान केंद्र तक नहीं जा सकते हैं वैसे मतदाताओं की सूची तैय्यार कर मांग की गई साथ ही अधिक से अधिक चुनाव पाठशाला एवं स्वीप (ह्य1द्गद्गश्च) कार्यक्रम में तेजी लाने का निर्देश दिया गया. मौके पर बीएसओ हेमंत एक्का, रोशन सुधाकर कुजूर, नवीन कुमार चौधरी, सुधीर राम तिवारी, नाथू उरांव, सहित सभी बूथों के बीएलओ उपस्थित थे ।

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** आसन्न लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफल संचालन के निमित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए समाहरणालय के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने चुनाव से संबंधित विविध प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। इस दौरान सुविधा पोर्टल के उपयोग करना तरीका एवं वीवीपैट के संयोजन एवं कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी द्वारा पीपीटी के माध्यम से राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सुविधा पोर्टल का उपयोग कर किस तरह नामांकंन प्रपत्र, शपथ पत्र को उपलोड किया जा सकता है, की विस्तार से जानकारी दी गई। चुनाव के दौरान विभिन्न तरह के अनुमति प्राप्त करने हेतु सुविधा पोर्टल की कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से चुनाव कार्यो के लिए सुविधा पोर्टल का अधिक से अधिक उपयोग करना की अपील की गई। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर ट्रेनरों के द्वारा ईवीएम के कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया।

## नि:शुल्क शिक्षा सेवा संस्थान में फेयरवेल और फ्रेशर पार्टी मनाया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नगड़ी :** सबशीला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पिस्का नगडी में एक्कुअल पिक्सल, सॉफ्टवेर कंपनी , रांची अचतुलपिक्सेल डॉट इन और कुछ महान दानवीरों के द्वारा इंस्टीट्यूट में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे प्यारे बच्चों के बीच फ्रेशर और फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने नाच कर,संगीत गा कर और पार्टी मना कर मनोरंजन किया। कार्यक्रम का उदघाटन दीप प्रज्वलित कर, स्वगात गान गा कर व केक काटकर किया गया। कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया फिर बच्चों को नास्ता , मिठाई भी दिया गया। अंतिम में बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर खुशियाँ मनाई। इस कार्यक्रम का संचालन सबशीला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के निदेशक श्री रंजीत प्रसाद ने किया और मुख्य अतिथि के रूप में एक्कुअल पिक्सल के डायरेक्टर श्री सुमित कुमार , नमस्ते योगा के डायरेक्ट राहुल कुमार, मैक्स इंफोटेक के डायरेक्ट सोनू सर उपस्थित हुए।

## स्वीप के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया गया विशेष अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** स्वीप के तहत जिला अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि जिला अंतर्गत लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो तथा सशक्त लोकतंत्र के उद्देश्यों की पूर्ति हो। **ग्रामीणों ने ली मतदाता प्रतिज्ञा :** हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## सड़क दुघर्टना में युवक घायल

**मुरी :** मुरी गोला मुख्य मार्ग पर रविवार की शाम जामटोला के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से जामटोला निवासी गोपाल मुंडा गंभीर रुप से घायल हो गया। पेट्रोलिंग कर रहे मुरी पुलिस के द्वारा घायल को इलाज के लिए सिंगपुर नर्सिंग होम लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार घायल गोपाल मुंडा सड़क के किनारे टहलने निकले थे।


## कार्यालय नगर परिषद रामगढ़

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि रामगढ़ नगर परिषद् के द्वारा निकाले गए निविदा संख्या NIT/RGH/NP/05/2023-24 जिसका PR 320642 District (23-24).D का निविदा निस्तार (तकनिकि बिड) दिनांक 10.06. 2024 को किया जाऐगा।

ह०/–
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद रामगढ़

PR 323072 District(23-24)#D



चुनाव का पर्व DESH KA GARV

## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा

Phone- 06541-223994, E-mail-electionoffice.chatra@gmail.com

**''आदेश''**

लोकसभा आम निर्वाचन–2024 के दौरान चुनाव प्रचार के लिए मुद्रण सामग्रियों के उपयोग के संबंध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–1951 की निम्नांकित धारा के तहत सूचित किया जाता है कि–

[1][**127(क) पुस्तिकाओं, पोस्टरों आदि के मुद्रण पर निर्बन्धन**—(1) कोई भी व्यक्ति कोई ऐसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर जिसके मुख्य पृष्ठ पर उसके मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते न हों मुद्रित या प्रकाशित न करेगा और न मुद्रित या प्रकाशित कराएगा।

(2) कोई भी व्यक्ति किसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर को–

(क) उस दशा में के सिवाय न तो मुद्रित करेगा और न तो मुद्रित कराएगा जिसमें वह उसके प्रकाशक की अनन्यता के बारे में अपने द्वारा हस्ताक्षरित और ऐसे दो व्यक्तियों द्वारा जो उसे स्वयं जानते हैं अनुप्रमाणित द्विप्रतीक घोषणा मुद्रक को परिदत्त कर देता है ; तथा

(ख) उस दशा में के सिवाय न तो मुद्रित करेगा और न तो मुद्रित कराएगा जिसमें कि मुद्रक घोषणा की एक प्रति दस्तावेज की एक प्रति के सहित–

(i) उस दशा में जिसमें कि वह राज्य की राजधानी में मुद्रित की जाती है, मुख्य निर्वाचन आफिसर को, तथा

(ii) किसी अन्य दशा में उस जिले के जिसमें कि वह मुद्रित की जाती है जिला मजिस्ट्रेट को दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात् युक्तियुक्त समय के भीतर भेज देता है।

(3) इस धारा के प्रयोजनों के लिए–

(क) दस्तावेज की अनेकानेक प्रतियां बनाने की किसी ऐसी प्रक्रिया की बाबत जो हाथ से नकल करके ऐसी प्रतियां बनाने से भिन्न है, यह समझा जाएगा कि वह मुद्रण है, और ''मुद्रक'' पद का अर्थ तदनुसार लगाया जाएगा ; तथा

(ख) ''निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर'' से किसी अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों के समुह के निर्वाचन को सम्प्रवर्तित या प्रतिकूलतः प्रभावित करने के प्रयोजन के लिए वितरित कोई मुद्रित पुस्तिका, पर्चा या अन्य दस्तावेज या निर्वाचन के प्रति निर्देश करने वाला कोई प्लेकार्ड या पोस्टर अभिप्रेत है, किन्तु किसी निर्वाचन सभा की तारीख, समय, स्थान और अन्य विशिष्टयों को केवल आख्यापित करने वाला या निर्वाचन अभिकर्ताओं या कार्यकर्ताओं को चर्या संबंधी अनुदेश देने वाला कोई पर्चा, प्लेकार्ड या पोस्टर इसके अन्तर्गत नहीं आता।

(4) जो कोई व्यक्ति उपधारा (1) या उपधारा (2) के उपबंधों में से किसी का उल्लंघन करेगा वह कारावास से, जिसकी अवधि 6 (छः) मास तक की हो सकेगी या जुर्माने से, जो दो हजार रूपये तक का हो सकेगा, या दोनों से, दण्डनीय होगा।]

अतः मुद्रक द्वारा प्रिंट सामग्री प्रिटींग के तीन दिनों के अन्दर सामग्री की चार प्रति में प्रकाशक के घोषणा पत्र के साथ प्रभारी पदाधिकारी, आदर्श आचार संहिता कोषांग (लोकसभा आम निर्वाचन–2024), लेखा दल एवं अभ्यर्थी व्यय लेखा कोषांग (लोकसभा आम निर्वाचन–2024) तथा जिला निर्वाचन कार्यालय, चतरा को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अधिनियम की धारा 77 (1) के तहत प्रत्याशियों द्वारा मुद्रित चुनाव सामग्री के व्यय का विवरण निर्वाचन लेखा व्यय में अनिवार्य रूप से शामिल किया जायगा।

किसी प्रत्याशी/ व्यक्ति के द्वारा उल्लंघन करते हुए पाये जाने पर अधिनियम के प्रावधानों के तहत विहित दण्ड अधिरोपित किया जायगा एवं भारतीय दण्ड संहिता के सुसंगत धाराओं के अधीन आवश्यक कार्रवाई की जायगी।

" वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम "

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, चतरा

PR 323060 Election (23-24)_D



## कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, हजारीबाग
(जिला निर्वाचन शाखा)

**–: मतदान केन्द्र के नाम परिवर्तन की आम सूचना :–**

लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त मतदान केन्द्रों के भौतिक सत्यापन के पश्चात् निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों से प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में निर्वाची पदाधिकारी की हस्तपुस्तिका–2023 के अध्याय–2 के कंडिका 2.11.1 के आलोक में 20–बरकट्ठा, 21–बरही, 24–माण्डू एवं 25–हजारीबाग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निम्नलिखित मतदान केन्द्रों के (Nomenclature) नाम में संशोधन की स्वीकृति दी गयी है। मतदान केन्द्रों के नाम में यह परिवर्तन विद्यालय/सरकारी भवनों के विलय/उत्क्रमण के कारण हुआ है, इसमें भवन के स्थान में कोई परिवर्तन नहीं है। नाम परिवर्तन वाले मतदान केन्द्रों की सूची निम्नवत् आम सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है :–

| क्र0 | विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र सं0 एवं नाम | मतदान केन्द्र संख्या | पूर्व में मतदान केन्द्र का नाम | मतदान केन्द्रों का परिवर्तित नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 20–बरकट्ठा | 8 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पिपराडीह | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पिपराडीह (उत्तर भाग) | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 2 | 20–बरकट्ठा | 68 | म0वि0 जयनगर (पू0भाग) | आदर्श म0वि0 जयनगर (पू0भाग) | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 3 | 20–बरकट्ठा | 69 | म0वि0 जयनगर (प0भाग) | आदर्श म0वि0 जयनगर (प0भाग) | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 4 | 20–बरकट्ठा | 120 | उ0प्रा0वि0 खरपोका | उ0म0वि0 खरपोका, जयनगर | उत्क्रमण के कारण नाम में आंशिक संशोधन। |
| 5 | 20–बरकट्ठा | 128 | प्रा0वि0, लोहाडण्डा | रा0प्रा0वि0, लोहाडण्डा | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 6 | 20–बरकट्ठा | 129 | रा0म0वि मकतपुर | उत्क्रमित म0वि0 मकतपुर | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 7 | 20–बरकट्ठा | 142 | +2 उच्च विद्यालय, परसाबाद | राज्य संपोषित +2 उच्च विद्यालय, परसाबाद | उत्क्रमण के कारण। |
| 8 | 21–बरही | 133 | उत्क्रमित हाई स्कूल, सेवई | उत्क्रमित प्रा0वि0, सेवई | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 9 | 21–बरही | 190 | उच्च विद्यालय, चन्दवारा, पू0भाग | रा0मो0म0मो0+2 उच्च विद्यालय, चन्दवारा पूर्वी भाग | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 10 | 21–बरही | 191 | उच्च विद्यालय, चन्दवारा, द0भाग | रा0मो0म0मो0+2 उच्च विद्यालय, चन्दवारा दक्षिण भाग | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 11 | 21–बरही | 192 | उच्च विद्यालय, चन्दवारा, प0भाग | रा0मो0म0मो0+2 उच्च विद्यालय, चन्दवारा पश्चिम भाग | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 12 | 21–बरही | 193 | उच्च विद्यालय, चन्दवारा, उ0भाग | रा0मो0म0मो0+2 उच्च विद्यालय, चन्दवारा उत्तर भाग | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 13 | 21–बरही | 194 | उच्च विद्यालय, चन्दवारा, म0भाग | रा0मो0म0मो0+2 उच्च विद्यालय, चन्दवारा मध्य भाग | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 14 | 21–बरही | 195 | उच्च विद्यालय, चन्दवारा, उ0म0भाग | रा0मो0म0मो0+2 उच्च विद्यालय, चन्दवारा उत्तर मध्य भाग | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 15 | 21–बरही | 234 | उ0म0वि0, सरैयाडीह, पू0 भाग | उ0उ0वि0, सरैयाडीह, पू0 भाग | उत्क्रमण के कारण नाम में आंशिक संशोधन। |
| 16 | 21–बरही | 235 | उ0म0वि0, सरैयाडीह, प0 भाग | उ0उ0वि0, सरैयाडीह, प0 भाग | उत्क्रमण के कारण नाम में आंशिक संशोधन। |
| 17 | 21–बरही | 237 | उ0म0वि0, सरैयाडीह, उ0 भाग | उ0उ0वि0, सरैयाडीह, उ0 भाग | उत्क्रमण के कारण नाम में आंशिक संशोधन। |
| 18 | 21–बरही | 283 | म0 वि0 खोड़ाहार उ0 भाग | उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहार उ0 भाग। | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 19 | 21–बरही | 284 | म0 वि0 खोड़ाहार द0 भाग | उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहार द0 भाग। | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 20 | 21–बरही | 298 | उ0 म0 वि0 कटिऔन | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कटिऔन। | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 21 | 24–माण्डू | 76 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रबोध, उ0 भाग | राजकीय प्राथमिक विद्यालय, रबोध, उ0 भाग | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 22 | 24–माण्डू | 77 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रबोध, द0 भाग | राजकीय प्राथमिक विद्यालय, रबोध, द0 भाग | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 23 | 24–माण्डू | 91 | रा0 उ0 म0 वि0 मिश्राईनमोढ़ा, पू0 भाग | रा0 उ0 म0 वि0 मिश्राईनमोढ़ा, द0 भाग | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 24 | 24–माण्डू | 92 | रा0 उ0 म0 वि0 मिश्राईनमोढ़ा, द0 भाग | रा0 उ0 म0 वि0 मिश्राईनमोढ़ा, पूर्वी0 भाग | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 25 | 24–माण्डू | 129 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंजी | उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंजी, कमरा सं0–02 | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 26 | 24–माण्डू | 141 | डॉ भीम राव अंबेदकर उच्च विद्यालय, ड्राईवर हार्ट | डॉ भीम राव अंबेदकर उच्च विद्यालय, ड्राईवर हार्ट, कमरा नं0–03 | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 27 | 24–माण्डू | 147 | मध्य विद्यालय वेस्ट बोकारो | मध्य विद्यालय वेस्ट बोकारो, 12 नं0 कमरा सं0–03 | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 28 | 24–माण्डू | 151 | मध्य विद्यालय वेस्ट बोकारो | मध्य विद्यालय वेस्ट बोकारो, कमरा सं0–04 | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 29 | 24–माण्डू | 155 | डी0ए0वी0 उ0वि0 वेस्ट बोकारो, म0 भाग | डी0ए0वी0 उच्च विद्यालय, वेस्ट बोकारो, पश्चिमी भाग | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 30 | 24–माण्डू | 165 | सरस्वती विद्या मंदिर केदला 9 नं0, कमरा सं0–01 | पब्लिक उच्च विद्यालय, केदलानगर 9 नं0, कमरा सं0–01 | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 31 | 24–माण्डू | 170 | सरस्वती विद्या मंदिर, केदला 2 नं0 | ओरियन इण्टरनेशनल स्कूल केदला 2 नं0 | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 32 | 24–माण्डू | 180 | सरस्वती विद्या मंदिर, केदला 9 नं0, कमरा सं0–02 | पब्लिक उच्च विद्यालय केदलानगर 9 नं0, कमरा सं0–02 | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 33 | 24–माण्डू | 188 | आदर्श उ0वि0, लईयो | आदर्श उ0वि0 लईयो, कमरा सं0–04 | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 34 | 24–माण्डू | 219 | मध्य विद्यालय ओरला | मध्य विद्यालय ओरला, कमरा सं0–02 | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 35 | 24–माण्डू | 239 | बालिका विद्यालय कुजू, मुरपा | बालिका उच्च विद्यालय कुजू, मुरपा | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 36 | 24–माण्डू | 400 | उ0 उच्च वि0 बसरिया (पू0 भाग) | उ0 मध्य वि0 बसरिया (पू0 भाग) | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 37 | 24–माण्डू | 401 | उ0 उच्च वि0 बसरिया, (प0 भाग) | उ0 मध्य वि0 बसरिया, (प0 भाग) | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 38 | 24–माण्डू | 425 | म0 वि0 गोविन्दपुर कला (पू0 भाग) | उ0 उच्च वि0 गोविन्दपुर (पुराना भवन पू0 भाग) | उत्क्रमण के कारण नाम में परिवर्तन। |
| 39 | 24–माण्डू | 426 | म0 वि0 गोविन्दपुर कला (प0 भाग) | उ0 उच्च वि0 गोविन्दपुर (पुराना भवन प0 भाग) | उत्क्रमण के कारण नाम में परिवर्तन। |
| 40 | 24–माण्डू | 427 | उच्च वि0 गोविन्दपुर कला (पू0 भाग) | उ0 उच्च वि0 गोविन्दपुर (नया भवन पू0 भाग) | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 41 | 24–माण्डू | 428 | उच्च वि0 गोविन्दपुर कला (प0 भाग) | उ0 उच्च वि0 गोविन्दपुर (नया भवन प0 भाग) | उत्क्रमण के कारण नाम में परिवर्तन। |
| 42 | 24–माण्डू | 452 | उ0 उच्च वि0 चानो (पू0 भाग) | +2 उ0 उच्च वि0 चानो (पू0 भाग) | उत्क्रमण के कारण नाम में परिवर्तन। |
| 43 | 24–माण्डू | 453 | उ0 उच्च वि0 चानो (प0 भाग) | +2 उ0 उच्च वि0 चानो (प0 भाग) | उत्क्रमण के कारण नाम में परिवर्तन। |
| 44 | 24–माण्डू | 454 | उ0 उच्च वि0 चानो नया भवन | +2 उ0 उच्च वि0 चानो (नया भवन) | उत्क्रमण के कारण नाम में परिवर्तन। |
| 45 | 24–माण्डू | 463 | उच्च वि0 सारूकुदर (पू0 भाग) | +2 उच्च वि0 सारूकुदर (पू0 भाग) | उत्क्रमण के कारण नाम में परिवर्तन। |
| 46 | 24–माण्डू | 464 | उच्च वि0 सारूकुदर (प0 भाग) | +2 उच्च वि0 सारूकुदर (प0 भाग) | उत्क्रमण के कारण नाम में परिवर्तन। |
| 47 | 25–हजारीबाग | 121 | उत्क्रमित उच्च विद्यालय सलगावाँ (पूर्वी भाग) | उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय सलगावाँ (पूर्वी भाग) | उत्क्रमण के कारण नाम में परिवर्तन। |
| 48 | 25–हजारीबाग | 123 | उत्क्रमित उच्च विद्यालय सलगावाँ (मध्य भाग) | उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय सलगावाँ (मध्य भाग) | उत्क्रमण के कारण नाम में परिवर्तन। |
| 49 | 25–हजारीबाग | 124 | उत्क्रमित उच्च विद्यालय सलगावाँ (पश्चिमी भाग) | उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय सलगावाँ (पश्चिमी भाग) | उत्क्रमण के कारण नाम में परिवर्तन। |
| 50 | 25–हजारीबाग | 136 | रा0 मध्य विद्यालय उर्दू कन्या सुलताना, पूर्वी भाग | रा0 उर्दू कन्या उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुल्ताना (पूर्वी भाग) | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 51 | 25–हजारीबाग | 137 | रा0 मध्य विद्यालय उर्दू कन्या सुलताना, पश्चिम भाग | रा0 उर्दू कन्या उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुल्ताना (पश्चिमी भाग) | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 52 | 25–हजारीबाग | 151 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय महुडर, पुराना भवन | कटकमदाग आजीविका महिला संकुल संगठन | भवन का नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 53 | 25–हजारीबाग | 176 | प्राथमिक विद्यालय बनहा, उर्दू, पूर्वी भाग। | रा. उर्दू प्रा. विद्यालय बनहा (पूर्वी भाग) | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 54 | 25–हजारीबाग | 177 | प्राथमिक विद्यालय बनहा, उर्दू, पश्चिमी भाग। | रा. उर्दू प्रा. विद्यालय बनहा (पश्चिमी भाग) | नाम में परिवर्तन के कारण। |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 323070 (Election) 23-24 (D)



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## फोन पर प्रेमिका से झगड़ा करते घर से निकला युवक मिला पेड़ से लटका शव

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गम्हारिया थाना अंतर्गत दुग्धा में पेड़ से लटका एक शव पुलिस ने बरामद किया है। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी 22 वर्षीय आकाश तांती के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम अस्पताल भेज दिया है। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि आकाश अपनी पत्नी और बच्चों के साथ अलग रहता था। वह मजदूरी कर जीवन यापन करता था। कुछ दिनों से किसी और लड़की से वह फोन पर बात करता था। आकाश की पत्नी ने उसे ऐसा करने से मना किया पर वह नही माना। आज वह फोन पर उसी लड़की से झगड़ा करते हुए घर से निकला फिर वापस नही आया। पुलिस ने परिजनों को उसका शव पेड़ से लटका पाए जाने की सूचना दी।

## बिजली चोरी के आरोप में पटमदा थाना में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल मानगो 02 के सहायक अभियंता मोहम्मद शाहनवाज अंसारी ने बिजली चोरी रोकने के लिए पटमदा थाना क्षेत्र के बेलटांड़ बाजार में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान चोरी छिपे बिजली का उपयोग करते हुए पकड़े जाने पर सहायक अभियंता ने चार लोगों के खिलाफ पटमदा थाना में मामला दर्ज कराया है। आवेदन पत्र में सहायक अभियंता ने पुलिस को बताया है कि इन चारों आरोपी चोरी छिपे बिजली का उपयोग कर विभाग को कुल 41 हजार 400 रुपये का नुकसान पहुंचाया है। आरोपियों में बेलटांड़ निवासी बिभीषन महतो, पंचानन दास, ब्लॉक कॉलोनी निवासी राधेश्याम प्रसाद व जाल्ला कॉलेज मोड़ निवासी रविन्द्र नाथ महतो शामिल हैं। छापेमारी अभियान में लाइनमैन सुरेश रजक, सचिन दास व मोहम्मद महमूद भी शामिल थे।

## नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने हाथीखेदा मंदिर में की पूजा अर्चना



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश के नेताप्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सोमवार को परिवारों के साथ बोड़ाम प्रखंड के लावजोड़ा स्थित कोल्हान के प्रसिद्ध हाथीखेदा मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। भाजपा पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटु चरण दत्त ने बताया कि नेताप्रतिपक्ष चंदनकियारी से पश्चिम बंगाल के बड़ाबाजार होते हुए मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने परिवारों के साथ मंदिर में मत्था टेकने के पश्चात मंदिर में भ्रमण किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, अनुसूचित जाति मोर्चा उपाध्यक्ष विमल बैठा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुचीराम बाउरी, जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, इन्द्रनारायण महतो, सुभाष महतो, बंकिम महतो, सुनील महतो, भीम चंद्र महतो, दीपक महतो, सनातन दास समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए झामुमो नेता आस्तिक महतो



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो नेता सह समाजसेवी आस्तिक महतो ने सोमवार को बोड़ाम के चिरूडीह एवं जामबनी गांव स्थित हरि मंदिर में आयोजित अखंड हरिनाम संकीर्तन में शामिल होकर मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। इसके बाद भूला गांव में बीएसए द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान उनके साथ पूर्व पार्षद स्वपन कुमार महतो, मनोज महतो, विभूति सिंह, रजनीकांत सिंह आदि मौजूद थे। इसके अलावा पटमदा के बिड़रा एवं पटमदा बाजार में आयोजित 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन के अंतिम दिन मंदिर पहुंचकर हरिनाम का श्रवण किया।

## एक दिवसीय खरसावां दौरा में पहुंचे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सोमवार को खरसावां विस क्षेत्र के दौरा के क्रम में सरायकेला के जगन्नाथपुर, खरसावां के मोनुटोला, खेलारीसाही, कुम्हारसाही, तुरीसाही, कुचाई, जोरडीहा, बडाबांबो आदि गांवों का दौरा कर लोगों से मिले. इस दौरान



विभिन्न विषयों पर चर्चा की. इस दौरान खरसावां के बाघरायडीह में आयोजित 16 प्रहर हरिनाम संकीर्तन में भी शामिल हुए. मौके पर उदय सिंहदेव, विजय महतो,मंगल सोय, जिंगी हेंब्रम,संजय सरदार, मो मुजाहिद खान, मंगल सोय, नयन नायक, उपस्थित थे।

## पटमदा में आयोजित हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए विधायक मंगल कालिंदी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने सोमवार को पटमदा बाजार व बिड़रा गांव में सोलोआना कमेटी द्वारा आयोजित हरिनाम संकीर्तन में शामिल होकर मत्था टेका और क्षेत्र की खुशहाली के लिए कामना किए। दूसरी ओर बोड़ाम प्रखंड के मुकरुडीह मेला कमेटी की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी विधायक मंगल कालिंदी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में शाम को आद्रा, आसनसोल के टीम द्वारा बूगीबूगी डांस व रात्रि में रॉयल छौऊ एकेडमी कार्तिक कर्मकार एवं आदाबना तरुण संघ छौऊ डांस सोसायटी नेपाल महतो के टीम द्वारा छौऊ नृत्य का प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि छूटूलाल हांसदा, चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, काजल सिंह, हिमांशु महतो, महेश्वर हांसदा, खेदू गोप, विनय मंडल, शंभु हांसदा, प्रकाश दास, गौरीनाथ महतो, ललित हांसदा, भरत महतो आदि लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों के साथ बैठक की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पूर्ण पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों के साथ बैठक आयोजित किया गया। समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक मे उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव व अन्य मौजूद रहे। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता, उम्मीदवारों का चुनावी व्यय तथा चुनाव संबंधी शिकायतों के तुरंत निस्तारण के लिए बनाई गई ऑनलाइन व्यवस्था को लेकर तथा प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों को प्रचार सामग्री छापने से संबंधित निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन की जानकारी दी गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने प्रिंटर्स से कहा कि पोस्टर, पॉम्पलेट या अन्य प्रचार सामग्री अभ्यर्थी या राजनैतिक दलों से किसी अधिकृत व्यक्ति का मुद्रक का नाम, प्रकाशक का नाम, मात्रा की संख्या के संबंध में जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय से साझा करें। उन्होंने प्रिंटर्स को प्रिंटिंग किए गए प्रचार सामग्री का पूरी रिकार्ड सुनिश्चित करने की बात कही।

## आदर्श गांव आदारडीह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के आदर्श गांव आदारडीह में सोमवार को होली के स्वागत में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिप सदस्य सुभाषिनी देवी,उप प्रमुख दीपक कुमार साव, मुखिया नयन सिंह मुण्डा, ग्राम प्रधान शिवराम महतो आदि ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। बंगाल के झाड़ग्राम के झुमर शिल्पीयों द्वारा एक से बढ़कर एक झुमर गीत व नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को खूब झुमाया। मंच संचालन राम विलास महतो ने किया। मौके पर प्रमुख गुरूपद मार्डी, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव, भाजपा नेता विनोद राय, आजसू केन्द्रीय महासचिव हरेलाल महतो, समाजसेवी खगेन महतो,पंसस अरूण महतो, उमाकांत महतो आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## भाजपा सोनारी मंडल की बैठक में वोट प्रतिशत बढ़ाने पर चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आज सोनारी मंडल में मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार की अध्यक्षता में एवं विधानसभा के विस्तारक सोनु कुमार की उपस्थिति में भवन एवं बूथ प्रभारी के साथ बैठक की। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो के निर्णायक और भारी बहुमत से जीत दर्ज कराने का संकल्प लिया गया।प्रत्येक बूथ पर 10 प्रतिशत वोट वृद्धि पर चर्चा हुई ।बैठक भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मिडिया प्रभारी सोनु ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल लहरी, सतेन्द्र सिंह यादव, संजय रजक, दिपक घोष, नारायण प्रसाद,संजय मुंडा,रीता सिंह, सुबोध कर्मकार, सरिता लाल, शुशील हेसा,राजपाल सिंह एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

## एनएसई-एसएसई पर पहले पांच सूचीबद्ध संगठनों का हुआ स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**





**जमशेदपुर :** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के सोशल स्टॉक एक्सचेंज (एसएसई) ने एनएसई-सोशल स्टॉक एक्सचेंज (एसएसई) प्लेटफॉर्म पर स्वामी विवेकानंद यूथ मूवमेंट (एसवीवाईएम), ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया, मुक्ति, एकलव्य फाउंडेशनऔर एसजीबीएस उन्नति फाउंडेशनकी सूचीबद्धता के साथ पहली पांच लिस्टिंग की उपलब्धि का स्वागत किया। सामाजिक असर से प्रेरित वित्त की दिशा में इस महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत के स्वागत में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) मुख्यालय के मुंबई स्थित बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इन सूचीबद्धता के ज़रिये लगभग 8 करोड़ रुपये का फंड जुटाया गया, जिसका उपयोग शिक्षा, कौशल विकास, कृषि, आजीविका, महिला सशक्तिकरण आदि क्षेत्रों में कई विकास परियोजनाओं के लिए किया जाएगा। कार्यक्रम में सेबी की अध्यक्ष माधवी पुरी बुच, सेबी की सोशल स्टॉक एक्सचेंज सलाहकार समिति के अध्यक्ष डॉ. आर बालासुब्रमण्यम, अश्वनी भाटिया, पूर्णकालिक सदस्य (डब्ल्यूटीएम), सेबी और आदित्य बिड़ला सनलाइफ एएमसी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी ए बालासुब्रमण्यम अन्य हितधारकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## बर्मामाइंस चोरी मामले पुलिस ने तीन को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** बर्मामाइंस के पुआल टाल इलाके में 19 फरवरी को हुई चोरी की घटना का बर्मामाइंस थाना पुलिस ने आज खुलासा कर दिया है. इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को जेल भेजा है. इनमें से दो आरोपी वह हैं, जिन्होंने चोरी का सोना खरीदा था. चोरी की घटना को अंजाम देने में तीन आरोपी शामिल थे. इनमें से दो युवक और एक किशोर है. पुलिस ने इस मामले में बर्मामाइंस थाना क्षेत्र के जयप्रकाश आश्रम के रहने वाले राज मांझी और एक किशोर को पकड़ा है. राज मांझी को जेल भेजा गया है. राज मांझी ने पुलिस को बताया कि चोरी की इस घटना में उन्होंने 89.6 ग्राम सोना चुराया था. यह सोना उन्होंने ओडिशा के मयूरभंज के एकडाली गांव के रहने वाले कृष्णा परीदा और जमशेदपुर के पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के कोकमारा गांव निवासी आशीष पैड़ा के पास बेचा था. पुलिस ने उन दोनों को छापामारी कर गिरफ्तार किया. इनके पास से 300 ग्राम सोना बरामद किया है. इसके अलावा पुलिस ने एक मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त अन्य सामान भी बरामद किया है. साकची स्थित एसएसपी ऑफिस में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर सिटी एसपी मुकेश लुणायत ने बताया कि चोरी की घटना में तीन लोग शामिल थे. इनमें से एक किशोर और दो बदमाश थे. एक बदमाश अभी फरार है. उसकी तलाश की जा रही है. किशोर को बाल सुधार गृह भेजा गया है.

## चित्रगुप्त समाज का होली मिलन समारोह आयोजित





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** चित्रगुप्त महासमिति की ओर से बड़ा गम्हरिया स्थित चित्रगुप्त भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में गम्हरिया, कांड्रा समेत आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में चित्रांश शामिल हुए। इस मौके पर समाज के लोगों द्वारा एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान समाज की महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। महिलाओं ने भी एक दूसरे को अबीर लगाकर बधाई दी। इस मौके पर कलाकारों द्वारा प्रस्तुत होली के गीतों का लोगों ने देर रात तक आनंद लिया। इस दौरान चित्रगुप्त समाज के लोगों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भी काफी लुत्फ उठाया। इससे पूर्व दोपहर में महेंद्र प्रसाद कर्ण और उनकी टीम की ओर से शिव चर्चा का आयोजन भी किया गया। इसके आयोजन में समिति की महिला जिलाध्यक्ष रागिनी सहाय, उपाध्यक्ष मधु वर्मा, महासचिव साधना श्रीवास्तव, संगठन सचिव अनिता देवी, ज्योति माला, ललिता देवी, रिंकू कुमारी सिन्हा, तनु वर्मा, स्वेता सिन्हा, मुन्नी देवी, विद्या सिन्हा, सोनी श्रीवास्तव, सीमा देवी समेत सभी सदस्यों की प्रमुख भूमिका रही। इस मौके पर समिति के पूर्व अध्यक्ष रत्नेश्वर सहाय, उपाध्यक्ष केएम श्रीवास्तव, महासचिव संजय कुमार वर्मा, मदन प्रसाद कर्ण, मुकेश श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, भूदेव वर्मा, प्रभाष श्रीवास्तव समेत चित्रांश समाज के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## खरसावां में विजया दशमी पर ब्रम्ह कुमारों का होगा सामुहिक उपनयन संस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां में मां बसंती पूजा की तैयारी को लेकर पूजा समिति की बैठक हरिश्चंद्र आचार्य की अध्यक्षता में हुई. बैठक में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मां बसंती दुर्गा पूजा पूरी विधि विधान के साथ आयोजित करने का निर्णय लिया गया. बैठक में बसंती पूजा के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई. बैठक में तय हुआ कि चैत्र नव रात्रि के पश्चात विजया दशमी पर ब्रह्म कुमारों का सामूहिक व्रत उपनयन संस्कार किया जाएगा. उपनयन कराने की इच्छुक ब्राह्मण समुदाय के युवकों मंदिर समिति के सदस्य सुखदेव पति के पास से आवेदन कर सकते हैं. बैठक में मुख्य रुप से कामाख्या प्रसाद षाडंगी, नरसिंह चरण पति, पंकज मिश्रा, सुखदेव पति, बिरोजा पति, कैची नंदा, असीत कुमार मिश्रा, सुबोध पाणी, सुजीत हाजरा, राजेश मिश्रा, प्रीति रंजन नंदा, मानु नंदा, सरोज मिश्रा, हाबु षाडंगी,यह जानकारी सुशील सारंगी ने दी है।

## उपायुक्त ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पंजीकृत राजनैतिक दल सदस्यों के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**





**सरायकेला :** लोकसभा आमचुनाव 2024 के चुनाव तारीख की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। इसी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला द्वारा समाहरणालय सभागार में सभी पंजीकृत राजनैतिक दल के सदस्यों के साथ बैठक की गई। विगत 16 मार्च को निर्वाचन की घोषणा उपरांत जिले में आदर्श आचार संहिता लागु होने, जिले के लोकसभा क्षेत्र मे होने वाले मतदान, मतगणना की तिथि समेत जिले मे निर्वाचन के दायित्वो के निर्वाहन हेतू की गई तैयारियों के सम्बन्ध मे उन्होंने विस्तृत जानकारी दी। सभी राजनितिक पार्टी दल के सदस्यों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए जिले मे शांतिपूर्ण, कदाचार मुक्त वातावरण मे निर्वाचन सम्पन्न कराने मे जिला प्रशासन को सहयोग करने की उन्होंने अपील की। उन्होंने कहा जिले के दोनों अनुमंडल सरायकेला एवं चांडिल क्षेत्र मे धारा 144 लागु कर दिया गया है। सिंहभूम (अ. ज.जा.) तथा खूंटी (अ. ज.जा.) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र मे 13 मई को तथा रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र मे 25 मई 2024 को मतदान किया जाना है। शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल एवं दण्डाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। बैठक में अपर उपायुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला एवं चांडिल, सभी निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन निबंधक पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित संबंधित अन्य पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

## करीम सिटी कॉलेज में एएलआईजी का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज में ए लिटरेसी इनिशिएटिव ग्रुप (एएलआईजी) द्वारा आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन टाटा पावर कम्युनिटी डेवलपमेंट ट्रस्ट (टीपीसीडीटी) के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एएलआईजी ट्रेनर मनीष कुमार, टाटा पावर की सीएसआर विभाग की निधि वर्तक, एएलआईजी के कार्यकारी निदेशक अरशद हसन, झारखंड राज्य प्रमुख आफताब आलम और एएलआईजी कार्यक्रम समन्वयक नेहा भूषण उपस्थित रहीं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 68 छात्रों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में साक्षात्कार कौशल, मात्रात्मक योग्यता और संचार कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर प्लेसमेंट मायने रखता है। विभागाध्यक्ष डॉ एम. एम. नजरी ने छात्रों के साथ एएलआईजी और टीपीसीडीटी के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में डॉ जी. विजयलक्ष्मी ने कॉलेज के बच्चों को आने वाले प्लेसमेंट ड्राइव के बारे में अवगत कराया। डॉ आफताब आलम ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# आदिवासी बालाओं के जुड़े मे सजने वाला पलास फूल की गरीमा है खास

## होली को लेकर पलास फूल से बना रहे रंग

**अरूण कुमार माझी @ प्रभात मंत्र**



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के पहाड़ों, नदी तट व जंगलों में बरबस ही झारखंड का राजकीय फूल पलास की मन मोहक छटा देखने को मिल रहा है। बसंत के चढ़ते ही पलास के पेड़ों पर चटख नारंगी रंग के फूल झुमने लगे हैं। आदिवासी बालाओं के जुड़े मे सजने वाला पलास के फूल का गरीमा खास है। आदिवासी सभ्यता और संस्कृति से भी गहरा लगाव है। होली के दस्तक के साथ ही होली आगमन का तैयारी गांवों में जोर शोर से शुरू हो गया है। गांव के बालाओं ने पलास जंगलों में जाकर पलास का फूल को तोड़कर अपने घर आंगन में लाकर फूलों को सुखाकर सुरक्षित रख रहे हैं। सुखे पलास के फूल से आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में और खाश कर आदिवासी समाज में होली के लिए रंग तैयार किया जाता है। कहा जाता है कि पलास का फूल त्वचा के लिए भी वरदान से कम नहीं है। प्राकृतिक के उपासक प्राचीन काल से ही पलास के फूलों को सुखाकर, पीसकर या उबालकर विभिन्न पद्धति से प्राकृतिक रंग तैयार करते हैं। आदिवासियों के साथ ही गांवों में हर समाज के लोग भी पलास फूल से प्राकृतिक रंग तैयार कर होली खेलने लगे हैं। हालांकि कैमिकल युक्त रंगों ने अब गांव कस्बों में भी अपना पांव पसार चुका है। फिर भी कैमिकल युक्त रंग के दुष्प्रभाव से बचने के लिए पलास फूल का रंग और अबीर ,गुलाल भी तैयार होने लगा है। वहीं यमुना बताती है कि हम बच्चियां जंगल से पलास फूल तोड़कर लाए हैं और इसे सुखा रही हूं। इससे रंग तैयार किया जाएगा एवं होली इस रंग से खेला जाएगा। वहीं करम गोप ने बताया कि हमारे इस क्षेत्र में प्राचीन काल से ही पलास फूल से प्राकृतिक रंग तैयार करने और उस रंग से होली खेलने का परम्परा है। उन्होंने कहा कि शादी विवाह में भी पलास फूल से बने माला दुल्हा दुल्हन को पहनाया जाता है।

संपादकीय

## 2024 का 'नागरिक शास्त्र'

**नागरिकता** संशोधन बिल को 2016 में संसद में पेश किया गया। दिसंबर, 2019 में लोकसभा और राज्यसभा में पारित किया गया। जाहिर है कि कानून बनाने की पटकथा को अंतिम रूप दे दिया गया, लेकिन 4 साल 3 माह की लंबी अवधि के बाद कानून की अधिसूचना तब जारी की गई, जब आम चुनाव की घोषणा कुछ दिन बाद होने ही वाली थी। इस संदर्भ में अधिसूचना के समय पर कठोर सवाल किए जाने स्वाभाविक हैं। अधिनियम के नियम, उसकी पात्रता और शर्तें आदि तय करने में इतना लंबा वक्त गुजार दिया गया, यह वाकई आश्चर्यजनक स्थिति है। अब एक तरफ नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना जारी की गई है, तो दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन ने इस कानून को अपने राज्य में लागू करने से इंकार कर दिया है। उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भी यह बयान दिया है कि पहले सभी संशयों और असमंजस को दूर कर लेना चाहिए था। वैसे किसी भी मुख्यमंत्री को यह क्षेत्राधिकार नहीं है कि संसद द्वारा पारित और भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किसी कानून को लागू करने से स्पष्ट इंकार कर सके। यह परोक्ष रूप से संघीय टकराव की स्थिति है, जिस पर सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ को फैसला देना पड़ सकता है। सीएए को ध्रुवीकरण अथवा मुस्लिम-विरोध का नागरिक शास्त्र कहा जा सकता है, जो एक निश्चित हद तक 2024 के आम चुनाव को प्रभावित करेगा। वैसे इसमें भी अद्र्धसत्य ही है। बेशक पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश के पीड़ित, अत्याचारों को झेलते उन देशों के घोर अल्पसंख्यकों-हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई, पारसी-को ही भारत की नागरिकता मुहैया कराने की व्यवस्था सीएए में की गई है, लिहाजा भाजपा अपने जनाधार में ध्रुवीकरण करा चुनावी फायदा उठा सकती है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा इसका सफल प्रयोग बंगाल में कर चुकी है। विरोधियों की आशंका, उनके असमंजस और डर बयां किए जा रहे हैं कि सीएए का लिंक एनआरसी से है। सीएए के जरिए मुसलमानों के एक तबके की नागरिकता छीनी जा सकती है। ऐसी दलीलें महज अफवाहें हैं और देश में विभाजनकारी हालात पैदा करने को विरोध किया जा रहा है। असम, मेघालय, त्रिपुरा में कुछ संगठन आंदोलित हो चुके हैं। याद रहे कि राजधानी दिल्ली के 'शाहीन बाग' इलाके में इसी मुद्दे पर मुसलमानों ने 100 दिन का आंदोलन चलाया था और बाद में पूर्वोत्तर दिल्ली में दंगे भी भडक़े थे, लिहाजा सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जा रहे हैं। सुरक्षा बलों ने 'फ्लैग मार्च' तक निकाला है। फिलहाल करीब 18 लाख 74000 आवेदन इन तीनों पड़ोसी देशों से आ चुके हैं। सबसे ज्यादा शरणार्थी 16.39 लाख पाकिस्तान से आए हैं या आना चाहते हैं। पाकिस्तान में हिंदू आदि अल्पसंख्यक 1.18 फीसदी, बांग्लादेश में 8.5 फीसदी और अफगानिस्तान में मात्र 0.04 फीसदी हैं। उनके लिए भारत 'मानवतावादी धार्मिक संरक्षक देश' है। ये तीनों इस्लामी देश हैं, लिहाजा कानून में मुसलमानों की नागरिकता का कोई भी प्रावधान नहीं है। गौरतलब यह भी है कि नागरिकता का ऐसा कानून 1955 से हमारे देश में लागू है, जब जवाहर लाल नेहरू प्रधानमंत्री थे। उसमें 6 संशोधन भी किए जा चुके हैं। मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 बना कर इसे व्यापकता दी है। पात्र शरणार्थी एक निश्चित वेबपोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिकार प्राप्त समिति इस पर अंतिम फैसला लेगी। इसके प्रमुख निदेशक (जनगणना) होंगे और 7 अन्य सदस्य भी समिति में होंगे। कानून के नियमों में स्पष्ट उल्लेख है कि सीएए में नागरिकता छीनने का प्रावधान नहीं है। वैसे भी संविधान में उल्लेख है कि भारत के किसी भी नागरिक की नागरिकता छीनी नहीं जा सकती। आज जो सीएए विरोधी राजनीतिक प्रदर्शन किए जा रहे हैं, वे हिंदू-मुसलमान की सियासत ही है, ताकि इस मुद्दे पर ज्यादा से ज्यादा मुस्लिम वोट बटोरे जा सकें। हिंदू आदि का अधिकतम धुरवीकरण भाजपा के पक्ष में होना चाहिए। इस कानून का विरोध जायज नहीं लगता।

> दिसंबर, 2019 में लोकसभा और राज्यसभा में पारित किया गया। जाहिर है कि कानून बनाने की पटकथा को अंतिम रूप दे दिया गया, लेकिन 4 साल 3 माह की लंबी अवधि के बाद कानून की अधिसूचना तब जारी की गई, जब आम चुनाव की घोषणा कुछ दिन बाद होने ही वाली थी। इस संदर्भ में अधिसूचना के समय पर कठोर सवाल किए जाने स्वाभाविक हैं। अधिनियम के नियम, उसकी पात्रता और शर्तें आदि तय करने में इतना लंबा वक्त गुजार दिया गया, यह वाकई आश्चर्यजनक स्थिति है। अब एक तरफ नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना जारी की गई है, तो दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन ने इस कानून को अपने राज्य में लागू करने से इंकार कर दिया है। उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भी यह बयान दिया है कि पहले सभी संशयों और असमंजस को दूर कर लेना चाहिए था।

### यह कानून किसी की नागरिकता का हनन नहीं कर रहा बल्कि वंचितों को कानूनन अधिकार दे रहा है

## सीएए का विरोध करने वाले लोग मानवता के विरोधी प्रतीत हो रहे हैं

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

> केंद्र सरकार ने देशभर में एनआरसी लागू करने की बात कही थी। एनआरसी के तहत भारत के नागरिकों का वैध दस्तावेज के आधार पर रजिस्ट्रेशन होना था। सीएए के साथ एनआरसी को मुसलमानों की नागरिकता खत्म करने के रूप में देखा गया था। इस कानून को लागू किए जाने को लेकर एक तरफ खुशी का माहौल है तो दूसरी ओर विरोध के स्वर भी सुनाई दे रहे हैं। खुशी उन लोगों को है जो बरसों से भारत की नागरिकता पाने का इंतजार कर रहे थे।

**बीते** दिनों नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए देश में लागू हो गया है। इस कानून की प्रतीक्षा लंबे समय से थी। 2019 में मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम संसद से पास किया था। जनवरी 2020 में राष्ट्रपति की मुहर लगने के साथ यह कानून अस्तित्व में आ गया था। सीएए को लेकर देश भर में विरोध-प्रदर्शन हुआ था। केंद्र सरकार ने देशभर में एनआरसी लागू करने की बात कही थी। एनआरसी के तहत भारत के नागरिकों का वैध दस्तावेज के आधार पर रजिस्ट्रेशन होना था। सीएए के साथ एनआरसी को मुसलमानों की नागरिकता खत्म करने के रूप में देखा गया था। इस कानून को लागू किए जाने को लेकर एक तरफ खुशी का माहौल है तो दूसरी ओर विरोध के स्वर भी सुनाई दे रहे हैं। खुशी उन लोगों को है जो बरसों से भारत की नागरिकता पाने का इंतजार कर रहे थे। इस कानून के लागू होने के बाद उनकी दशकों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। विरोध करने वाली जमात में मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल और स्वयंसेवी संगठन हैं। राजनीतिक दल व संगठन इसे पूर्व की भांति तरह अल्पसंख्यक विरोधी बता रहे हैं, वहीं इसे राजनीतिक दांव भी बता रहे हैं। सीएए लागू होने के बाद विपक्षी दल इस कानून को लेकर देशवासियों को खासकर मुस्लिम समुदाय को भ्रमित कर रहे हैं। असल में, आजादी के बाद से ही अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों की समूची मानसिकता राजनीतिक दलों और उनके संरक्षक बनने का दावा करने वाले स्वयंसेवी संगठनों के ही समझ के अनुसार चलती रही है। सीएए के खिलाफ उठे देशव्यापी विवाद को भी इसी श्रेणी में रखा जा सकता है। विपक्ष अपने बयानों के माध्यम से मुस्लिम समुदाय को यह संदेश दे रहा है कि इस कानून से उनकी नागरिकता संकट में पड़ जाएगी। सरकार और जिम्मेदार पदों पर आसीन लोग इस कानून से जुड़ी तमाम आशंकाओं को दूर कर रहे हैं। लेकिन, विपक्ष मुस्लिम समुदाय को गलत जानकारी देकर उपद्रव और हिंसक प्रदर्शनों के लिए परोक्ष रूप से उकसाता दिखाई दे रहा है। 2020 में विपक्ष ने परोक्ष रूप से कानून के विरोध में हुए हिंसक प्रदर्शनों और उपद्रव में सहायता की थी। ये खुला तथ्य है। नागरिकता संशोधन नियम लागू होने के बाद अब पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन,



पारसी और ईसाई जो 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में आए थे, उन्हें भारतीय नागरिकता बिना वैध पासपोर्ट और भारत के वीजा के बिना मिल सकती है। दरअसल, ये लोग उन देशों में अल्पसंख्यक हैं। जाने किस त्रास या संकट में उन्हें उन देशों को छोड़ कर आना पड़ा। यहां के नागरिक न होते हुए भी दिक्कतों, मुसीबतों को गले लगाकर यहां जीवन बिताना पड़ रहा है। इसलिए इन सबको नागरिकता देकर यहां यानी भारत में सम्मान दिए जाने के इरादे से यह कानून लाया गया है। ऐसे में अब प्रश्न उठता है कि यह कानून भलाई के रूप में सामने लाया जा रहा है तो विपक्ष इसका विरोध क्यों कर रहा है? विपक्ष का कहना है कि इस कानून में खासतौर पर मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाया गया है। उनका तर्क है कि यह संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है जो समानता के अधिकार की बात करता है। इस कानून में इन तीन देशों से आए मुसलमानों को नागरिकता देने से बाहर रखा गया है। कई आलोचकों का मानना है कि इस कानून से मुसलमानों से भेदभाव हो रहा है और ये भारत में समानता की संवैधानिक गारंटी का उल्लंघन करता है। जहां तक विपक्ष के विरोध का सवाल है उसका कहना है कि इस कानून में मुस्लिमों को वंचित क्यों रखा गया? यह समानता के कानून का उपहास उड़ाने की तरह है। सरकार का कहना है कि जिन देशों के शरणार्थियों को नागरिकता देने का प्रावधान किया जा रहा है, वहां मुस्लिम अल्पसंख्यक नहीं, बल्कि बहुसंख्यक हैं। इसलिए उन्हें इस देश में यानी भारत में नागरिकता देने का कोई मतलब नहीं है। वो उनके देश हैं, वे वहां खुशी से रहें। भारत सरकार वंचितों की मदद करना चाहती है, इसलिए इन तीनों देशों के वे गैर मुस्लिम नागरिक जो वर्षों पहले यहां आ गए थे उन्हें सम्मान दिया जा रहा है। इसमें गलत क्या है? लेकिन अब विपक्ष के इस विरोध की सच्चाई और इसके पीछे छिपी कुत्सित इरादे देशवासियों को समझ आने लगे हैं। यह कानून किसी की नागरिकता का हनन नहीं कर रहा बल्कि वंचितों को कानूनन अधिकार दे रहा है। यह अधिनियम किसी को बुलाकर भी नागरिकता नहीं दे रहा बल्कि जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 तक भारत में प्रवेश कर लिया वे ही भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। भारत के मुस्लिमों या किसी भी धर्म और समुदाय के लोगों की नागरिकता को इस कानून से कोई खतरा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह समेत तमाम बड़े मंत्री और जिम्मेदार लोग इस बात को कई बार कह चुके हैं कि सीएए नागरिकता देने का कानून है, किसी की नागरिकता छीनने का नहीं। असल में, मोदी सरकार के दस सालों के कार्यकाल में देष में बड़े परिवर्तन और काम हुए हैं। देश की जनता का भरोसा मोदी की गारंटी पर है। दस साल के कार्यकाल के बाद भी पीएम मोदी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। मोदी सरकार की लोकप्रियता और देशवासियों के उसके प्रति विश्वास से विपक्ष में बेचैनी का माहौल है। ऐसे में कुंठित और मुद्दा विहीन विपक्ष जात पात की राजनीति और मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा किसी मुद्दे की तलाश में रहता है। चार साल पहले सीएए कानून बनने के बाद पर्दे के पीछे रहकर विपक्ष दलों ने मुस्लिम समुदाय को भ्रमित कर भड़काया था। नतीजतन देष में अशांति और भय का माहौल बना। हिंसक प्रदर्शनों में जान माल का नुकसान हुआ। आज भी विपक्ष चार साल पहले वाला माहौल बनाना चाहता है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बार-बार कह रही हैं कि वे पश्चिम बंगाल में सीएए को लागू नहीं होने देंगी। हालांकि संसद के पारित कानून को लागू न करने देना अवैधानिक ही माना जाएगा। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल सीएए के मुद्दे पर लगातार विभाजनकारी बयानबाजी कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के अलावा कांग्रेस, सपा, राजद, वाम दल तथा मुस्लिम तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करने वाले राजनीतिक दलों के पेट में मरोड़ उठ रहा है। देश में शरणार्थियों की संख्या की बात करें एक रिपोर्ट के अनुसार 199,931 हैं।

दृष्टि कोण

## हाथी क्यों नहीं रहा अब हमारा साथी, कुछ घटनाओं से कीजिए समझने की कोशिश

**बीते** एक महीने के दौरान झारखंड और उससे सटे छत्तीसगढ़, बिहार और मध्य प्रदेश में कई ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जब गुस्सैल हाथियों के झुंड ने गांव या खेत पर हमला कर नुकसान पहुंचाया और कम से कम दस लोगों की जान ले ली। जब जंगल में हाथी का पेट नहीं भर पाता, तो वह बस्ती का रुख करता है। हमें समझना होगा कि वन के पर्यावरणीय तंत्र में हाथी एक अहम कड़ी है और उसकी बेचैनी का असर समूचे परिवेश पर पड़ता है। बीते कुछ वर्षों में हाथी से कुचल कर मरने वाले इंसानों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसकी प्रमुख वजह है, हाथियों और इंसानों के बीच बढ़ता टकराव। वर्ष 2018 -19 में 457, वर्ष 19-20 में 586, वर्ष 20-21 में 464, वर्ष 21-22 में 545 और वर्ष 22-23 में 605 लोग मारे गए। केरल के वायनाड जिले का 36 फीसदी इलाका जंगल है, जहां पिछले साल हाथियों और इंसानों के टकराव की 4,193 घटनाएं हुईं और इनमें 27 लोग मारे गए। देश में ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, असम, केरल, कर्नाटक सहित 16 राज्यों में हाथियों के साथ इंसानों का टकराव बढ़ा है, जिनमें बड़ी संख्या में हाथी भी मारे जाते हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान लगभग 300 हाथी मारे गए हैं। डब्लूडब्लूएफ-इंडिया की रिपोर्ट 'द क्रिटिकल नीड ऑफ एलीफेंट' बताती है कि दुनिया में इस समय कोई 50 हजार हाथी बचे हैं, जिनमें से 60 फीसदी का आसरा भारत है। देश के 14 राज्यों में 32 स्थान हाथियों के लिए संरक्षित हैं। दुनिया भर में हाथियों को संरक्षित करने के लिए गठित आठ देशों के समूह में भारत भी शामिल है। हमारे देश में इसे 'राष्ट्रीय धरोहर पशु' घोषित किया गया है। इसके बावजूद देश में बीते दो दशकों में हाथियों की संख्या स्थिर हो गई है। वर्ष 2018 में पेरियार टाइगर कंजर्वेशन फाउंडेशन ने केरल में हाथियों के हिंसक होने पर एक अध्ययन किया था, जिससे पता चला कि जंगल में पारंपरिक पेड़ों को काटकर उनकी जगह नीलगिरी और बाबुल बोने से हाथियों का भोजन समाप्त हुआ और यही उनके गुस्से का कारण बना। पेड़ों की ये किस्में जमीन का पानी भी सोखती हैं, सो हाथी के लिए पानी की भी कमी हुई। वन पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता को सहेज कर रखने में हाथियों की महत्वपूर्ण भूमिका हैं। पयार्वरण-मित्र पर्यटन और प्राकृतिक आपदाओं के बारे में पूर्वानुमान के लिहाज से भी हाथी बेजोड़ हैं। अधिकांश संरक्षित क्षेत्रों में हाथियों के आवास के पास



बस्तियां हैं, जहां के लोग वन संसाधनों पर निर्भर हैं। इसी वजह से हाथियों और इंसानों के बीच संघर्ष की स्थिति बनी है। जंगल में जहां इस विशालकाय जंतु का निवास होता है, वहां आम तौर पर शिकारी और जंगल की कटाई करने वाले घुसने का साहस नहीं करते। इसलिए वहां हरियाली सुरक्षित रहती है और बाघ, तेंदुए, भालू जैसे जानवर भी निरापद रहते हैं। कई सदियों से हाथी अपनी जरूरत के अनुरूप अपना स्थान बदला करते थे। गजराज के आवागमन के इन रास्तों को 'गज-गलियारा' कहा गया। जब कभी पानी या भोजन का संकट होता है, गजराज ऐसे रास्तों से दूसरे जंगलों की ओर जाते हैं, जिनमें मानव बस्ती न हो। देश में हाथी के सुरक्षित कोरिडोर की संख्या 88 है। इसमें 22 पूर्वोत्तर राज्यों, 20 मध्य भारत और 20 दक्षिणी भारत में हैं। दरअसल, गजराज की सबसे बड़ी खूबी है उनकी याददाश्त। आवागमन के लिए वे पीढ़ी-दर-पीढ़ी परंपरागत रास्तों का ही इस्तेमाल करते आए हैं। बढ़ती आबादी के भोजन और आवास की कमी को पूरा करने के लिए जंगलों को काटा जा रहा है। हाथियों को जब भूख लगती है और जंगल में कुछ मिलता नहीं या फिर जल-स्रोत सूखे मिलते हैं, तो वे खेत या बस्ती की ओर आ जाते हैं। मानव आबादी के विस्तार, हाथियों के प्राकृतिक वास में कमी, जंगलों की कटाई और बेशकीमती हाथी दांतों का लालच, आदि कुछ ऐसे कारण हैं, जिनके चलते हाथियों को निर्ममता से मारा जा रहा है। विडंबना देखिए कि जिस देश में हाथी के सिर वाले गणेश को प्रत्येक शुभ कार्य से पहले पूजने की परंपरा है, वहां की बड़ी आबादी हाथियों से छुटकारा चाहती है। यह समझना जरूरी है कि धरती पर इंसानों का अस्तित्व तभी तक है, जब तक जंगल हैं और जंगल में जितने जरूरी बाघ हैं।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## गुरु नानक पब्लिक स्कूल में कक्षा 9 वीं और 10 वीं के छात्रों के लिए कैरियर काउंसलिंग का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में कक्षा 9 वीं और 10 वीं के छात्रों के लिए कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें नौ वीं कक्षा के बच्चे और दसवीं कक्षा के बच्चें अपने अभिभावक के साथ उपस्थित रहें।परामर्शदाता विकाश कुमार कार्यक्रम का मुख्य अतिथि रहे।करियर काउंसलर विकास कुमार ने कहां कहा कि विद्यार्थी अच्छे अंक लाकर नौवीं और दसवीं की परीक्षा पास कर लेते हैं। इसके बाद आगे की पढ़ाई के दौरान उन्हें कौन सा विषय चुनना है, भविष्य में क्या करना चाहते हैं, इसका सही तरह से चयन नहीं कर पाते। वह कई बार गलत विषय का चयन कर उसमें दाखिला ले लेते हैं, जबकि उनकी



रुचि उसमें नहीं होती। छात्रों के समक्ष सबसे बड़ी समस्या होती है ऐसे कोर्स का चयन जिससे कि आगे चलकर उनका भविष्य उज्वल हो सके। सही मार्गदर्शन व जानकारी के अभाव के चलते उनके द्वारा लिया गया एक गलत फैसला उनके पूरे भविष्य में अंधकार में धकेल देता है। छात्र ऐसी भूल न करें और बेहतर कैरियर के लिए सही रास्ते का चयन करें इसे ध्यान में रखते हुए विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने काउंसलिंग की व्यवस्था की और बच्चों को सही दिशा की ओर ले जाने का प्रयास किया जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके और वह सही राह को चुनें, बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त कर अपना भविष्य उज्वल बना सकें। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा,उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित थें।

## लोकल सेल ट्रक से टकराकर बाइक सवार हुआ घायल, मची अफरा- तफरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** नईसराय- गिद्दी मुख्य सड़क पर स्थित भूली क्वार्टर चढ़ाई के समीप सोमवार संध्या करीब पांच बजे लोकल सेल के एक एलपी ट्रक और ग्लैमर बाइक की टक्कर में बाइक सवार टोंगी निवासी बैजनाथ बेदिया घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक लोकल सेल पहुंचे, एलपी ट्रक भूली क्वार्टर के समीफ एलपी ट्रक को घूमाने के दौरान गिद्दी की ओर से आ रहे बाइक सवार इसकी चपेट में आ गया, जिससे यह घटना घटी। लोगों ने बताया कि लोकल सेल सिरका में लोडिंग के लिए बहुत गाड़ियां आ रही हैं, जो सड़क मुख्य सिरका सीएचपी से भुईया-करमाली टोला तक सड़क पर एक से डेढ़ किलोमीटर दूरी तक लगा रहता है, बाहर से वाहन आने के बाद गाड़ी घूमर कतार में लगाई जाती है। घटना के बाद लोगों के द्वारा बाइक सवार को उठाकर उपचार के लिए ले जाने की तैयारी समाचार लिखे जाने तक की जा रही थी।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला महासचिव राजीव रंजन की माता का निधन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला महासचिव राजीव रंजन प्रसाद की माता इंदिरा प्रसाद 84 वर्ष का रविवार को शाम 5:00 बजे रांची स्थित रिम्स में इलाज के क्रम में देहांत हो गया। स्वर्गीय इंदिरा प्रसाद का अंतिम संस्कार सोमवार को रांची में किया गया। उन्हें मुखाग्नि उनके पुत्र अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला महासचिव राजीव रंजन प्रसाद ने दी। उनके अंतिम संस्कार में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।वहीं, राजीव रंजन प्रसाद की माता इंदिरा प्रसाद के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने कहा कि उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। जिसकी भरपाई संभव नही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा दुख की इस घड़ी में स्वर्गीय इंदिरा प्रसाद के परिजनों के साथ है। कहा कि हम ईश्वर से कामना करते हैं कि वे स्वर्गीय इंदिरा प्रसाद को अपने श्री चरणों में स्थान दें । स्वर्गीय इंदिरा प्रसाद के निधन पर बिनोद श्रीवास्तव, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, सूर्यवंश श्रीवास्तव, राजेश सिन्हा, आनंद सिन्हा,पंकज कृष्ण जमुआर, मनोज सिन्हा, विश्वरंजन सिन्हा, डॉ उदय श्रीवास्तव, डॉ स्वराज, डॉ के चंद्रा, डॉ संजीव कृष्ण जमुआर, संजय लाला, डॉ रोहित वर्मा, अनिल अस्थाना, अतुल्य कुमार वर्मा, नितेश रंजन, मधुसूदन प्रसाद सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## अवैध कोयला लदे 6 हाईवा जप्त, प्राथमिकी दर्ज, राज्यसात की कार्रवाई हेतु जिला खनन पदाधिकारी ने की अनुशंसा

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में 17 मार्च 2024 को रात्रि गस्ती के दौरान रांची रोड से नई सराय रामगढ़ के बीच चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान 6 हाईवा, JH 24 R 2412(35 एमटी कोयला) वाहन संख्या JH 01 DP 6866 (लगभग 25 एमटी कोयला), वाहन संख्या JH02 4910 (लगभग 20 एमटी कोयला), JH 24 J 2280 (लगभग 20 एमटी कोयला) JH 24 ॥ 211 2 ( लगभग 20 एमटी कोयला) एवं वाहन संख्या JH 24 J 6029 (लगभग 20 एमटी कोयला) को जप्त कर वाहन एवं खनिज को रामगढ़ थाना में रखा गया। जिसके उपरांत संबंधित वाहनों के वाहन मालिक, चालक व अन्य संलिपतों आदि के विरुद्ध रामगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई वहीं जप्त किए गए सभी 6 हाईवा एवं खनिज के विरुद्ध नियमानुसार राज्यसात की कार्रवाई हेतु जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त के न्यायालय में अनुशंसा कर दी गई है।।



## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की टीम ने कुजू ओपी प्रभारी से शिष्टाचार मुलाकात की

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के इकाई पदाधिकारियों ने रविवार के दिन अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एसोसिएशन के जिला संगठन अध्यक्ष मुबारक हुसैन, शौकत अली, जिला मीडिया प्रभारी सुमित कुमार,मुकेश शर्मा, सुरेश कुमार ने। कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे को बुके देकर शिष्टाचार मुलाकात की वहीं ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे ने कहा की समाज के लिए मिलकर बेहतर कार्य करने की जरूरत है मै समाज हित के लिए सदैव तत्परता से तैयार हूं इसके बाद जिला अध्यक्ष मुबारक हुसैन ने कहा की अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार एसोसिएशन महिला उत्पीड़न, स्वच्छता अभियान, सांप्रदायिक हिंसा ,गैर कानूनी कार्य , दहेज प्रताड़ना, बालश्रम, घरेलू हिंसा शिक्षा अधिकार शाहित बिना सूचना नौकरी से निकाल देना आदि कार्यों के लिए एसोसिएशन हमेशा वैसे लोगों के लिए जो शोषण किए जा रहे हैं उनके साथ हमेशा खड़े रहेगी। कुजू क्षेत्र के सुरेश कुमार को सदस्यता पत्र देकर एसोसिएशन में शामिल किया ।



## सीसीएल ने बुध बाजार पड़ारुनाला के तीन अवैध कोयला मुहान पर चलाया पेलोडर, हुई डोजरिंग

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल सिरका प्रबंधन के सुरक्षा विभाग द्वारा सोमवार को बुधबाजार सिरका पड़ारुनाला के तीन अवैध कोयला मुहानों पर पेलोडर चलवाया गया, जिसे मिट्टी डालकर डोजरिंग किया गया। बताया गया कि यह अभियान चरणबद्ध तरीके से चलता रहता है। मौके पर सुरक्षा सिरका प्रभारी राजू राम, एएसआई मनोज कुमार, हवलदार गंगा राम, जीएम आंफिस के भैया लाल, होपना मरांडी, संतोष सिंह, चंदन, होमगार्ड रिंकू, बंटी आदि जवान उपस्थित थे।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



संक्षिप्त खबरें

## हत्या के जांच की किया मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** गिद्धौर थाना के अंतर्गत पहरा पंचायत के झुमरी टोला में हुई एक महिला की हत्या का जांच की मांग किया है। बता दे की भीम आर्मी झारखंड प्रदेश प्रवक्ता डॉ योगेंद्र कुमार दास समेत अन्य सदस्य गिद्धौर थाना सोमवार को पहुंचे।जहां इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता से मुलाकात किया। और हत्या में शामिल आरोपी को गिरफ्तार कर जांच करने की मांग किया है। उन्होंने कहा कि महिला की हत्यारे का जांच जल्द से जल्द किया जाए।मालूम हो कि बीते 14 मार्च की देर रात्रि पहरा गांव के झुमरी टोला निवासी उमर राम की पत्नी मालती देवी की हत्या कर खेत में फेंक दिया गया था। जिसे लेकर अब तक न्याय नहीं मिलने को लेकर भीम आर्मी झारखंड प्रदेश प्रवक्ता समेत कई सदस्य के साथ थाना पहुंचे। जहां न्याय की मांग किया है।

# 30 किशोरियों को लोकप्रेरणा केंद्र द्वारा प्रशिक्षण दिया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के लोक प्रेरणा केंद्र सिमरिया कार्यालय में गोठाई, लूतीडीह, देल्हो, पुंडरा 1, पुंडरा2, पिरी, अमगावां, ईचाक, की 30 किशोरी लीडर के लिए दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें किशोरियों को बाल विवाह अधिनियम, पोक्सो अधिनियम, बाल श्रम अधिनियम और बाल अधिकार पर प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर संस्था सचिव मौसमी बाखला ने कही कि अगर किशोरियों को शुरू से ही अलग-अलग मुद्दे आधारित कानून की जानकारीयां होगी तो उनके नेतृत्व में विकास आएगा। इस मौके पर प्रशिक्षक के रूप में सरोज तिर्की ने योगदान दिया। वहीं प्रशिक्षण को सफल बनाने में संस्था के कार्यकर्ता प्रतिमा, रानी, अनीता, कविता ने अपना अहम योगदान दिया।

## अखिल भारतीय साहू समाज के लोगों ने प्रखंड स्तरीय होली मिलन समारोह का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बरियातू पंचायत के गांगपुर में स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में अखिल भारतीय साहू समाज के लोगों ने प्रखंड स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन रविवार को किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शशि गुप्ता ने किया एवं संचालन बिरेंद्र साहू ने किया। यह कार्यक्रम में गिद्धौर एवं पत्थलगड़ा प्रखंड के लोग उपस्थित थे। मुख्य अतिथि रिशुसुद साहू हजीराबाग जिला अध्यक्ष राजेंद्र साहू चतरा जिला अध्यक्ष जीलाल प्रसाद साहू सचिन सागर साहू कोषाध्यक्ष कन्हैया प्रसाद साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा अर्चना करने के बाद किया गया।तथा लोगों ने समाज की कुरीतियों को हटाने की चर्चा कीया। उसके बाद एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह का आनंद उठाया।तथा एक दूसरे को ढेर सारी शुभकामनाएं कही। मौके पर उपस्थित महिला जिला अध्यक्ष पूनम देवी राखी देवी खुशबू कुमारी कामेश्वर साहू एवं सैकड़ो साहू समाज के महिला पुरुष उपस्थित थे।

## लेखराज टाइगर बने जिला कार्य समिति के बजरंग दल जिला सहसंयोजक



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का हुआ विस्तार चुने गए चतरा जिला के बजरंग दल सहसंयोजक के रूप में पत्थलगड़ा निवासी लेखराज टाइगर, लेखराज टाइगर पहले भी संघ के कार्य क्षेत्र में अपना योगदान दे चुके हैं। बीच में कुछ विषयों को लेकर संघ से केवल अपना दायित्व को त्याग किए थे लेकिन संघ के लिए हर वक्त तत्पर रहे। इससे पहले लेखराज टाइगर पत्थलगड़ा खण्ड के दायित्व संभाल चुके है। लेकिन जिला विस्तार कमेटी में लेखराज टाइगर को जिला सहसयोजक का दायित्व एक बार फिर से दिया गया है।तीन दिवसीय प्रांत कार्यसमिति की बैठक देवघघर में हुई सम्पन। झारखंड प्रांत के सभी पदाधिकारी के साथ साथ चतरा जिला के विहिप जिला अध्यक्ष श्री भुनेश्वर साहू, विहिप जिला मंत्री सुधीर कुमार स्नेही, बजरंग दल जिला संयोजक अंकित पाण्डे, बजरंग दल गौ रक्षा प्रमुख ठाकुर राकेश रंजन जी उपस्थित रहे। टाईगर ने प्रांत एवम जिला के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद व्यक्त किए, साथ हीं इस खुशी में प्रखंड के विहिप प्रखंड अध्यक्ष कैलाश दांगी, बजरंग दल संयोजक मनोहर कुमार, रूपेश कुमार, विक्रम मैक्स एवम प्रखंड के सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी।

## नशाखुरानी का शिकार हुआ एक युवक

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र के जबड़ा चौक पर सुबह तड़के 8 बजे एक बेहोस युवक को सिंह वाहनी बस से उतारा गया। जिसे देख वहां अफरा तफरी मच गई। हालांकि बेहोस युवक मो रफीक पिता स्व. नियामुल अंसारी गिधौर थाना के द्वारी गांव का रहने वाला है। बेहोस युवक रफीक को ग्रामीणों ने पहचान कर रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक डॉक्टर अफान ने प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सक अफान ने बताया कि किसी व्यक्ति द्वारा इसे खाने में स्वीट पोइजन दिया गया है। जिससे वह काफी नशा की हालत में है। डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए हजारी बाग सदर हॉस्पिटल भेज दिया है। जानकारी के अनुशार बेहोश युवक नागपुर में काम करता था। वहाँ से जबड़ा आने के लिए रविवार को चला था और फोन कर के चला था साथ हीं रुपये लेकर चला था। रांची से चलने के पहले घर पर फोन किया था। किंतु रफीक रांची से गया जाने वाली सिहंवाहनी बस से सुबह वह बस पर चढ़ा था। किंतु जबड़ा आने के पहले हीं किसी ने नशा खिला कर उसे बेहोस कर दिया साथ उसका समान और रुपये निकाल लिया। सिहंवाहनी बस के ड्राइवर एवं स्टाफ ने जबड़ा में किसी तरह उतार दिया। इस तरह नशा खुरानी का शिकार हुआ मो रफीक।

# स्विफ्ट डिजायर कार ने पेड़ में टक्कर मारी , एक की स्थिति, गंभीर दो घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत रामनवमी मेला टांड़ समीप एक स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित हो पेड़ में जोरदार टक्कर मार दिया।जिससे कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि कार में सवार दो महिला व चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।ग्रामीणों के तत्परता से तीनों घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया गया।बताया गया कि स्विफ्ट डिजायर कार हजारीबाग जिले के जैलमा गांव का संजय मित्तल का बताया जा रहा है।वह अपने रिश्तेदार को स्विफ्ट डिजायर कार दिया था, और हजारीबाग से चतरा की ओर जा रहा था। इसी बीच गिद्धौर मेलला टांड़ समीप बकरे को बचाने को लेकर कार नियंत्रित हो पेड़ में जोरदार टक्कर मार दिया।जिससे चालक सहित दो महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। हालांकि एक महिला की स्थिति गंभीर बताया जा रहा।

# बैडमिंटन चैंपियनशिप मुकाबला रोमांचक फाइनल के साथ हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** एनटीपीसी के द्वारा आयोजित ईआर-2 आईआरएसएम बैडमिंटन चैंपियनशिप का समापन शानदार रहा। 14 मार्च से 16 मार्च तक आयोजित इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों ने असाधारण प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। पुरुष टीम चैंपियनशिप फाइनल में एनटीपीसी कनिहा और एनटीपीसी बोंगाईगांव के बीच मुकाबला हुआ। टीमों ने पूरे मैच के दौरान उल्लेखनीय कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। अंततः एनटीपीसी कनिहा विजयी रही और उसने एनटीपीसी बोंगाईगांव को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। इस बीच, महिला टीम चैंपियनशिप फाइनल में एनटीपीसी बोंगाईगांव का मुकाबला एनटीपीसी नॉर्थ करनपुरा से हुआ। मैचों में कड़ी प्रतिस्पर्धा थी, प्रत्येक टीम ने अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। अंततः एनटीपीसी बोंगाईगांव विजयी हुआ, उसने एनटीपीसी नॉर्थ करनपुरा पर 2-1 से जीत हासिल की। ईआर-2 आईआरएसएम बैडमिंटन 2024 (टीम) चैंपियनशिप ने उत्कृष्ट प्रतिभा और प्रतिस्पर्धी भावना का प्रदर्शन किया, जो सभी भाग लेने वाली टीमों के समर्पण और कौशल को उजागर करता है। विजेताओं को बधाई और पूरे टूर्नामेंट में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए सभी टीमों की हुई सराहना।

## पासवान समाज के लोगो ने हर्षोउल्लास के साथ मनाया होली मिलन समारोह



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा जिले के हेरुआ शिव मंदिर के प्रांगण में जिले के तमाम क्षेत्रों से आये पासवान परिवारों के द्वारा उत्सह के साथ वीर बाबा शिरोमणि चौहरमल के प्रतिमा में फूल माला अर्पित कर एवं घी के दिये जलाकर गुलाल से विधिवत पूजा अर्चना कर एक दूसरे को अबीर लगाते हुए पूरे हर्षोउल्लास के साथ होली मिलन समारोह मनाया। साथ ही होली के संगीत में ढोल, मंजीरे के धुन में आनंद लिए। बुद्धिजीवी पासवान परिवार के लोगो ने समाज की उन्नति कैसे हो विकास की राह में कैसे आगे लाया जाय इस विषय पर चर्चा किया गया। साथ ही एकत्रित समाज को स्वेजने पर जोर देते हुए पासवान परिवार शिक्षा पर जोर देने पर भी चर्चा हुई, वही दहेज प्रथा पर कैसे अंकुश लगेगा इस पर जोर दिया गया।

# चतरा से कांग्रेस के केएन त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाने की उठी मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उम्मीदवार केएन त्रिपाठी को कांग्रेस पार्टी से चतरा लोकसभा से टिकट देने की मांग किया है। इस दौरान कांग्रेसी नेता रंजीत कुमार राजू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि के एन त्रिपाठी मूल रूप से मनिका के राकी कला के निवासी है। पूर्व मंत्री सह पलामू विधायक केएन त्रिपाठी को अगर कांग्रेस इन्हें चतरा लोकसभा का प्रत्याशी बनाती है तो जीत तय है। उन्होंने कहा कि के एन त्रिपाठी एक ईमानदार व कर्मठ नेता है उन्होंने राज्य मे मंत्री के पद संभालने के बाद लोगो की खूब सेवा की। अगर उन्हे कांग्रेस आलाकमान टिकट देती है तो जितने के बाद इस क्षेत्र का विकास होगा। मौके पर रोहित गुप्ता, राहुल कुमार समेत दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने लोकसभा चुनाव को लेकर की समीक्षा बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आगामी लोक सभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों से उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक में आदर्श आचार संहिता लगने के बाद की जाने वाली कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए भारत निर्वाचन आयोग की ओर दिए गए सभी दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश देते हुए कहा की अगले 72 घंटे में क्या करना है इसकी तैयारी करते हुए चुनाव आयोग के दिए गए दिशा-निर्देश का पालन शतप्रतिशत ससमय पूरा करें।बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों एवं प्रभारी पदाधिकारियों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान उनकी ओर से किए जाने वाले कार्यों की गंभीरता को समझते हुए भारत निर्वाचन आयोग से उनके कोषांग से संबंधित जारी किए गए मैन्युअल को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं कार्यों के दौरान निर्वाचन आयोग से जारी सभी दिशा निर्देशों के अनुपालन का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर अपने वरीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के उपरांत ही कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही। एमसीसी कोषांग की समीक्षा के क्रम में सोशल मीडिया, फेक न्यूज़ एवं टीवी चैनल एवं अन्य प्रचार के माध्यमों पर पैनी नजर बनाए रखने को कहा गया। जिससे आदर्श अचार संहिता का समुचित पालन हो सके। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतपत्र कोषांग के वरीय एवं प्रभारी पदाधिकारियों को लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान मत पत्र के माध्यम से किए जाने वाले मतदान एवं इस दौरान ध्यान देने योग्य सभी जानकारियां सही तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कर्मियों को देने एवं सभी को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।उन्होंने चुनाव स्थल, मतपेटिकाओं को ले जाने हेतु वाहनों की आवाजाही, प्रशिक्षण एवं नामांकन की प्रक्रियाओं का विशेष ध्यान रखने को लेकर निर्देशित किया।

## एसवीएम परिसर में शोक सभा का हुआ आयोजन



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में स्वर्गीय अमलेश्वर दयाल पांडेय के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। 18 मार्च 2024 को अपराह्न लगभग दो बजे अमलेश्वर दयाल पांडेय लातेहार बाजकुम निवासी का आकस्मिक निधन हो गया। स्व.पाण्डेय लातेहार एवं स्टेशन के सरस्वती विद्या मंदिर विधालय के सचिव, अध्यक्ष एवं संरक्षक पद का निर्वहन किया है।वे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लातेहार स्टेशन विद्यालय का भूमी दाता भी हैं।उनके निधन से विद्यालय परिवार आहत हैं। तथा विद्यालय परिवार ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा प्रार्थना किया कि भगवान दिवंगत आत्मा को शांति तथा उनके परिवार को दु ःख सहने की क्षमता प्रदान करें।

## राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले चयनित छात्र देवघर के लिए हुए रवाना



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेतरहाट आवासीय विद्यालय के छात्रों में खेल अभिरुचि एवं खेल प्रतिस्पर्धाओं को विकसित करने के उद्देश्य विद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान के द्वारा ऐतिहासिक कदम उठाया गया। खेल के क्षेत्र में नेतरहाट आवासीय विद्यालय प्रारंभ काल से ही अपने छात्रों में नई प्रतिभा को तराशने का प्रयास करता रहा है, परन्तु बाह्य स्तर पर छात्रों को अपने हुनर को दिखाने का कभी मौका प्राप्त नहीं हुआ। इस बार विद्यालय के प्राचार्य द्वारा राज्यस्तरीय पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर झारखंड जूनियर एथलेटिक्स मीट, 2024 में कुल 23 छात्रों को देवघर भेजने में सफल रहे। पहली बार इन छात्रों को राज्यस्तरीय प्रतिस्पर्धा में अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। ज्ञातव्य हो कि 23 छात्रों में 19 छात्र आठवीं से दसवीं कक्षा के एवं 04 छात्र इंटरमीडिएट से सम्बंधित है। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर सभी छात्रों में खुशी का माहौल है। ये सभी छात्र झारखण्ड जूनियर एथेलेटिक्स मिट 2024 के लिए 20 मार्च से 22 मार्च 2024 तक देवघर में रहेंगे। स्थानीय अभिभावक के रूप में विद्यालय के शिक्षक केशव कुणाल शर्मा छात्रों के साथ गये। इस एथेलेटिक्स मे छात्रों को मुख्य रूप से हाई जंप,लॉन्ग जंप किड्स जैवलिन, Medlay Relay,Shot Put (Back Throw) ,5000 रू एवं 10000 M Race walk इत्यादि में भाग लेने होंगे। सभी चयनित छात्रों को प्राचार्य द्वारा शुभकामना देते हुए विद्यालय से देवघर के लिए बस से रवाना किया गया।

# जरुरतमंद गरीबों को ना तो पीएम आवास का लाभ मिला ना ही अबुआ आवास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** सरकार द्वारा इस उम्मीद के साथ की सभी गरीबों के सर पर पक्का छत हो पीएम आवास योजना की शुरुआत की गई थी। राज्य सरकार भी प्रत्येक गरीब को पक्का छत उपलब्ध कराने के लिए अबुआ आवास योजना के तहत गरीबों को पक्का आशियाना उपलब्ध कराने में जुटी है। लेकिन सच तो यह है कि अभी भी पात्र व गरीब लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। वही संपन्न एवं प्रभावशाली व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए गरीब बनकर अपना रजिस्ट्रेशन योजनाओं में करा रहे हैं। साथ ही बिचौलियों एवं अपने रुतबे का प्रयोग करते हुए दबाव बनाकर योजना का लाभ लेने में भी सफल हो रहे हैं। पंचायत प्रशासन जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों की मिलीभगत से पात्र व गरीब व्यक्ति आवास से वंचित है तो वही संपन्न व रसुखदार जमकर मजे लूट रहे हैं। मुखिया, पंचायत समिति, उप मुखिया जैसे जनप्रतिनिधि के चयन समिति में शामिल होने के बावजूद भी गरीब लोगों को आवास नहीं मिल पा रहा है। महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत परहाटोली पंचायत के ग्रामीण मघनी देवी बताती है कि खपड़ेंल क्षतिग्रस्त अवस्था में सिर्फ दो कमरे का मकान में नौ लोगों का परिवार बहुत ही कठिनाई से रहता है। पीएम आवास एवं अबुआ आवास के लिए भी आवेदन दिया गया था, लेकिन आज तक आवास नहीं मिला। वही आवेदन देने के बाद योजना में नाम जुड़ा है या नहीं यह पूछने पर जनप्रतिनिधियों अथवा अधिकारियों के द्वारा बिना स्पष्ट बताए भगा दिया जाता है। नाम नहीं बताने के शर्त पर प्रखंड के ग्रामीण बताते हैं की बिचौलिए के द्वारा 10000 रूपए देने पर आवास दिलाने की बात कही गई लेकिन लाख प्रयास के बाद भी इतने पैसे जमा नहीं हो पाए जिसके कारण मेरा आवेदन ही पीछे कर दिया गया। प्रखंड में घूम-घूम कर अखबार बेचने वाले करण बताते हैं कि वह पूरी तरह से बेघर है अपने ससुराल के ही एक कमरे में रहकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं, बहुत ही मुश्किल से उन्होंने थोड़ी सी जमीन खरीदी और उन्होंने अबुआ आवास के लिए आवेदन दिया था, जिसके बाद आवास के लिए जिओ टैगिंग के लिए फोटो भी खिंचवाया गया, लेकिन बाद में मेरा नाम पीछे कर दिया गया इसके बाद मैं प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग एवं उपायुक्त लातेहार से भी इस संबंध में शिकायत की लेकिन इसका कोई भी असर होता दिखाई नहीं दे रहा है। प्रखंड की रहने वाली बिदो देवी बताती है कि उनके चार बच्चे हैं, बड़े बेटे के भी चार बच्चे हैं दो कमरे का मकान था लेकिन एक कमरा ध्वस्त हो चुका है जिसके बाद सिर्फ एक कमरे में हम सभी परिवार रहने को मजबूर हुए। इस परेशानी को देखते हुए सर पर छत की तलाश और रोटी की तलाश में चारों बच्चे बाहर मजदूरी करने चले गए।

# सहियाओं के लिए मानसिक स्नायुतंत्र व नशे सम्बंधी आठ दिवसीय प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के बारिखाप स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में, बारियातू, बालूमाथ व हेरहंज प्रखंड के सभी सहियाओं को रविवार से आठ दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बीटीटी सह प्रशिक्षक दिलीप दांगी, हीरामन पाण्डेय ने बताया की एक्कीकृत प्रखंड के सभी सहियाओं को मानसिक स्नायुतंत्र एंव नशे सम्बंधी विकारों की देख भाल, कान-नाक एंव गले और नेत्र देखभाल, सामान्य आपातकालीन स्थितियों जलने और ट्रामा स्थितियों के पर्वधन एंव मुख की स्वास्थ्य देख भाल पर विशेष रूप से आठ दिन आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है. वहीं सहिया साथी रूपा, अंजू, सोनामनी, गौरी, रेखा, माया, नीलम, गुंजा, सुषमा लकड़ा, बिराजमनी देवी भी अपने अपने कलस्टर सहिया को जानकारी देने मे अहम भूमिका निभा रहे हैं. मौके पर रीता देवी, राजमनी देवी, पार्वती देवी, सुनीता देवी, किरन्ति देवी, पूनम देवी सहित तीनो प्रखंड के सहिया उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र



## संक्षिप्त खबरें

### स्वर्णकार व्यवसायी संघ ने मनाया होली मिलन समारोह



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: स्वर्णकार व्यवसायी संघ ने सोमवार को स्थानीय स्वर्णकार भवन में धूम धाम से होली मिलन समारोह मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष बिक्रम प्रसाद ने किया । होली मिलन के मौक़े पर सभी स्वर्ण व्यवसायी बंधुओं ने एक जुट हो कर काम करने का संदेश दिया । कार्यक्रम में मंडई इचाक के अलावे हज़ारीबाग़ के प्रखंडों से भी लोग जुटे थे । सभी ने एक सुर में संघ की एकता और संघ को मज़बूत बनाने का संकल्प लिया । मौक़े पर नशा मुक्ति पर भी चर्चा हुई और नशा मुक्त होली मनाने और दूसरो को प्रेरित करने की भी बात कही गई । कार्यक्रम को सफल बनाने में रिंकु वर्मा, सावन शुभम, रणजीत सोनी, निशु सोनी , राजकुमार सोनी , राकेश कश्यप, अमित आनंद डॉन , भास्कर वर्मा , मोनू सोनी , संजय सोनी और तारकेश्वर सोनी की अहम भूमिका रही ।

### मिशन होस्पिटल में तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेला आज से

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रविन्द्र पथ अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के तत्वावधान में संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेला 19 मार्च से 21 मार्च 2024 तक लगेगा। इसमें मरीजों को निशुल्क ओपीडी परामर्श प्रदान किया जाएगा। जिसमें अस्पताल के सामान्य चिकित्सा विभाग, जनरल सर्जरी विभाग, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, बाल रोग विभाग हड्डी रोग विभाग, नेत्र विभाग, ईएनटी विभाग एवं मैक्सिलोफेशियल विभाग के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। निशुल्क ओपीडी परामर्श में मुफ्त दवाई, बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर, आरबीएस एवं ईसीजी जांच मुफ्त होगा। श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि वर्तमान दौर में चिकित्सा के क्षेत्र में मरीजों की परेशानी एवं आर्थिक बोझ को कम करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य मेला की मदद से कई जरूरतमंद को लाभ मिलेगा। इस पहल से स्वास्थ्य क्षेत्र में लोगों को राहत मिलेगी।

### राय रेलवे स्टेशन मे जोर-शोर से चल रहा है दो नम्बर प्लेटफार्म का निर्माण कार्य

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: कोयलांचल क्षेत्र का एकमात्र राय रेलवे स्टेशन के दो नंबर प्लेटफार्म का निर्माण कार्य पूरे जोर-शोर के साथ किया जा रहा है।राय रेलवे स्टेशन में दो नंबर प्लेटफार्म निर्माण कार्य के अलावे स्टेशन परिसर की सुंदरीकरण सहित अन्य कई कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रेलवे मंत्रालय के द्वारा जारी हुई आदेश के बाद 19 जुलाई 2023 को राय रेलवे स्टेशन परिसर में दो नंबर प्लेटफार्म निर्माण कार्य की शुरुआत की गई गई।वही प्लेटफार्म का निर्माण कार्य काफी धीमी गति से शुरू की गई।लेकिन समय गुजारने के साथ-साथ निर्माण कार्य की गति को बढ़ाया गया और अब लगभग 8 महीना के बाद दो नंबर प्लेटफार्म का निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है।वही वही राय रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार,विश्राम गृह,टिकट काउंटर,शौचालय, पानी टंकी सहित अन्य कार्यों को भी लगभग पूरा कर लिया गया है।वहीं एक नंबर प्लेटफार्म मे बढ़ायी गई प्लेटफार्म लंबाई का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। इधर राय रेलवे स्टेशन में दो नंबर प्लेटफार्म का निर्माण कार्य होने से स्थानीय राहगीरों एवं यात्रियों में खुशी की लहर देखी जा रही है।इस संबंध में यात्रियों ने कहा कि राय स्टेशन मे पहले दो नंबर प्लेटफार्म नहीं होने के कारण यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने एवं उतरने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई बार यहां घटना भी हो चुकी थी,लेकिन अब दो नंबर प्लेटफार्म का निर्माण कार्य पूरा हो जाने से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।इधर निर्माण कार्य तेज गति से चलने से अनुमान लगाया जा रहा है कि एक माह के अंदर निर्माण कार्य को पूरा कर लिया जाएगा।

### राय में सरहुल महोत्सव सह शोभा यात्रा को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत स्थित अंबेडकर फुटबॉल मैदान में आगामी 13 एवं 14 अप्रैल को सरहुल पूजा सह शोभा यात्रा एवं मेला आयोजन को लेकर राय पंचायत के ग्रामीणो की एक बैठक राय पंचायत सचिवालय में संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता राय पंचायत की मुखिया शीला देवी एवं संचालन समाजसेवी विजय पहान उर्फ बैलून ने किया।इस बैठक में सरहुल महोत्सव सह शोभा यात्रा निकाले जाने एवं मेला आयोजन सहित मेले में रंगारंग सांस्कृतिक नागपुरी कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।सरहुल महोत्सव सह शोभा यात्रा एवं मेला के सफल आयोजन को लेकर एक नई कमेटी का गठन किया गया,जिसमें अध्यक्ष विजय पहान उर्फ बैलुन,उपाध्यक्ष मंगरु मुंडा, सचिव दुर्गाप्रसाद महतो,सह सचिव रामावतार राम, कोषाध्यक्ष रूपेश महतो, संगठन सचिव दीपक कुमार महतो,मीडिया प्रभारी गणेश कुमार महतो,मुख्य संरक्षक लालेश्वर महतो,नागेश्वर महतो एतवारा महतो,संरक्षक राजेश महतो,अर्जुन महतो, प्रदीप उरांव,भरत राम, रामकुमार भुईया,इंटेक्स मद्रासी,तुलसी भुईया,मनोज महतो,लखनलाल महतो एवं रामू उरांव आदि का मनोनयन किया गया,साथ ही कार्यकरिणी सदस्यो में संतोष महतो,संतोष प्रजापति,पारस महतो,लखन लाल महतो, बालेश्वर महतो,दिनेश महतो,बबलू प्रजापति, रितेश,सुरेंद्र महतो,वीरेंद्र महतो,बबलू उरांव,इसराफिल अंसारी,चंद्रकांत लोहार, चंदन प्रजापति एवं सुनील गंझू आदि का नाम शामिल हैं।

## शुभम कुमार का एकलव्य मॉडर्न आवासीय विद्यालय में हुआ चयन, साहू समाज ने दी बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव** : हजारीबाग जिला के बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत नापो खुर्द पंचायत के ग्राम डोकाटांड निवासी ढलन साव और सुशीला देवी के पुत्र शुभम कुमार का चयन भारत सरकार के जनजातीय मंत्रालय अंतर्गत एकलव्य मॉडर्न आवासीय विद्यालय में पोस्ट ग्रेजुएट शिक्षक में हुआ है। इनका पोस्टिंग झारखंड के रांची जिले में हुआ है। इस मौके पर राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साहू ने मिठाई खिलाकर शुभम कुमार को बधाई दीया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह हजारीबाग जिला प्रभारी रामविलास साहू, जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू, जिला उपाध्यक्ष अशोक साहू, जिला प्रभारी गणेश प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी राजकुमार साहू, हरि साहू, माथुर साहू, तेजू साहू, बोधन साहु सहित साहू समाज के अन्य गण मान्य लोग उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए टैंकरों को दुरुस्त करने की मांग की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव** : 2024 लोकसभा चुनाव को देखते हुए बड़कागांव पूर्वी क्षेत्र के जीप सदस्य गीता देवी ने प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र के सभी आठ पंचायत में संचालित टैंकरों को दुरुस्त कर स्वच्छ पेयजल व्यवस्था करने की मांग की गई है। जीप सदस्य ने कहा कि पूर्वी क्षेत्र में कई बूथ पठारी क्षेत्र में संचालित है जहां पानी की सुविधा नहीं है। गर्मी की वजह जल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण वहां ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में तमाम बुथों में स्वच्छ पेयजल की आवश्यकता अति अनिवार्य होगी। सभी आठ पंचायत में पेयजल टैंकरो की हालत बिल्कुल जर्जर है लगभग सभी बंद पड़े हैं। इसे दुरुस्त कर स्वच्छ जल उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। जिप सदस्य ने आगे कहा कि कई बूथ में वोट देने के लिए लोग डेढ़ 2 किलोमीटर दूरी तय कर आते हैं। चुनाव 20 मई को होना है, प्रचंड गर्मी भी पड़ेगी जिसे देखते हुए समय रहते इस समस्या को दूर करने की आवश्यकता है।

## इनरव्हील ने बिरहोर बस्ती में मनाया होली मिलन समारोह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग** : इनरव्हील क्लब ऑफ युवा ने सोमवार को बिरहोर बस्ती में जरूरतमंद लोगों के बीच जाकर होली मिलन समारोह मनाया।इस बाबत अध्यक्ष सुधा वर्मा ने बताया कि हमारी संस्था प्रत्येक सामाजिक और धार्मिक कार्यों मैं अपनी भागीदारी सुनिश्चित करती है ।कहा कि हमारी संस्था हर वर्ष इस तरीके का आयोजन करती है ।श्रीमती वर्मा ने लोगों से मिलावटी रंगो से दूर रहने का आग्रह किया।कार्यक्रम में सुधा वर्मा,पूजा मुनका,सुधा पसरिचा,रेनू,मीता समेत क्लब के कई सदस्या शामिल हुई।

## व्यवसायियों को मिले पुलिस सुरक्षा : शंभू अग्रवाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग** : शहर में बढ़ते अपराध पर नियंत्रण और कालीबाड़ी रोड स्थित गीतांजलि ज्वेलर्स में हुई लूट कांड में शामिल बदमाशों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं व्यवसायियों को पूर्ण पुलिस सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग फेडरेशन आफ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने किया है।फेडरेशन के अध्यक्ष शंभू प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि पुलिस के चौकस नहीं रहने से शहर में अपराध बढ़ रहा हैं। इससे व्यवसायी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कालीबाड़ी रोड स्थित गीतांजलि ज्वेलर्स में हुए लूट कांड में शामिल अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए व्यवसायियों को पूर्ण पुलिस सुरक्षा प्रदान किए जाने की बात कही। वहीं सचिव राकेश ठाकुर ने नगर की दुकानें खुलने के बाद तथा विशेष कर रात्रि के समय पुलिस पैदल गश्ती दल द्वारा पेट्रोलिंग की व्यवस्था करने की मांग करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा हजारीबाग नगर में लगाए गए सभी सीसीटीवी कैमरे को दुरुस्त कर अपराधियों पर नजर रखी जाए।साथ हीं उन्होंने कहा कि गीतांजलि ज्वेलर्स में हुई लूट कांड के अभियुक्तों की पन्द्रह दिनों के अंदर गिरफ्तारी की जाए अन्यथा चैंबर आंदोलन शुरू करेगा।

## प्रवचन कार्यक्रम का झामुमो केंद्रीय सदस्य बिनोद विश्वकर्मा ने किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही** : केवाल में श्री श्री 1008 श्री सीता राम नवाह्परायण हनुमद् महायज्ञ चल रहा है। वहीं संध्या समय प्रवचन कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रवचन के प्रथम दिन कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि झामुमो पूर्व प्रत्याशी बरही विधानसभा क्षेत्र के बिनोद विश्वकर्मा ने उद्घाटन किया। वही मंच पर महायज्ञ समिति के पदाधिकारीयो द्वारा श्री विश्वकर्मा को फूल माला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। श्री विश्वकर्मा ने कथा वाचीका साध्वी जया किशोरी को माला देकर स्वागत किया और उन्हें नमन किया। मौके पर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि यज्ञ एवं भक्ति प्रवचन कार्यक्रमों से क्षेत्र में वातावरण तो शुद्ध होता है, साथ ही मानवीय आचरण में चांहुमुखी विकास होता है। मंच संचालक अमित सिंह ने किया। मौके पर महायज्ञ समिति के अध्यक्ष विनोद सिंह, टिंकू सिंह, श्रवण सिंह, यशवंत सिंह, सनी सिंह, सचिव गौतम सिंह, कोषाध्यक्ष उदय सिंह, मनजीत सिंह, निकेश सिंह, किशोर नारायण सिंह, पिंटू सिंह, सुधीर सिंह, पिंटू रवानी समेत भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## रामनवमी पूजा समिति अंजनी अखाड़ा की बैठक सम्पन्न, अध्यक्ष बने सुनील साहू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही** : सार्वजनिक रामनवमी पूजा समिति अंजनी अखाड़ा का पटना रोड में नया दुर्गा मंदिर परिसर में बैठक आहूत की गई, बैठक की अध्यक्षता भुनेश्वर साहू ने किया। बैठक में रामनवमी पूजा धूमधाम एवं शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय के साथ पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से पूजा समिति का अध्यक्ष सुनील साहू को बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष अरुण कुमार यादव व पंकज सिंह, राजेश साव, महामंत्री संजय साव, कोषाध्यक्ष राजेश केशरी एवं संरक्षक भगवान प्रसाद केशरी, दिनेश साहू, अमित कुमार साहू, उदय साहू, सुधीर राणा, मनोज साव, विनोद साव, सुशील केशरी, कपिल केशरी को बनाया गया। वहीं कार्यकारी सदस्य मनोज कसेरा, विशाल केशरी, चंदन यादव, नरेश मालाकार, राहुल पांडेय, छोटू सिंह, राहुल साव, संजय केशरी, कुंदन साव, संजीत केशरी, सुजीत केशरी, त्रिवेणी केशरी, प्रिंस सिन्हा को बनाया गया। बैठक में प्रकाश साव, अमित कुमार, विशेश्वर साव, संजीत कुमार केशरी, सुजीत केशरी, सिक्की कुमार, चंदन यादव, संजय कुमार, मनोज कुमार, टिंकू, छोटी, कुंदन कुमार, सागर कुमार, दिनेश कुमार, रोहित कुमार, सूरज कुमार, उदय साव, विकास कुमार, रोहित पांडेय, ओम कुमार, प्रिंस सिन्हा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने समाहरणालय सभागार में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ सोमवार को बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने सम्बंधित बैंक के प्रतिनिधियों को कई आवश्यक दिशा- निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव आयोग के द्वारा जारी वित्तीय ट्रांजेक्शन से संबंधित सभी दिशा-निर्देशो का पालन सुनिश्चित कराए जाए।

उपायुक्त ने सभी बैंकों के प्रतिनिधि से कहा कि किसी भी खाते में 10 लाख या उससे अधिक के लेने देने वाले संदेहास्पद खातों पर विशेष नजर रखे तथा इसकी सूचना उपायुक्त कार्यालय को भी दे।

वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी पत्र आदेश के अनुसार कई निर्देश दिए गए है। उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न बैंकों के एटीएम मशीन में नगद राशि जमा करने वाले एटीएम वैन में सभी संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज व आईडी कार्ड को वाहन में साथ रखें ताकि किसी प्रकार के जांच के क्रम में स्थिति स्पष्ट हो सके।

**संदेहास्पद वित्तीय ट्रांजेक्शन पर नजर रखने हेतु निर्देश** : असामान्य और संदिग्ध नकद निकासी या बैंक खाते में अधिक नकद जमा करना। चुनाव की प्रक्रिया के दौरान एक लाख, पिछले दो महीनों के दौरान जमा या निकासी की ऐसी कोई घटना नहीं हो। चुनाव प्रक्रिया के दौरान एक बैंक खाते से एक जिला निर्वाचन क्षेत्र में कई व्यक्तियों के खातों में आरटीजीएस के जरिये राशि का असामान्य हस्तांतरण की जानकारी देने को कहा। एक लाख रुपये से अधिक नकद जमा करना या नकद निकालना पर भी नजर रखने को कहा। कोई अन्य संदिग्ध नकद लेनदेन, जिसका उपयोग मतदाताओं को रिश्वत देने के लिए किया जा सकता है। बैंकों से अधिक निकासी होने की सूचना आयकर विभाग को देने को कहा गया।

**बैंको में मतदाता जागरूकता हेतु वोटर अवरनेस फोरम को क्रियाशील करने का निर्देश** : उपायुक्त ने सभी बैंक प्रतिनिधियों से अपने अपने बैंक शाखाओं में मतदाता जागरूकता के लिए वीएएफ (वोटर अवरनेस फोरम) का गठन कर बैंको में आने वाले लोगों को मतदाता जागरूकता संबंधी जानकारी देने को कहा। इसके हेतु हर बैंक को एक एक नोडल पदाधिकारी नामित करना इसकी सूचना देने को कहा।

इस बैठक में अपर समाहर्ता संतोष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, सदर एसडीओ शैलेश कुमार एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि मौजुद रहे।

## झामुमो का 44वां स्थापना दिवस को बनाने को लेकर बैठक किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही** : चुरचू प्रखण्ड के चरही में 4 अप्रैल को झामुमो का 44 वॉ स्थापना दिवस को बनाने को लेकर चरही मे बैठक किया गया । जिसमें प्रखंड 8 पंचायत के अध्यक्ष, सचिव,कोषाध्यक्ष साथ मे जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर निर्णय लिया गया कि झामुमो का स्थापन दिवस बहुत ही भव्य तरीके से ग़ांधी मैदान हज़ारीबाग मनाया जाएगा। वही प्रखंड के सचिव आनंद मरांडी ने बताया कि झामुमो का 44 वॉ स्थापन दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया जायेगा । बैठक में मुख्य रूप से बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो,पूर्व जिला सचिव रविन्द्र कु0 महतो, आनन्द मरांडी प्रखंड सचिव, दिलेश्वर महतो 2बीस सूत्री सदस्य,बॉबी करीम, संतोष राम,जसो देवी , भीखन महतो, संतोष राम, श्याम मरांडी,महेंद्र करमाली, साथी कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुंबई में सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म से समानित हुई लखी माई, खोरठा भाषा में बनी है पुरी फिल्म




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही** : होरिल यादव फ़िल्म प्रोडक्शन तले बनी डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म लखी माई को मुंबई के दो दिवसीय नैशनल स्टुडेंट्स फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री फिल्म से नवाजा गया। इससे पहले लखी माई को चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री अवार्ड, रुहिप इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल, चेन्नई में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री अवार्ड, तमीजाघाम इंटरनेशन फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री अवार्ड, चलचित्रम नेशनल फिल्म फेस्टिवल में स्पेशल स्क्रीनिंग, रॉयल चेंज फिल्म फेस्टिवल में नॉमिनेशन, एवम चतरा फिल्म फेस्टिवल में स्पेशल स्क्रीनिंग हो चुकी है। पंचायत रसोइया धमना के पुरहरा गांव के समाजसेवी होरील यादव के पुत्र नितेश कुमार ने इस फिल्म का निर्देशन, कैमरा, एडिटिंग वॉइस ओवर एवम रिसर्च किया है। इस फ़िल्म के मुख्य पत्र नितेश कुमार के अपने नानाङ्कनानी दामोदर यादव एवम जामनी देवी ने किया है, फिल्म की शूटिंग पुरहारा में ही किया गया है और एडिटिंग मेवेरिक फिल्मर्स रांची, जेसी फिल्म चंडीगढ़, संतोष एचडी वीडियोग्राफी, ग्लोबल फोटोग्राफी बरही, एवम पाहन स्टूडियो ओरमांझी में किया गया है। स्क्रिप्टिंग प्रणय प्रबोध पाठक, रौशन शर्मा और मृणाल पाठक ने किया है। फ़िल्म में किसानो की नो महीने की यात्रा को दिखाया गया है, जिसमे धान कि खेती की विधि, इससे जुड़े परंपरा एवम संघर्ष को दिखाया गया है। निर्देशक नितेश कुमार अपने इस सफलता के लिए अपने स्व. पिता होरिल यादव, नाना नानी, गुरु श्री प्रकाश सर, बीजू टोप्पो सर, मेघनाथ सर, रूपेश साहू, तुषार, पुरुषोत्तम, रोहित पांडे, हिमांशु, रौशन एवम पूरे गाववासियो को देते है।

## करगालो में जीवन ज्योति हाई स्कूल ने चलाया जागरूकता अभियान




प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड अन्तर्गत करगालो पंचायत स्थित जीवन ज्योति हाई स्कूल,प्रबंधन समिति ने शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रभातफेरी कर जागरूकता अभियान चलाया।प्रभात फेरी में जीवन ज्योति हाई स्कूल के लगभग सभी छात्रों ने शिक्षा के महत्व पर रौशनी डालते हुए नारे लगाये जिसमे शिक्षा जीवन का है,आधार इसके बिना जीवन है, बेकार,शिक्षा पर हो सबका अधिकार,शिक्षा से होगा एक बेहतर कल,जहां ज्ञान है वही सुख है,हम सभी का एक ही नारा शिक्षा पर अधिकार हमारा,शिक्षा है जीवन का आधार जिससे होते सपने साकार,जैसे स्लोगन से करगालो पंचायत गुंजायमान हो गया।इस मौके पर प्रबंधक प्रकाश कुमार साव ने कहा आज 21वीं सदी के दौर में भी कुछ लोग अभी भी शिक्षा से वंचित है।हमारी अपील है,कि अपने बच्चों को शिक्षा से वंचित ना रखें। हमारे विद्यालय जीवन ज्योति हाई स्कूल में भी गरीब असहाय दिव्यांग को मुफ्त में शिक्षा दी जा रही है।इस मौके पर मुख्य रूप से मुखिया मोतीलाल महतो,वार्ड सदस्य निरंजन मिस्त्री,नारायण मिर्धा,रावण रजवार,शिक्षक गण टहल ठाकुर,शाही इमाम अली,राहुल कुमार,भोला सोनी,पिंटू कुमार,भुवनेश्वर प्रसाद,सुरेश कुमार,शिक्षिकाएं सुमन देवी,प्रभा देवी,उमा देवी,रीना देवी,सरिता देवी समेत काफी संख्या छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## विधायक प्रतिनिधि ने बीडीओ से शिष्टाचार भेंट कर किया स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**दारु** : सदर विधायक मनीष जायसवाल के विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू ने भाजपा प्रतिनिधि मंडल के साथ प्रखंड के नये बीडीओ हारून रासिद से भेंट कर उनका स्वागत किया।प्रखंड के पूर्व के बीडीओ मनीष कुमार का तबादला होने के बाद नये बीडीओ का प्रभार हारून रासिद ने सम्हाला है। विधायक प्रतिनिधि ने बुके और डायरी देकर बीडीओ का स्वागत किया।इस अवसर पर बीडीओ ने कहा की सबके साथ मिलकर प्रखंड का विकास करना है फिलहाल चुनाव का समय है सबका साथ लेकर इसे सफलता पूर्वक पुरा करना है। विधायक प्रतिनिधि के साथ भाजपा नेता अशोक कुशवाहा, विकाश यादव, निरंजन यादव, अजय यादव, रामलखन यादव, राजन सिन्हा, मोहन कुशवाहा,सहित कई अन्य लोग शामिल थे।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## सुधीर मंगलेश ने कुल्ही चौंक मे लोगों के साथ चर्चा की



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के कुल्ही चौंक मे तिलेश्वर साहू सेना के केन्द्रीय अध्यक्ष सह बरही के भावी विधायक अरुण साहु रांची से बोकारो जाने के क्रम में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कुल्ही चौंक मे राजनीति व सामाजिक चर्चा हुई। इस दौरान तिलेश्वर साहू सेवा के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू ने कहा कि पूरे झारखंड में युवाओं को एकजुट करने का कार्य किया जा रहा है ताकि युवा अपना अधिकार को पहचान सके और अपना अधिकार के लिए संघर्ष करें क्षेत्र के सभी युवाओं को रोजगार कैसे मिले। इसको लेकर कार्य किया जा रहा है ताकि झारखंड के सभी युवा दूसरे प्रदेशों में जाकर किसी गुलामी ना करें। मौके पर सतीश कुमार विद्युत कुमार प्रताप कुमार रोशन कुमार शुभम कुमार बबलू कुमार दिनेश कुमार प्रभात कुमार अर्जुन कुमार आदि।

## कुजू के ट्रांसपोर्ट नगर में सातवें दिन में तरावीह खत्म किया गया

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार के दिन कुजू ट्रांसपोर्ट नगर में हाफिज नज़रुल इस्लाम चिश्ती के द्वारा सातवें दिन में कुरान मुकम्मल कर यानी तराहवी खत्म किया गया मुस्लिम समुदाय के पवित्र महीना रमजान मुबारक में (कुरान) को ईशा के नमाज के बाद तरावीह सुना जाता है हाफिज नज़रुल इस्लाम चिश्ती ने बताया की रमजान के पूरे महीना तरबी सुना जाता है हर मुसलमान रोजे रखकर तरावीह सुनने का काम करते हैं लेकिन कुछ लोग कारोबार को लेकर वक्त की कमी होने के कारण कम समय में तरावीह सुनकर अपने कामों में लग जाते हैं इसलिए कुछ जगहों में कम दिन में तरावीह सुना जाता है। लेकिन अगर फिर भी वक्त मिले तो सूरा तराविह पूरे महीने पढ़ने का काम किया करें।तरावीह सुनने वालों में मोहम्मद ए.एम चिश्ती , मोहम्मद सैयद मासूम, मोहम्मद सद्दाम ,मोहम्मद नसीम खान, जियाउद्दीन अंसारी ,मोहम्मद नजबुल हसन, मुदस्सिर हसन, मोहम्मद मंसूर, सिकंदर आलम, मोहम्मद रिजवान अंसारी ,मोहम्मद मोहसिन अंसारी, जमरूल हसन, मोहम्मद मिस्टर ,मोहम्मद कलीम खान ,मोहम्मद मुन्ना, अजहर खान, शाहित मांडू के अंबर आलम ने सात दिन में मुकम्मल कुरान यानी तरबी सुनने वालों में शामिल थे।



## भाजपा हराओ-देश बचाओ के तहत भाकपा-माले रामगढ़ जिला कमेटी की विस्तारित बैठक संपन्न हुई



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा-माले रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक आज 18 मार्च 2024 को पोचरा में जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई।भाकपा-माले के हीरा गोप, देवकीनंदन बेदिया ने देश की राजनीतिक स्थितियों पर बातचीत किए कि 10 वर्षों से भाजपा के तानाशाही फासीवादी शासन ने भ्रष्टाचार के सर्वोच्च शिखर पर चढ़कर लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक अधिकारों को खत्म करने , जनपक्षीय कानूनों को खत्म करना, आंदोलनकारियों, प्रगतिशील लेखकों के ऊपर लाठी-गोली-जेल दिया जा रहा है। संविधान को बदल कर मनु स्मृति को थोपने की कोशिश की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदलने की कोशिश करना। सार्वजनिक संस्थाओं को निजीकरण करना,सरकारी एजेंसियों को अपने शासन के पक्ष में इस्तेमाल करना, नफरत पैदा कर दंगा-फसाद करना भाजपा का काम रहा है। जुमलेबाजी की सरकार साबित हुई है। इस लोकसभा के चुनाव में भाजपा को परास्त करने के लिए भाकपा-माले ने हजारीबाग व कोडरमा लोकसभा चुनाव में पुरी ताकत के साथ उतरेगी। कोडरमा लोकसभा के चुनाव में रामगढ़ से सैकड़ों माले कार्यकर्ता पहुंचकर चुनाव अभियान संचालित करने का निर्णय लिया है।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल




**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ बोकारो मार्ग के एन एच 23 स्थित चक्रवाली के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना होते ही आसपास के लोग उसके मदद के लिए सामने पहुंच गए। लोगों ने घटना के संबंध में इसकी जानकारी एन एच आई के एंबुलेंस को दी गई जहां एंबुलेंस घटना स्थल पहुंचकर उक्त युवक को प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुंचाया गया।उक्त युवक को चेहरे में चोट के साथ दायां पैर फैक्क्र हो गया।इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया गया की युवक अपने स्कूटी से सवार होकर बोंगाई अपना गांव जा रहा था जिससे दो बाइक आपस में टकरा जाने दुर्घटना हुई।

## हुल्लू के ग्रामीणों ने श्रमदान कर मिट्टी मोरम सड़क का किया निर्माण

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के संग्रामपुर पंचायत के हुल्लु गांव ग्रामीणों के द्वारा श्रमदान करते शिवालय मंदिर से सरला खुर्द श्मशान घाट के सिमाने तक मिट्टी मोरम सड़क का निमार्ण कार्य किया निर्माण गया।सड़क की लंबाई लगभग दो किलोमीटर है जिसमें ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से दस फीट रैयती जमीन देकर सड़क का निमार्ण किया। उक्त सड़क के बन जाने से अब दो तीन गांव के लोगों के लिए अवागमन में सुविधा होगा। मौके पर दिलीप महतो, धुपु महतो,दिनेश मुंडा,अशोक ठाकुर ,प्रभु महतो,सरजू महतो, लोकेश्वर महतो,नेपाल महतो,रोहन मुंडा,गोपाल महतो,लदान मुंडा, अदरू मुंडा,अनुज महतो,चरकु महतो, शैल देवी, सोनू मुंडा,जूही देवी ,रामप्रसाद महतो ,संजय महतो ,दिलीप नायक, छेदी महतो ,दीनू महतो ,रामू महतो, आदि लोग उपस्थित थे।



### उरीमारी क्षेत्र में कोयले की कालाबाजारी जोरों शोरों से जारी, कई सफेदपोश चेहरे शामिल

# अवैध कोयला चोरी कर भाग रहे हाइवा को सीसीएल सुरक्षाकर्मियों ने चेकनाका लगाकर पकड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र में इन दिनों सबकुछ ठीक ठाक नहीं चल रहा है। कोयले का गढ़ माने जाने वाला क्षेत्र उरीमारी इन दिनों कोल माफियाओं का राज सर चढ़ कर बोल रहा है। वहीं इस अवैध कोयले के कारोबार में कई सफेदपोश चेहरे शामिल हैं। मामला उरीमारी क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। उरीमारी क्षेत्र से कोयले की कालाबाजारी जोरों शोरों से जारी है। इसका जीता जागता उदाहरण रविवार रात्रि में सीसीएल सुरक्षा विभाग ने देखा।वहीं सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि रविवार रात्रि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि उरीमारी वेशवर्कशाप से होते हुए अवैध कोयला लोड हाइवा जिसका नंबर ओडी 09 पी 6147 है और उक्त हाइवा रामगढ़ की ओर तेज गति से भाग रहा है। वहीं सीसीएल सुरक्षा विभाग ने मामले पर संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए उरीमारी चेक पोस्ट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को बैरियर लगाकर सभी कोयला गाड़ियों की जांच करने का आदेश दिया। इसके तत्पश्चात सुरक्षा पदाधिकारी भी रात्रि में चेक पोस्ट पहुंच सभी गाड़ियों के कागजात की जांच पड़ताल करने लगे। इसी क्रम में हाइवा ओडी 09 पी 6147 का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। तो वहीं दूसरी ओर उक्त हाइवा की जांच पड़ताल की गई जिसमें कोयला परिवहन से संबंधित चालान व गाड़ी के कागजात नहीं मिले।वहीं सीसीएल सुरक्षा विभाग ने उरीमारी परियोजना,बिरसा परियोजना एवं न्यू बिरसा परियोजना के डिस्पैच की जांच कि जिसमें उन्हें पता चला कि उक्त हाइवा तीनों परियोजनाओ के ट्रांसपोर्टिंग के लिए पासिंग लिस्ट में ना ही नाम व वाहन का नंबर दर्ज है। वहीं सुचना के आधार पर यह पाया गया कि उक्त हाइवा में लगभग 16 टन अवैध कच्चा कोयला लोड है। सीसीएल सुरक्षा विभाग ने इसकी सूचना अपने वरीय पदाधिकारियों को सुचित करते हुए अवैध कोयला लोड हाइवा को उरीमारी ओपी को सौंप दिया गया। जिसपर उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने मामला दर्ज करते हुए वाहन पर सुसंगत धाराओं को लगाते हुए अपने अनुसंधान में जुट गई। वहीं उक्त हाइवा को सीसीएल उरीमारी परियोजना के सुरक्षा पदाधिकारी राम शनेही, सिराजुद्दीन अंसारी, जयराम, जग्गू महतो के द्वारा रात्रि करीब बारह बजे पकड़ा गया है।वहीं सुरक्षा पदाधिकारी राम शनेही ने कहा कि हाइवा चालक व उसके मालिक के द्वारा अवैध कोयला तस्करी किया जा रहा है। जो एक संज्ञेयनीय अपराध है। उन्होंने उरीमारी ओपी प्रभारी को लिखित सुचना देते हुए न्याय संगत कानूनी कार्यवाही करने की मांग की ताकि सीसीएल को राजस्व की क्षति ना हो।



### वर्षा के बाद हेसला रेलवे पुल के नीचे भरे पानी में बोलेरो फंसा, मचा हड़कंप

## आस पास के राहगीरों ने बोलेरो में सवार लोगों को दरवाजा खोलकर बाहर निकाला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा- नईसराय के बीच स्थित हेसला भूमिगत अंडरग्राउंड मार्ग के अंदर सोमवार संध्या बारिश होने के बाद एकाएक जल जमाव हो गया. जबकि इसी मार्ग से एक बोलेरो जा रही थी, जो पानी तालाब के समान लबालब पानी में फंस गया, हो हल्ला के बाद आस-पास के लोगों की नजर इस पर पड़ी, लोगों के बचाव से इसमें सवार बैठे लोगों को किसी प्रकार पानी से बाहर निकला गया, फिर गाड़ी मालिक ने रामगढ़ से क्रेन मंगा कर गाड़ी को पानी से बाहर निकाल गाड़ी के पानी में इंजन में पानी घुसने कारण वह पूरी तरह से बंद पड़ गया उसे क्रेन की मदद से गैरेज लेजाया गया।बतलादे कि बीते कई माह पहले से ही स्कूल वैन समेत कई यात्री वाहन मोटरसाइकिल चालक वर्षा होने के बाद अंडरग्राउंड हेसला मार्ग के जल जमाव में फंस जाते हैं, जिससे उनकी जान जोखिम में भी पड़ जाती है। वहीं लोगों ने बताया कि मामलों के सामने आने के बाद भी रेलवे प्रबंधन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।



## लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर हुई एनफोर्समेंट एजेंसी सह डीएलबीसी की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सोमवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न सरकारी एवं निजी बैंकों के प्रबंधकों व प्रतिनिधियों के साथ एनफोर्समेंट एजेंसी सह डीएलबीसी की बैठक एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी बैंक कर्मियों से बताया कि आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सभी पॉलीटिकल पार्टी के प्रत्याशियों / प्रतिनिधियों द्वारा निर्वाचन के दौरान व्यय हेतु एक सेपरेट बैंक खाता खोला जाना है जिसपर आप सभी बैंक कर्मी खाता खोलने में आ रहे समस्याओं को दूर करते हुए खाता खोलने का निर्देश दिया गया। ।मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री रविंद्र कुमार गुप्ता, लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त प्रतिनियुक्त विभिन्न मास्टर ट्रेनरों के द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वच्छ, निष्पक्ष व स्वतंत्र आयोजन व आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान बैंकों द्वारा किए जाने वाले कार्यो के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने को लेकर सभी बैंक प्रबंधकों को आवश्यक जानकारियां दी गई। इसके साथ ही बैठक के दौरान सभी बैंक प्रबंधकों व प्रतिनिधियों को निर्वाचन के मद्देनजर बनाए गए इएसएमएस पोर्टल तथा ईएसएमएस सॉफ्टवेयर/ पोर्टल के माध्यम से जपती प्रतिवेदन प्रविष्टि सहित अन्य कार्यो को लेकर प्रशिक्षण भी दिया गया। मौके पर अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनरों के द्वारा बैंक प्रबंधकों व प्रतिनिधियों की दुविधाओं को भी दूर किया गया।



## गुप्त सूचना के आधार पर उड़न दस्ता दल द्वारा की गई कार्रवाई

### 29 कार्टूनों में 348 बोतल शराब जप्त, प्राथमिकी दर्ज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत से आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा उड़न दस्ता दलों, स्टेटिक सर्विलांस दलों सहित निर्वाचन संबंधित कार्यो में लगे अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का रामगढ़ जिले में सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में रविवार रात को गुप्त सूचना प्राप्त होने के उपरांत नियंत्रण कक्ष द्वारा उड़न दस्ता दल को तत्काल रूप से इसकी जानकारी दी गई जिसके उपरांत उड़न दस्ता दल द्वारा मांडू थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाकर वाहन संख्या छ्ञ01ष्टञ्7247 से 29 कार्टूनों में 348 बोतल शराब जब्त किया गया। मामले की जानकारी एक्साइज टीम को दी गई जिसके उपरांत मामले में तत्काल रूप से मांडू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई व इस संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## कोयलांचल अरगड्डा- सिरका में काले बादलों ने गरजने के साथ किया वर्षा


**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस समेत आस-पास के कोलयरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार संध्या 4 बजे के बाद मौसम अचानक परिवर्तन हुआ। काले बादलों ने पूरे क्षेत्र को आसमान की ओर से ढक लिया, जिससे पूरे इलाके में अंधकार व्याप्त हो गया। संध्या 4ः30 बजे के बाद तेज बादल गर्जन के साथ वर्षा आरंभ हुई, जिससे पूरे क्षेत्र के कॉलोनी, सड़कों गड्ढों में पानी भर आए, लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हुआ, सभी जगह समाचार लिखे जाने तक अंधकार छाया हुआ था, खबर भेजने तक अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हो सकी थी।



## स्वीप अंतर्गत वोटर अवेयरनेस को लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडों में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को रचनात्मक तरीके से विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी कनक तिर्की व जेएसएलपीएस डीपीएम रीता सिंह के द्वारा सोमवार को जिले के प्रखंडों में आजविका महिला संगठन व आंगनबड़ी सहिया सेविका के द्वारा स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर अपने-अपने क्षेत्र में ÷वोट करेगा रामगढ़, 20 मई÷ ÷चुनाव का पर्व देश का गर्व÷ आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी महिला मतदाताओं को मतदाता जागरूकता को लेकर शपथ ग्रहण भी दिलाया गया। इस दौरान इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में निर्वाचन विभाग द्वारा प्रदर्शनी के माध्यम से ईवीएम वीवीपीएट मशीन से महिला मतदाओं को मतदान की सही प्रक्रिया को डेमो के माध्यम से बताया गया।कार्यक्रम के दौरान जेएसएलपीएस के दीदियों व आंगनबाड़ी सहिया सेविका ने अपने-अपने क्षेत्र में लगे बाजार हाट सहित अन्य स्थलों पर सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु 20 मई को अपना बहुमूल्य मतों का उपयोग करने का अपील की।

## रानी सती दादी मंदिर में रंग रंगीला फागुन उत्सव का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रंग रंगीला फागुन उत्सव का आयोजन दादी मंदिर के प्रांगण में बड़े ही धूमधाम से किया गयाद्यदोपहर 3ः00 बजे से मीठे मीठे भजनों और फूलों की होली दादी के साथ खेली गई श्री रानी सती महिला मंगल समिति की सदस्यों द्वारा अपने भावपूर्ण भजनों से दादी का गुणगान किया। उसके पश्चात रामगढ़ की प्रसिद्ध गायिका प्रीति पांडे एवं उनकी टीम द्वारा फागुन के अवसर दादी को बड़े प्यारे और सुंदर-सुंदर भजनों से दादी जी को पुष्प रूपी हर चढ़ाया गया। फागुन की रिमझिम बारिश के बीच धमाल पर भक्तों ने झूम झूम के नृत्य किया। महाआरती एवं प्रसाद वितरण रंग रंगीला फागन उत्सव का समापन हुआ। इस उत्सव की सफलता पर श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट ने उत्सव में शामिल होने के लिए सभी भक्तों का आभार एवं अभिनंदन किया।

# आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर उपायुक्त ने सीएसआर सामिति के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ विमल कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में जिले में विभिन्न कारखाना व सीसीएल, टाटा सहित विभिन्न एजेंसियों के साथ सीएसआर समिति की बैठक का आयोजन किया।बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी लोकसभा आम निर्वाचन को सफलता पूर्वक संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा कार्य किया जा रहे हैं। जिसके तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी एजेंसियों को अपने संबंधित क्षेत्रों में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने विभिन्न कारखानो व सीसीएल, टाटा सहित विभिन्न एजेंसियों को मतदान के दिन अवकाश घोषित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान के दिन वहां काम करने वाले सभी कर्मियों को मतदान के प्रति जागरुक करते हुए शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने उपस्थित सभी प्रतिनिधियों को बताया कि जिन जिन कर्मीयों का मतदाता पहचान पत्र संबंधित लोकसभा क्षेत्र में नहीं है और यहां कार्य कर रहे हैं तो वह सभी वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से अपना मतदाता पहचान पत्र संबंधित लोकसभा क्षेत्र में करना सुनिश्चित करने की अपील की।बैठक के दौरान वरीय पदाधिकारी आदर्श आचार संहिताकोषांग सह विधि व्यवस्था कोषांग सह अनुमंडल पदाधिकारी श्री आशीष गंगवार, वरीय पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उप विकास आयुक्त विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो , सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद, जिला शिक्षा अधीक्षक श्री संजीत कुमार, जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह समाज कल्याण पदाधिकारी कनक लता तिर्की, सीसीएल टाटा, जिंदल सहित विभिन्न एजेंसीयों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।
1. ई.निविदा सं. : पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–81–23–24. 2. कार्य का नाम: पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल के अन्तर्गत रमना–सिंगरौली दोहरीकरण के अन्तर्गत महत्वपूर्ण पूल संख्या 07 (ओबरा बाध पुल) (स्पैन–2x30.5m + 5x76.2m + 1x30) के वेल कैप और पिअर (P3, P4, P5, P6) और खुली नीव (P7) के आसपास उप संरचना के जल सुदृढ़ीकरण और पुनर्वास का कार्य। 3. अंकलित मूल्य (रू) : ₹5,69,07,142.50, 4. निविदा प्रपत्र का लागत (रू) : ₹0.00, 5. अग्रधन राशि (रू) : ₹4,34,500.00, 6. कार्य पूर्ण करने की अवधि : 06 (छह) माह। 7. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 05.04.2024, 15.30 बजे अपराह्न।
ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाईट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। द्रष्टव्य: निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाईट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ उक्त वेबसाईट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/
निर्माण/दक्षिण/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/02578/कॉन/अभि./टी/23–24/48

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## शाहिद कमर की देख रेख में सात दिनी तराबी संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** आजाद नगर वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष शाहिद कमर ने पिछ्ले साल की तरह इस साल भी भूली के गफ्फार कॉलोनी स्थित सिल्वर डव ग्राउंड में सात दिनी ख़त्म कुरान (तराबी) का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता मदरसा तेगिया, रहमतगंज के प्रिंसिपल मौलाना यूनुस रज़ा फैज़ी एवं हाफिज व कारी तोहीस रज़ा एनई ने मुकम्मल कुरान सुना कर, खत्म कुरान किया। तत्पश्चात देश व दुनिया की भलाई, अमन व शांति के लिये सभी ने दुआएं की और एक दुसरे को मुबारकबाद पेश की। मौके पर शाहिद कमर ने बताया की इसी प्रकार से हर साल उनकी तरफ से खत्म कुरान का एहतमाम होता रहेगा। इस सात दिनी खत्म कुरान (तराबी) मे करीब 150 लोग शामिल हुए। वहीं इस कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी ने आजाद नगर वेल्फेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष शाहिद कमर का शुक्रिया अदा किया।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने एआरओ एवं राजनीतिक दलों के साथ बैठक की

प्रभात मंत्र संवाददाता




**गिरिडीह :** आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव 2024 तथा 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त सभी एआरओ तथा सभी राजनैतिक दलों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आदर्श आचार संहिता के उचित अनुपालन को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा के साथ ही पूरे जिले में आचार संहिता लागू की गई है। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में आचार संहिता के उचित अनुपालन को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। तथा मतदान प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी दलों से सहयोग की अपील की गई। वहीं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा भी चुनाव के दौरान आयोग से कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कदम उठाए जाने के सुझाव दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने सभाओं, जुलूस, मतदान दिवस, मतदान बूथ के संबंध में आयोग द्वारा जारी विस्तृत दिशा निर्देशों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी लोग भाग लें तथा एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करें और मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करें। मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की अगर कोई त्रुटि हो तो तुरंत अवगत कराएं। इसके अलावा बैठक में पुलिस अधीक्षक ने समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त कर, उन सभी से आदर्श आचार संहिता के अनुपालन की अपील की। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने में लगे सभी अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारियों के बीच आपसी तालमेल व स्वस्थ्य संचार के माध्यम से सभी जानकारियां साझा की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सबकी भागीदारी होती है और सभी के सहयोग से ही हम लोकसभा चुनाव 2024 संपन्न कराने में कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की फेक न्यूज़ या फेक वीडियो को फॉरवर्ड ना करें। विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए तथा पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिये जिला प्रशासन कटिबद्ध है। साथ ही अपील किया कि आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत नियमों का पालन करें। आदर्श आचार संहिता के नियमों के उल्लंघन करने पर सुसंगत धाराओं में विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कैम्ब्रिज स्कुल की छात्राओं ने किया कमाल, वासेपुर का बढ़ाया मान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद डिस्ट्रिक्ट कराटे चैम्पियनशिप का आयोजन सेवा और समर्पण ऑर्गनाइजेशन ने आयोजित किया। जिसमें चिफ गेस्ट के रूप में बीसीसीएल के सीएमडी शमीरन दत्ता उपस्थित थे। जिसमें जिला के बहुत सारे स्कुल की छात्राओं ने भाग लिया। वहीं कैम्ब्रिज स्कुल वासेपुर के 3 बच्चों ने भी भाग लिया। 45 से 50 किलो वर्ग में हिना परविन ने प्रथम, आफिया परवीन ने द्वित्य स्थान प्राप्त हुआ। वहीं मुस्कान कुमारी तकनीकी कारण से डिसकवालिफाइ हुइ। इन तिनो बच्चियों ने कैम्ब्रिज स्कुल एवं वासेपुर का मान बढ़ाया। कैम्ब्रिज स्कुल के कराटे कोच सुनिल कुमार ने बताया के हर महिला को अपनी आत्म रक्षा के लिए ये एक सुनहरा अवसर है। कैम्ब्रिज स्कुल ऑफ लर्निंग वासेपुर कि महिला प्रिन्सिपल शमा परवीन के द्वारा शिक्षा के साथ-साथ सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग बच्चों को देना ये एक बड़ी उपलब्धि है।

## अब्दुल जब्बार के प्रयास से दो चापानल ठीक कराये गए



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वार्ड संख्या 18 स्थित रहमतगंज व पांडरपाला में कई दिनो से खराब पड़े दो चापानल को पार्षद प्रत्याशी सह समाजसेवी अब्दुल जब्बार के प्रयास से मरम्मत कराया गया। अब्दुल जब्बार ने बताया की पहला चापानल मरहूम नत्थू कव्वाल के घर के सामने रहमतगंज तथा दुसरा रहमतगंज इमामबाड़ा के पास मो. मतीन के घर के सामने है। उक्त दोनो चापानल लगभग दो महीने से खराब था जिससे लोगों को काफ़ी परेशानी हो रही थी। रमज़ान मे यह समस्या और भी भयावह रूप ले लिया। आम जनता की परेशानी और लोगो के पानी की जरूरत को देखते हुए उन्होने स्वयं कर नगर निगम के द्वारा चापानल को बनवा कर पानी की किल्लत को दूर किया। वहीं इस कार्य से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। सभी काफी प्रसंशा की और अब्दुल जब्बार का आभार व्यक्त किया।

## टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा डी.ए.वी स्कूल जामाडोबा में वैदिक मन्त्रोच्चार के साथ दो दिवसीय चरित्र निर्माण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर की अध्यक्षता टिस्को झरिया क्षेत्र के चीफ़ (एच.आर.बी.पी) पंकज दास ने की। झारखंड तथा बिहार के सुप्रसिद्ध योगगुरु एवं प्रेरक स्वामी मुक्तरथ जी शिविर के मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे जिनकी गरिमामयी उपस्थिति ने शिविर की शोभा को बढा दिया।प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने मुख्यातिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया तथा शिविर में भाग लेने वाले सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि चरित्र मनुष्य का अलंकार है, चरित्र ही वास्तविक इत्र है जिसकी खुशबू का पता हमारे कर्म से चलता है। वही इस शिविर में स्वामी मुक्तरथ जी ने बच्चों को चरित्र निर्माण में योग की भूमिका से अवगत कराया। साथ ही साथ स्वास्थ्य से संबंधित अनेक योगासन करवाये तथा उनके लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों और विद्यालय के शिक्षकों से भी अनेक योगासन करवाये और उससे संबंधित होने वाले फायदे बताए। स्वामी मुक्तरथ ने शिक्षकों को स्वस्थ रहने, तनाव से मुक्त रहने के लिये भी योग के आसनों का महत्व बताया साथ ही साथ अभ्यास भी करवाया। शिविर के प्रथम दिवस का समापन डी.ए.वी गान तथा शान्ति पाठ के साथ हुआ।

## मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व मनोकामना महायज्ञ के लिए निकाली गई जल यात्रा



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंझलाडीह में 108 भगवती काली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं मनोकामना महायज्ञ तीन दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ प्रथम दिन 108 कन्याओं का जल यात्रा एवं शोभा यात्रा मंझलाड़ीह काली मंदिर से गाजा बाजे के साथ मंझलाडीह बस्ती, मधुडीह,कदमटाँड होते हुए नागदा दामोदर घाट पर पहुंचे ,वहाँ वेद मंत्रोच्यारण आचार्य जगरनाथ ओझा, उपाचार्य पिन्टु ठाकुर, सहयोगी निमाय ओझा, एवं उदय ओझा के द्वारा पूजा पाठ कर कलश में जल भराई किया गया , आयोजन कर्त्ता मंझलाड़ीह सौलह आना समिति के तरफ से मुख्य यजमान सुफल सिंह एवं उनके धर्म पत्नी सुशीला देवी बने, यज्ञ 18/3/2024 से 20/3/2024 त्रिदिवसीय होगा , प्रथम दिन जल यात्रा एवं शोभा यात्रा गाजा बाजा के साथ नागदा दामोदर नदी घाट से जल लेकर पुनः वापस मंझलाडीह काली मंदिर के प्रांगन पहुंचे ,जहाँ पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अग्निवास एवं रात्रि को बाउल संगीत,दूसरा दिन यज्ञ प्रारंभ एवं रात्रि को भक्ति जागरण ,तीसरा दिन यज्ञ पुर्णाहुति, प्रसाद वितरण,एवं रात्रि को कीर्तन का आयोजन किया गया है । उक्त कार्यक्रम में पाथरगड़िया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कमल महतो, सुफल सिंह, शंकर राय, सुभाष चन्द्र गोस्वामी, रंजीत गोस्वामी, बहादुर दास, मागा वाउरी, झाबु राय, मदन राय, दिलीप राय, बिरबल तेली,नागेश कुमार वाउरी, बिजय राय, प्रेम कुमार वाउरी, सालू ,जानकी ,संजु देवी के अलावे सैकड़ो ग्रामीण शमिल थे ।

## गिरिडीह कॉलेज में एनसीसी कमांडेंट ऑफिसर मिले एनसीसी कैडेट्स



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह में एनसीसी के कमांडेंट आफीसर हरमीत सिंह एनसीसी कैडेट्स से मिले। गिरिडीह कालेज में एनसीसी कैडेट्स के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर 22 बटालियन हजारीबाग के कमांडेंट आफीसर हरमीत सिंह का स्वागत किया गया।एनसीसी की केयर टेकर आफीसर प्रो विनीता कुमारी ने बुके एवं शाल देकर कमांडेंट आफीसर को सम्मानित किया। वही एनसीसी कैसे अच्छे से चले , कैडेट्स को मोटिवेट करने और निरिक्षण करने आए हरमीत सिंह ने बताया कि गिरिडीह कालेज के कैडेट्स हमेशा अपना अच्छा प्रदर्शन करते हैं और एनसीसी से न सिर्फ देश सेवा बल्कि व्यक्तित्व का निर्माण होता है नेतृत्व करने की क्षमता बढ़ती है और नौकरी में एनसीसी सर्टिफिकेट वाले छात्र छात्राओं को प्वाइंट मिलता है। मौके पर उपस्थित ।इधर प्रो विनीता कुमारी ने सीओ को धन्यवाद देते हुए कहा कि पहली बार गिरिडीह कालेज में छात्राओं का नामांकन एनसीसी में हुआ है। अब लड़कियां भी किसी भी क्षेत्र में पिछे नहीं है। एनसीसी कैडेट्स के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों एनसीसी कैडेट्स शामिल रहे।

## असर्फी कैंसर संस्थान में प्रसव के बाद रक्तस्राव से होने वाली मृत्यु से बचाव को लेकर नर्सों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** धनबाद सोसायटी ऑफ ऑब्स्ट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजिस्ट और असर्फी कैंसर संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में तथा साउथ एशिएन फेडरेशन ऑफ ऑब्स्ट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी की पहल पर असर्फी कैंसर संस्थान सभागार में रक्तस्राव से होने वाली मृत्यु से प्रूसता को बचाने के लिए पोस्टपार्टम हेमरेज (प्रसव के बाद रक्तस्राव) विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धनबाद के विभिन्न अस्पतालों और नर्सिंग संस्थान के 100 से ज्यादा नर्सों और नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की समाप्ति के बाद प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र और पीपीएच प्रबंधन पुस्तिका का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के तौर पर डॉ. निवेदिता दत्ता, डॉ. अल्का पांडेय, डॉ. अनिता सिंह और डॉ. अर्पिता दास ने भाग लिया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को प्रसव के बाद रक्तस्राव से प्रसूता को बचाने के लिए पोस्टपार्टम हेमरेज (पीपीएच) प्रबंधन के बारे में वीडियो प्रेजेंटेशन देकर और डिमोस्ट्रेशन कराकर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में डॉ. निवेदिता दत्ता ने कहा कि भारत में 27 प्रतिशत महिलाओं की मौत प्रसव के बाद ज्यादा रक्तस्राव से हो जाती है। पीपीएच प्रबंधन कर मातृ मृत्युदर को रोका जा सकता है। इसके लिए नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाना जरूरी है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रसव के बाद रक्तस्राव से मातृ मृत्युदर घटाना है। सही प्रशिक्षण होने पर नर्सें प्रशिक्षित होंगी और प्रूसता की देखभाल करेंगी। इस तरीके से मातृ मृत्युदर में कमी आएगी और जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ रहेगा। वहीं डॉ. अनिता सिंह ने कहा कि धनबाद में असर्फी कैंसर संस्थान के खुलने से बिहार, झारखंड, उड़ीसा और बंगाल के कैंसर रोगियों को इलाज कराने में सुविधा होगी। यह संस्थान नित नई ऊंचाइयों को छुएगा और लगातार आगे बढ़ेगा। कैंसर इलाज के क्षेत्र में यह संस्थान कीर्तिमान स्थापित करेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसएनएमएमसीएच की नर्सें, निचितपुर हॉस्पीटल एंड रिसर्च सेंटर की नर्सें, जालान हॉस्पीटल, चौधरी नर्सिंग होम राजगंज, श्री दुर्गा क्लीनिक हॉस्पीटल रंगुनिया, धनबाद स्कूल ऑफ नर्सिंग समेत अन्य स्वास्थ्य केंद्रों के नर्सों ने भाग लिया। मौके पर असर्पी कैंसर संस्थान के सीईओ हरेंद्र सिंह, संस्थान के निदेशक उदय प्रताप सिंह समेत संस्थान के अन्य कर्मी उपस्थित थे। इसके अलावा प्रशिक्षण कार्यक्रम में धनबाद स्कूल ऑफ नर्सिंग की शिक्षिका किरण राजपूत और टुम्पा समेत अन्य शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

## होली व चुनाव को लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ एसपी ने की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सोमवार को गिरिडीह ज़िले के पपरवाटांड स्थित न्यू समाहरणालय में होली और चुनाव को लेकर गिरिडीह एसपी कार्यालय में एसपी दीपक कुमार शर्मा ने क्राइम मीटिंग आयोजित किया। इस दौरान एसपी शर्मा ने बैठक में मौजूद एसडीपीओ और थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा की शराब तस्करी को लेकर खास ध्यान देने का निर्देश दिया। और कहा की इंटर डिस्ट्रिक्ट स्तर पर जिले के सभी चेक पोस्ट पर निगरानी करने की जरूरत है। हर वाहनों की जांच करने का निर्देश दिया गया। जबकि चुनाव को देखते हुए एसपी ने कहा की दो लाख तक में छूट है लेकिन इसके बाद अधिक कैश होने के बाद उसे सीज करने का निर्देश दिया गया। एसपी ने कहा की इसके लिए हर थाना प्रभारी आईटी का सहारा ले, और बगैर जांच के नगद को तत्काल मुक्त करने पर सख्त पाबंदी भी लगाने का सुझाव दिया। इस दौरान एसपी ने होली के पर्व को ध्यान में रखते हुए इलाके में गष्टि बढ़ाने का निर्देश दिया। जबकि असामजिक तत्वों पर भी नजर रखने की बात कही।

## पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा ने महिला रेलकर्मियों को किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा आज पाटलिपुत्र रेल परिसर, दीघा, पटना में आयोजित कार्यक्रम में महिला रेलकर्मियों को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी शर्मा द्वारा 25 महिला रेल कर्मचारियों को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर संगठन की सचिव मीनाक्षी कुमार एवं संगठन की अन्य सदस्याएं उपस्थित थीं ।

## राजनीति आपका भविष्य निर्धारित करती है, आप उसका भविष्य निर्धारित करें, मताधिकार का प्रयोग करें : विनोद




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) और आइसा द्वारा सरिया कॉलेज में छात्र-युवा पंचायत आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन जिलाध्यक्ष सोनु पांडेय कर रहे थे।वहीं मुख्य रूप से बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह,राष्ट्रीय महासचिव नीरज कुमार,प्रदेश अध्यक्ष संदीप जायसवाल मौजूद थे। छात्र-युवा पंचायत को सम्बोधित करते हुए बगोदर विधायक कॉमरेड विनोद सिंह ने कहा कि जब राजनीति देश के छात्र-युवाओं का भविष्य तय करती है तो ये आप की जिम्मेदारी बनती है की आप ये तय करें की आपकी राजनीत क्या होगी. 2024 लोकसभा चुनाव का एजेंडा यंग इंडिया को तय करना है और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा-आरएसएस के नफरती एजेंडे के खिलाफ़ शिक्षा-रोजगार को केंद्रीय मुख्य मुद्दा बनाना है। वहीं संबोधित करते हुए इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड नीरज कुमार ने कहा कि पिछले दस साल के मोदी सरकार ने देश में बेरोजगारों की फौज खड़ी कर दी है. नौकरियों के 30 लाख से ज्यादा खाली पदों को दस साल में नहीं भरा गया ऊपर से पहले से मौजूद पदों को ख़त्म भी किया गया. भारतीय रेलवे में 3 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं लेकिन मोदी सरकार की इसे भरने में कोई रूचि नहीं है. रेलवे को नीलामी के बाज़ार में रख दिया गया है. ट्रेन, स्टेशन, प्लेटफार्म, रूट, स्टेडियम, स्कूल बेचे जा रहे हैं और बड़े पैमाने पर ठेकाकरण किया जा रहा है. 100 से ज्यादा सरकारी कंपनियों का शेयर बेच दिया गया जिससे नौजवानों की नौकरियां और देश की आमदनी भी प्रभावित हुई। सेना में अग्निपथ योजना लाकर बहाली को ठेका पर कर नौजवानों के भविष्य पर बुल्डोजर चलाया गया।

## दर्जनों लोग भाजपा छोड़कर जेएमएम पार्टी में हुए शामिल



**तिसरी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तिसरी प्रखंड के चंदौरी पंचायत के मोदीबिगाह में सोमवार को झामुमो कार्यकर्ताओं का एक बैठक किया गया। जिसमे मुख्य रूप से झामुमो के पूर्व विधायक निज़ामउद्दीन अंसारी उपस्थित थे। बैठक के जे एम एम पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी ने कहा बैठक का मुख्य उद्देश्य है की दर्जनों महिला पुरुष भाजपा पार्टी को छोड़ कर झामुमो पार्टी में शामिल हुए। जिसके लिए आभार व्यक्त करते हुए सभी लोगो को झामुमो पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इन्होंने कहा झामुमो पार्टी में आने के बाद यहां के जनता में काफी हर्ष है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने अपने कार्यालय कक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उन्हें आदर्श आचार संहिता, चुनावी खर्च सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता के साथ-साथ जिले में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा भी लागू है। अब हर कार्यक्रम के आयोजन के लिए राजनीतिक दल को अनुमति लेना अनिवार्य है। इसके लिए ÷सुविधा पोर्टल÷ पर आसानी से ऑनलाइन आवेदन देकर अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। हर कार्यक्रम में वीडियो सर्विलेंस टीम मौजूद रहेगी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने भारतीय चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों से राजनीतिक दलों को अवगत कराया। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव के दौरान किए गए खर्च की सही जानकारी सभी प्रत्याशी उपलब्ध कराए। जांच में खर्च का ब्यौरा गलत पाए जाने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द भी हो सकती है। उन्होंने सभी से आदर्श आचार संहिता को लेकर सतर्क रहने और भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक ह्रदीप पी जनार्दनन ने कहा कि 16 मार्च 2024 से लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ आदर्श आचार संहिता भी प्रभावी है। इसलिए सभी राजनीतिक दल इसका अनुपालन सुनिश्चित करें। कोई भी व्यक्ति या राजनीतिक दल अपने वाहन या मोटरसाइकिल, आवास या कार्यालय के बाहर पार्टी का झंडा या चिन्ह अनुमति लेकर लगाए। वाहनों में लगे विभिन्न पद के बोर्ड हटा ले। किसी आयोजन के लिए समय पर सुविधा पोर्टल पर आवेदन दें।

# केंद्र की योजना को अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : बालकृष्ण सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी बगड़ु शक्ति केंद्र की बैठक उमेश यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बालकृष्ण सिंह ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के नेतृत्व में पूरा देश में विकास हो रहा है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक हमारी सरकार की योजना का लाभ दिया जा रहा है। जिससे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गांव गांव घर-घर जाकर अवलोकन कर रहे हैं की जो भी योजना केंद्र सरकार की चल रही है हमारे समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को मिले इसके लिए काम कर रहे हैं उन्होंने कहा कि आज गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर, निशुल्क हर माह खाद्यान्न मिल रहा है, हर घर नल जल योजना के तहत घर-घर स्वच्छ जल पहुंच रहा है, उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन कोविड से बचने के लिए निशुल्क वैक्सीन, गांव-गांव बिजली पहुंचाना, सुदूर गांव को जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रतिदिन पूरे देश में सड़क का जाल बिछाया जा रहा है,महिला दीदी लोग को समूह के माध्यम से लखपति बनाने की योजना चल रही है,साथ ही पीएम किसान योजना के तहत किसान सम्मान निधि की राशि किसानों को दी जा रही है, स्वच्छता अभियान के तहत घर-घर निशुल्क शौचालय के निर्माण करवाया गया है। पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रजापति ने कहा कि आजादी के 60 वर्षों तक जो कार्य कांग्रेस सरकार ने नहीं की वह कार्य को 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने कर दिखाया। आने वाला समय में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में फिर एक बार भाजपा की सरकार बने आप हर घर से वोट के रूप में भारतीय जनता पार्टी को सहयोग करें। सुरेश बैठा ने संबोधित करते हुए कहा कि हर बुथ में कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़े ताकि आने वाले समय में हमें इसका भरपूर लाभ मिले। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री बाल कृष्णा सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अखज प्रजापति, कार्यालय मंत्री सुरेश बैठा, भाजपा सहित रामदास महली, बीरबल उरांव, आशा देवी, पूनम देवी, चांदनी देवी, लक्ष्मण लकड़ा, दीपक लकडा, अधिराज देवी, मनी उराव, सुमन उरांव, उमेश यादव, परमेश्वर उरांव, धनी लाल भगत सहित विभिन्न बुथ से बुथ अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित हुए।

## लोहरदगा लोक सभा सीट से कांग्रेस लडेगी या झामुमो तय नहीं, दोनो के बीच रार बरकरार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राज्य भर में चुनाव की घोषणा हो चुकी है लेकिन अभी तक लोहरदगा सीट पर महागठबंधन में रार बरकरार है। जहाँ कांग्रेस लोहरदगा को पारंपरिक सीट मानकर अपना दावा जता रही है तो एक ओर से झामुमो,इस सीट पर कांग्रेस के पूर्व विधायक सह पूर्व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत उम्मीदें पाले बैठे हैं। दुसरी तरफ झामुमो ने भी अपने दावेदारी पेश करके सियासी गर्माहट पैदा कर दी है। चमरा लिंडा ने झामुमो के प्रत्याशी की दावेदारी पेश करके महागठबंधन को असमंजस में डाल दिया है।बता दे की बिशुनपुर के विधायक चमरा लिंडा लोहरदगा से लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं।वर्तमान समय में इस सीट से भाजपा के सुदर्शन भगत सांसद हैं ।परंतु इस बार सुदर्शन भगत को टिकट न देकर राज्यसभा सांसद समीर उरांव को उम्मीदवार बनाया है।लेकिन कांग्रेस के तरफ अभी तक यह तय नहीं हो सका है कि इस सीट से कांग्रेस लड़ेगा या झामुमो, अब तक कांग्रेस से रामेश्वर उरांव तथा सुखदेव भगत को मजबूत दावेदार माने जाते आ रहे हैं पर दूसरी ओर झामुमो इस सीट पर जीत का दावा करते हुए चमरा लिंडा को चुनाव में उतारना चाहता है।इसी को लेकर लोहरदगा सीट पेच फंसा रहा है,लोहरदगा सीट के पांच विस सीट में से तीन झामुमो के पास और दो पर कांग्रेस का कब्जा है।कांग्रेस का कब्जा मांडर व लोहरदगा विस सीट पर है।लोहरदगा विस सीट से खुद मंत्री रामेश्वर उरांव विधायक है,मांडर से शिल्पी नेहा तिर्की विधायक है जबकि बिशुनपुर से झामुमो के चमरा लिंडा,सिसई से जिगा सुसारन होरो व गुमला से भूषण तिर्की विधायक है।तीनों ही झामुमो से हैं और तीनों ही चाहते हैं कि लोहरदगा सीट झामुमो को मिले यही कारण है कि झामुमो लगातार इस सीट पर भी दावा कर रहा है इसी दावा के कारण ही लोहरदगा सीट पर पेच फंसा हुआ है।अब देखना है की इन दो पार्टियों ने लोहरदगा सीट पर क्या फैसला लिया जाता है।वही सुखदेव भगत कांग्रेस से 2005 में (विधानसभा)पहली बार चुनाव लडे और विधायक बने, जिसके बाद लगातार दो बार 2009 और 2014 में चुनाव हार गए उसके बाद उपचुनाव 2017 में जीते, जिसके उपरांत 2019 कांग्रेस से लोकसभा चुनाव लडने का फैसला लिया और फिर चुनाव हारे, जिसके बाद उन्होंने कांग्रेस को छोड़कर भाजपा का दामन थामा, जिसके उपरांत 2019 में उन्होंने भाजपा से फिर विधान सभा का चुनाव लड़े और फिर से हार का सामना करना पड़ा।जिससे बाद उन्होंने भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए और फिर से वर्तमान समय 2024 की लोक सभा चुनाव लडना चाह रहे हैं,परंतु चमरा लिंडा के लोहरदगा लोकसभा सीट से चुनाव लडने के दावा को लेकर पेंच फसी है।वही 2009 में चमरा लिंडा ने निर्दलीय से लोक सभा चुनाव लड़ी थी परंतु सुदर्शन भगत के सामने उनकी भी हार हुई थी।जिसके बाद फिर से 2024 मे लोहरदगा सीट से उन्होंने लोक सभा चुनाव लडने का फैसला लिया है।पर अब देखना है की इस सीट पर चुनाव झामुमो लड़ती है या फिर कांग्रेस।

## पेपर लीक होना राज्य सरकार की नाकामयाबी और नौजवानों के साथ धोखा : तुलसी कुमार साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजपा के सिमडेगा जिला मंत्री सह खूंटी लोकसभा के पालक तुलसी कुमार साहू जेपीएससी एग्जाम पेपर लीक प्रकरण पर बयान जारी करते हुए कहा कि पिछले दिनों जेएसएससी की परीक्षा आयोजित की गई थी जिसे पेपर लीक होने के कारण परीक्षा रद्द की गई लेकिन इससे कोई सबक नही लेते हुए रविवार को जेपीएससी द्वारा आयोजित 17 मार्च के परीक्षा में पुनः पेपर लीक होने का मामला प्रकाश में आना राज्य सरकार की नाकामयाबी दिखाती है यह राज्य सरकार युवाओं को ठगने का काम कर रही है युवाओं का भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है जेपीएससी की परीक्षा में फॉर्म भरने के बाद तुरंत एग्जाम लेना बिना तैयारी किए परीक्षा लेना जेपीएससी और राज्य सरकार की विफलता है यह सरकार चुनावी फायदा लेने के लिए बेरोजगार युवाओं को बेवकूफ बनाने का काम कर रही है लेकिन हमारे ऊर्जावान युवा राज्य सरकार के झांसे में नहीं आएंगे परीक्षा कक्षा के बाहर प्रश्न पत्र लीक होने का आरोप परीक्षार्थियों ने लगाया जिस प्रकार से पेपर लीक हुआ उससे स्पष्ट होता है कि झारखंड सरकार ने जेएसएससी की तरह जेपीएससी को भी पैसे कमाने का जरिया बना दिया है मैं राज्य सरकार से मांग करता हूं इस परीक्षा को रद्द कर फिर से निष्पक्ष रूप परीक्षा आयोजित करें। झारखंड के नौजवानों से मेरा अपील है अब इस सरकार को उखाड़ फेंकने में आपका साथ चाहिए आप भारतीय जनता पार्टी का सहयोग करें। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही ऐसे भ्रष्ट लोगों को चुन चुन कर उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और झारखंड के नौजवानों का हक और अधिकार दिल कर रहेंगे भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार निष्पक्ष रूप से कदाचार मुक्त झारखंड के नौजवानों के हित में परीक्षा करना सुनिश्चित करेगी।

## कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन एक अनूठी परंपरा रही है जो सनातन समाज की दिशा तय करती है : सुषमा सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला संरक्षक आज जय श्रीराम समिति की बैठक पावरगंज स्थित देवी मंदिर प्रांगण में हुई जिसमें सभी पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में मुख्य रुप से होली मिलन समारोह व कार्यकर्ता सह-सम्मान समारोह को लेकर खास चर्चा की गई जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए रूप रेखा बनाई गई जिसमें सभी को अपनी अपनी जिमेवारी को सौंपा गया। जिला संरक्षक श्रीमती सुषमा सिंह ने कहा जय श्रीराम समिति के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान एक अनूठी परंपरा रही है जो संगठन और सनातन समाज की दिशा को तय करने में महत्पूर्ण भूमिका निभाती है साथ ही आगे कहा होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाई जाएगी। मौके पर जिला संरक्षक श्रीमती सुषमा सिंह, अजय सोनी जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो, अनिल उरांव, प्रदीप साहू, विक्की कसेरा, अनुज कुमार, विनोद प्रसाद, बजरंग साहू, रवि वर्मा, बजरंग करवा, आलोक पाठक समेत आदि लोग मौजूद थे।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा के न्याय मार्च का आज से होगा शुभारंभ : मोजम्मिल अहमद



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा का न्याय मार्च आज 19 मार्च से होने जा रहा है,जिसमें बचे हुए हर पंचायत में न्याय मार्च निकाला जायेगा। उक्त बातें झामुमो लोहरदगा जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद ने प्रेस बयान जारी कर कही। जिला अध्यक्ष श्री अहमद ने कहा कि झामुमो के एक-एक कार्यकर्ता इसको लेकर तैयार हैं। उन्होंने कहा कि न्याय मार्च के माध्यम से झामुमो के एक-एक कार्यकर्ता जनता से मिलेंगे और जनता को बताएंगे कि केंद्र में भाजपा पार्टी की मोदी सरकार ने किस तरह से लोकप्रिय आदिवासी नेता माननीय पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बदनाम करने के लिए झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि ऐसे आदिवासी विरोधी पार्टी को सबक सिखाया जाए। जिला अध्यक्ष ने कहा की लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में एक ही पार्टी है झामुमो जो भाजपा को हराने की क्षमता रखती है।

## कैरो में जमीन विवाद को लेकर घटी मारपीट की घटना, एक घायल, दोनो पक्षों ने थाना को दिया आवेदन

**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 17 मार्च रविवार को कैरो के चिपो गाँव मे जमीन विवाद को लेकर घटी मारपीट की घटना मे एक व्यक्ति घायल हो गया, परिजनों ने ईलाज हेतू घायल को पहूँचाया लोहरदगा सदर अस्पताल। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिपो ग्राम निवासी मिथिलेश यादव पिता सुखदेव यादव एवं गाँव के ही सोहन यादव पिता रामधन यादव के बीच जमीन विवाद का मामला पुर्व से ही चला आ रहा है,विवाद को सुलझाने को लेकर पुर्व मे कई बार बैठक भी की गई, पर विवाद का निपटारा नहीं हो सका था,विवाद का मामला पुर्व मे थाना तक भी पहुँचा था। अचानक रविवार को पुनः विवाद बढ़ गई और एक दुसरे के बीच हाथापाई होंने से मिथिलेश यादव को चोट पहूँची और वे घायल हो गये। मामले पर कैरो थाना मे घायल मिथिलेश यादव की पत्नी ने लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है, तो वही घटना पर सोहन यादव की पत्नी ने भी थाना को लिखित दिये आवेदन पर सुरक्षा की गुहार लगाई है। उक्त संबंध मे कैरो थाना प्रभारी नीरज झा ने कहा कि घटना की जाँच के बाद ही आगे की करवाई की जायेगी।

## सीबीएसई की परीक्षा में 20 छात्र छात्राओं ने दिया अर्थशास्त्र की परीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत जोगना स्थित जिला के नवोदय विद्यालय को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 12 वीं की परीक्षा के लिये जवाहर नवोदय विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जहाँ डीएवी लोहरदगा के छात्र छात्राओं ने अर्थशास्त्र का परीक्षा दिया। वही केंद्रीय विद्यालय राँची के प्रतिनियुक्त केंद्राधीक्षक बलेरियन कुजूर ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 12 वीं की परीक्षा में सोमवार को डीएवी लोहरदगा के 20 छात्र छात्राओं में से सभी विद्यार्थी उपस्थित हो अर्थशास्त्र का परीक्षा दिया कोई भी छात्र अनुपस्थित नही रहे। साथ ही बताया कि शिक्षक शिक्षिकाएँ और सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त हो रहा है। मौके पर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य अवनीश चन्द्र झा, सुनील कुमार, मनीष कुमार मिश्रा, सुजीत कुमार, धनंजय कुमार, अंजनी कुमारी, प्रतिमा साहु सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएँ मौजूद रहे।

## बीडीओ ने किया बूथ निरीक्षण दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार और चितरी पंचायत स्थित विभिन्न बूथों का बीडीओ ने किया निरीक्षण दिए आवश्यक दिशा निर्देश। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार तथा चितरी पंचायत के सेरेंगहातु, बरही, चटकपुर और चितरी, एकागुड़ी बूथ का निरीक्षण किया गया। वही बूथ निरीक्षण के क्रम में बीडीओ श्री मुर्मू ने बिजली, पानी, रैम्प और शौचालय का निरीक्षण किया तथा जिन बूथों में सुविधा नही है। वैसे बूथ के बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि यथाशीघ्र रिपोर्ट दें जिसे बूथ पर मतदताओं और मतदान कर्मियों के लिये सुविधा उपलब्ध कराया जा सके और मतदताओं एवं मतदान कर्मियों को मतदान के दिन परेसानी न हो तथा मतदान का प्रतिशत बढ़े। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, बीपीआरओ सुजीत कुमार, बीपीओ निलेन्द्र कुमार के अलावे सभी बीएलओ मौजूद थे।

## कई युवाओं ने थामा झापा का दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सोमवार की सुबह कई युवा झापा के केन्द्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का के घर पहुंच कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने की इच्छा जताई। जिसके बाद एनोस एक्का, संदेश एक्का, जिलाध्यक्ष मतियस बागे आदि ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर सभी युवाओं का पार्टी में स्वागत किया। मौके पर एनोस एक्का ने कहा कि युवाओ का राजनिति के प्रति जागरूक होना अच्छी पहल है। युवाओं के जागरूक होने से समाज में फैली कुरितियों का दुर करने में सफलता जरूर मिलेगी। उन्होने सभी युवाओं से लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान करने की भी अपील की। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में दीपक अग्रवाल बीट्टु, मोर्सफ आलम, अनमोल बा~, विल्सन डुंगडुंग, प्रवीण केरकेट्टा, मोहित डुंगडुंग, नितिश इंदवार, अमृत किड़ो, रोहित कुल्लु, चंदन किड़ो, उजीन सोरेंग, प्रीतम बारला आदि शामिल थे। मौके पर ललन प्रसाद, अभय विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में लोकसभा चुनाव की सांगठनिक तैयारी की समीक्षा बैठक आज

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजेश ठाकुर अध्यक्ष झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की सांगठनिक तैयारी की समीक्षा बैठक आज दिनांक 19/03/2024 मंगलवार समय 11 बजे दिन में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में एक आवश्यक बैठक कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन लोहरदगा में कार्यकारी अध्यक्ष हाजी सकील अहमद की अध्यक्षता में रखी गई है। जिसमें जिला कांग्रेस कमिटी के सभी पदाधिकारी, सभी प्रखंड अध्यक्ष, अग्रणी संगठन, सभी प्रकोष्ठो के अध्यक्ष गण सभी पदाधिकरी गण क्रमशः एनएसयूआई, सेवा दल, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, अल्पशंख्यक प्रकोष्ठ, ओबीसी प्रकोष्ठ, एसटी प्रकोष्ठ, एससी प्रकोष्ठ, के अध्यक्ष गण, सभी वरिष्ठ कांग्रेसी गण, आवश्यक रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारी,प्रखण्ड अध्यक्ष,अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उक्त बैठक में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारियों से निवेदन है कि बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी कांग्रेस कमिटी जिला कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद ने दी।

## चेक बाउंस मामलेब में आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चेक बाउंस के आरोप पर आरोपी संतोष कुमार सिंह गिरफ्तार भेजा गया जेल। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू निवासी विश्वनाथ सिंह के पुत्र पर संतोष कुमार सिंह के विरुद्ध 146/16 के तहत चेक बाउंस का मामला दर्ज किया गया था। उसके उपरांत आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और न्यायालय के आदेश का उलंघन आरोपी के द्वारा किया जा रहा था। इस संदर्भ में प्रशिक्षु एस पी वेदांत शंकर ने जानकारी देते हुए कहा कि न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को गिरफ्तार कर नियम संगत कारवाई करते न्यायिक हिरासत लोहरदगा जेल भेजा गया।

# निशुल्क आंख जांच का लगा शिविर 100 मरीज ने कराया जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर में स्थित पंचायत भवन में निःशुक्ल जांच चिक्तिसा शिविर सोमवार को लगाया गया।यह शिविर जयप्रकाश नारायण हॉस्पिटल बहीरा आश्रम चौपारण के तहत लगाया गया।शिविर पंचायत की मुखिया निर्मला देवी के नेतृत्व में लगाया गया। शिविर में 100 मरीजों का इलाज निशुल्क किया गया। वहीं वार्ड सदस्यों ने शिविर के डाक्टर से इलाज व दवा से सम्बंधित पूछ ताक्ष किया। इस दौरान डॉक्टर ने बताया कि आंख जांच सहित कई बीमारियों का निशुल्क इलाज किया जा रहा है। और दवा का पैसा लिया जा रहा है। मौके पर वार्ड सदस्य सहित अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त को आवेदन देकर नवनिर्मित स्वास्थ केंद्र में चिकित्सा सुविधा बहाल करने की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरपा पंचायत मुखिया अजय टाना भगत ने लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह को आवेदन देकर नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्र मुरपा में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। दिए आवेदन में कहां है कि झारखंड में वर्ष 2015-16 में दो मंजिला भवन का निर्माण लगभग 6000 वर्ग फीट में बनकर तैयार हुआ है परंतु आज तक स्वास्थ्य केंद्र में किसी भी प्रकार का चिकित्सा का सुविधा उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसके कारण मुरपा पंचायत के आम जनता को दूसरे जगह जाकर चिकित्सा उपचार करवाना पड़ता है जिस कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है साथ ही समय पर चिकित्सा उपचार नहीं मिलने के कारण अपने को भी खोना पड़ता है। इसलिए सारी पहलुओं को देखते हुए उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र मुरपा में जल्द से जल्द चिकित्सा के नियुक्ति करने की मांग किया है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान कर्मियों का हुआ प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत आज सोमवार को मतदान कार्य से जुड़े पदाधिकारियों/ कर्मियों को सीएम उत्कृष्ट नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय में निर्वाचन संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर उन्हें ईवीएम और वीवीपैट को एक-दूसरे से जोड़े जाने, मॉक पोल, सभी प्रपत्रों को भरे जाने, पदाधिकारियों का आपस में समन्वय स्थापित करने आदि का प्रशिक्षण व निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आदर्श आचार संहिता का पालन करने व कराने की विस्तृत जानकारी दी गयी। यह प्रशिक्षण विभाकर, प्रभारी पदाधिकारी व अन्य प्रतिनियुक्त द्वारा दिया गया।

## ठेठईटांगर प्रखंड संसाधन केंद्र को झारखंड का सबसे बेहतरीन प्रखंड संसाधन केंद्र का पुरस्कार मिला



**ठेठईटांगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटांगर प्रखंड संसाधन केंद्र को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रोजेक्ट भवन रांची में 12 मार्च को पुरुस्कृत किया गया। झारखंड राज्य स्तरीय कार्यक्रम में महिलाओं के गैर कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने साथ ही महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए झारखंड के सबसे अच्छे बीआरसी के पुरुस्कार देकर सम्मानित किया है। ठेठईटांगर बीआरसी को 1717 उद्यमी बनाने का लक्ष्य दिया गया था, जिसको समय रहते सफलता पूर्वक पूरा कर लिया गया है। आर्थिक सशक्त बनाने के साथ साथ दीदियों को उनका बीमा, आधार उद्योग रजिस्ट्रेशन, भी निरंतर रूप से किया गया।

## चलते चलते एक नजर

## प्रो. विवेकानंद उपाध्याय ने इग्नु के सहायक समन्वयक पद पर योगदान दिया



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विवेकानंद उपाध्याय ने महाविद्यालय परिसर में संचालित इग्नु अध्ययन केन्द्र में सहायक समन्वयक के रुप में अपना योगदान दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे की उपस्थिति में प्रो. उपाध्याय ने समन्वयक डा. अरुण कुमार तिवारी को अपना योगदान सौंपा। प्रो. विवेकानंद उपाध्याय को इस पद पर योगदान देने पर महाविद्यालय के शिक्षकों ने उन्हे बधाई दी है। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि सहायक समन्वयक के रुप में योगदान देने से महाविद्यालय में संचालित इग्नु अध्ययन केन्द्र और सशक्त होगा।


## 29 नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

**जयपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रीति और नीतियों से प्रभावित होकर उनके नेतृत्व में अंत्योदय के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करने का संकल्प लेते हुए भाजपा प्रदेश कार्यालय में विभिन्न राजनीतिक दलों से आए पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्यों के साथ सरपंच और तीन दर्जन से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा। इस अवसर पर जालौर के पूर्व विधायक और दलित नेता रामलाल मेघवाल, देवली-उनियारा से आरएलपी प्रत्याशी रहे डॉ. विक्रम सिंह गुर्जर, एससी प्रकोष्ठ जालौर के जिलाध्यक्ष गोकुल परिहार, जालौर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री रमेश मेघवाल, समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व सदस्या भावना गर्ग और फैशन डिजाइनर अर्चना सुराणा सहित अन्य लोगों को मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, ज्वाइनिंग कमेटी के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराई। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज्वाईनिंग कमेटी के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी का एक ही नारा है अबकी बार 400 पार। पीएम मोदी के 10 वर्षो के सुशासन में आम आदमी का जीवन सरल हुआ है। समाज में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के उत्थान के लिए सैंकड़ों लोक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। वहीं प्रदेश की भजनलाल सरकार ने महज तीन महिने में प्रदेश में अपने संकल्प पत्र को पूरा करने के लिए ऐतिहासिक कार्य किये हैं। वहीं कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व आज नशे में है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष यात्रा कर रहे है, उन्हें पार्टी के भीतर क्या हो रहा है इसका मालूम नहीं है।

# बाहरी व्यक्ति बताकर विरोध करने वालों की परवाह नहीं : वीडी राम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू संसदीय सीट से भारतीय जनता पार्टी के घोषित उम्मीदवार विष्णु दयाल राम ने सोमवार को कहा कि उनके विरोधी उन्हें बाहरी व्यक्ति बताकर विरोध करते हैं तो उन्हें इसकी कोई परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि लगातार इस लोकसभा क्षेत्र से वह विजयी हुए हैं और भाजपा ने योग्य समझकर तीसरी बार उन्हें टिकट दिया है। वीडी राम ने कहा कि पहली और दूसरी बार उन्हें बाहरी नहीं बताया गया। तीसरी बार चुनाव लड़ने से पहले बाहरी बताया जा रहा है। यह सारा खेल विपक्ष का है और उससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। पार्टी के अंदर इस मामले को लेकर मतभेद है तो उसे दूर कर लिया जायेगा। मनभेद की कहीं कोई बात नहीं है। वीडी राम ने कहा कि यातायात के क्षेत्र में काफी काम हुआ है। सड़क



एवं रेल क्षेत्र में क्रांति आई है। उन्होंने कहा कि रांची-विंड़मगंज फोरलेन सड़क बन रही है। कई बाइपास बनाए जा रहे हैं, जिससे आवागमन भविष्य में सुगम होने वाला है। उन्होंने कहा कि सतबरवा, पोलपोल, शंखा से खजुरी, मेराल, रमना एवं नगरउंटारी में बाइपास का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। सोननदी पर पंडुका-श्रीनगर के बीच ब्रिज का निर्माण 40 प्रतिशत पूरा हो गया। सांसद ने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि उद्योग धंधे स्थापित हों, इसे लेकर राज्य सरकार का सपोर्ट नगण्य है। विपरीत दिशा की सोच होने के कारण आकांक्षी जिले में शामिल पलामू और गढ़वा का विकास नहीं होने के पक्ष में है।गौरतलब है कि पलामू और गढ़वा जिले में सांसद वीडी राम को बाहरी बताकर पोस्टरबाजी हुई है। साथ ही उम्मीदवार बदलने की भी अपील की गई है। गढवा के 17 प्रखंड इकाई प्रमुखों ने संयुक्त रूप से भाजपा के आलाकमान से विष्णु दयाल राम को बाहरी बताकर स्थानीय को उम्मीदवार बनाने की मांग की है।

## केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा : राजेश ठाकुर

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन पर देश की जनता के प्रति यात्रा और राहुल गांधी के प्रति दिखाई गई प्रतिबद्धता के लिए आभार प्रकट किया है। ठाकुर ने कहा कि हम जनता के आभारी हैं, जिन्होंने इस यात्रा के लिए अपने समर्थन को मजबूती से बनाए रखा और देश में जारी लूट-खसोट,भ्रष्टाचार, अन्याय के खिलाफ मुखर होकर आगे आकर संघर्ष करने का हौसला दिखाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जिस तरह से कहा कि ÷एक राजा की जान तोते में बसी थी। उसी तरह इस राजा की जान भी ईवीएम में बसी है,अगर ईवीएम और वीवीपैट की पर्ची का मिलान हो जाए तो शायद इस राजा की जान भी चली जाएगी। यह पूरी तरह सत्य है और इस सच के लिए कांग्रेस लड़ाई लड़ती रहेगी। ठाकुर ने कहा कि देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने का यह चुनाव आखिरी मौका साबित हो सकता है अगर हम इस बार चुके तो इस चुक की भरपाई नहीं हो सकती।

## तनाव से मुक्ति का मार्ग है स्पर्श ध्यान : सतीश राय

एजेंसी

**प्रयागराज :** स्पर्श ध्यान एक विश्राम पाने की प्रक्रिया है। इस के माध्यम से बिना औषधि खिलाए रोगों का स्वतः उपचार होता है। यदि बिना पैसा खर्च किये ऐसा है तो इसे अपनाने की जरूरत है। स्पर्श ध्यान करने से हमारे शरीर के सात प्रमुख चक्र जैसे सहस्त्रार चक्र, आज्ञा चक्र, कंठ चक्र, हृदय चक्र, मणिपुर चक्र, स्वाधिष्ठान चक्र एवं मूलाधार चक्र मजबूत होता है। यह बातें एसकेआर योग एवं रेकी शोध प्रशिक्षण और प्राकृतिक संस्थान की ओर से प्रयागराज रेकी सेंटर पर आयोजित स्पर्श ध्यान के निःशुल्क कार्यक्रम में जाने-माने स्पर्श चिकित्सक सतीश राय ने कही।उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में आगे बढ़ने की लालसा के चलते आज तनाव के टेंशन से हर कोई जूझ रहा है। चाहे बच्चों को पढ़ाई का टेंशन हो या बड़ों को ऑफिस का। इनसे बचने के लिए कुछ क्षण आराम करना अच्छा होता है। ऐसे में स्पर्श ध्यान के माध्यम से शरीर को रिलैक्स कर सकते हैं। स्पर्श चिकित्सा पद्धति में स्पर्श ध्यान के माध्यम से दिमाग को शांत करने की एक क्रिया है, जो कभी भी कहीं भी बड़ी सरलता से किया जा सकता है। स्पर्श ध्यान से शरीर की आंतरिक क्रियाओं में विशेष परिवर्तन होता है। शरीर के प्रत्येक अंगों में शुद्ध प्राण ऊर्जा भर जाती है जो अंगों को स्वस्थ करती है।सतीश राय ने कहा कि स्पर्श चिकित्सा पद्धति में स्पर्श ध्यान एक योग क्रिया है, इससे बड़ी आसानी से सीखा जा सकता है। इसके नियमित अभ्यास से मन शांत होता है, तनाव से मुक्ति मिलती है, बेचैनी कम होती है, आत्मविश्वास को बढ़ाता है, एकाग्रता बढ़ती है, माइग्रेन, ब्लड प्रेशर, कमजोरी, अनिद्रा, जोड़ों के दर्द में लाभ होता है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गढ़वा :** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर ने लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सभी राजनीतिक पार्टियों को पलामू संसदीय क्षेत्र लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अधिसूचना की तिथि 18 अप्रैल, नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल, नाम निर्देशनों की संवीक्षा की तिथि 26 अप्रैल, अभ्यर्थितो का वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल, मतदान करने की तिथि 13 मई एवं मतगणना की तिथि 4 जून निर्धारित की गई है। उपायुक्त द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू होने के 24 घंटे एवं 72 घंटे के भीतर किए जाने वाले आवश्यक कार्रवाई संबंधी भी जानकारी दी गई। इसके तहत सभी सरकारी योजनाओं संबंधित बैनर, पोस्टर आदि हटाने संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि चुनाव के मद्देनजर विभिन्न कोषांगों का गठन किया गया है जिसके नोडल पदाधिकारियों का संपर्क संख्या राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को साझा किया गया। उन्होंने बताया कि एएमएफ के तहत सभी पोलिंग स्टेशन पर सभी आवश्यक सुविधाओं को बहाल किया गया है जिसके तहत पेयजल, शौचालय, रैंप, प्रकाश, फर्नीचर, हेल्पडेस्क आदि की व्यवस्था की गई है, ताकि मतदान दिवस पर मतदाताओं समेत सुरक्षाकर्मियों एवं मतदान कर्मियों को समस्या का सामना न करना पड़े। डिस्पैच सेंटर के रूप में 80 गढ़वा एवं 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय गढ़वा जबकि 76 डाल्टनगंज एवं 77 विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र हेतु गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय डाल्टनगंज को तैयार किया गया है। सभी के लिए रिसीविंग सेंटर कृषि उत्पादन बाजार समिति पलामू को बताया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि भयमुक्त वातावरण में हम मतदान कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं। आवश्यकता अनुसार एवं निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार पुलिस बल की डेप्लॉयमेंट की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ की सहायता से हम सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी स्वच्छ वातावरण में मतदान सुनिश्चित कराएंगे। जिले से सटे इंटर स्टेट बॉर्डर खरौंधी, नगर ऊंटारी, बरगड़, गोदरमाना, हरिहरपुर समेत अन्य स्थानों पर चेक पोस्ट लगाया गया है एवं पैनी नजर रखी जा रही है। बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि समेत उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, रंका, श्री बंशीधर नगर, सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थें।

# गांधीनगर सीट पर भाजपा ने बनाया जीत का मास्टर प्लान

एजेंसी

**गांधीनगर :** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की लोकसभा सीट गांधीनगर में इस बार बड़ा रिकॉर्ड बनाने की रणनीति बनाई गई है। लगातार 11वीं बार भाजपा इस सीट को न सिर्फ जीतना चाहती है बल्कि इस बार देश में नया रिकॉर्ड बनाने की रणनीति पर भी काम कर रही है। अमित शाह को इस सीट पर 10 लाख से अधिक मतों के अंतर से जिताने की रणनीति बनाई गई है।अमित शाह ने वर्ष 2019 में गांधीनगर लोकसभा सीट पर अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल की थी। वर्ष 2024 में पार्टी ने उन्हें दूसरी बार इस सीट से उम्मीदवार बनाया है। इससे पूर्व इस सीट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी चुनाव लड़ा करते थे। अमित शाह यदि इस सीट पर 10 लाख से अधिक मतों के अंतर से



जीतते हैं तो वे कई पुराने रिकॉर्ड तोड़ देंगे।वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ी जीत हासिल करने का रिकॉर्ड गुजरात प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल के नाम दर्ज है। पाटिल ने नवसारी लोकसभा सीट से 6.89 लाख मतों के अंतर से जीत हासिल की थी। इसके पहले भी पाटिल ने वर्ष 2014 में 5.58 लाख मतों के अंतर से सीट जीती थी।गांधीनगर लोकसभा सीट वर्ष 1989 से भाजपा के पास है, वह लगातार 10 बार से इस सीट पर जीत रही है। अमित शाह ने वर्ष 2019 में गांधीनगर लोकसभा सीट से 5.57 लाख मतों के अंतर से जीत हासिल की थी।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी से 4.79 लाख मतों के अंतर से जीते थे। वर्ष 2019 में सबसे अधिक मतों से जीतने वाले नेताओं में कांग्रेस नेता राहुल गांधी 11वें नंबर पर थे। राहुल केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर 4.31 लाख मतों के अंतर से जीते थे।गांधीनगर से दूसरी बार उम्मीदवार बने अमित शाह को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में 10 लाख मतों के अंतर से जिताने का लक्ष्य पार्टी के कार्यकर्ताओं को दिया गया है। इसके लिए माइक्रो मैनेजमेंट के साथ अन्य पार्टी के पूर्व उम्मीदवारों, सामाजिक अग्रणियों, की-वोटर्स समेत दूसरी पार्टी के पदाधिकारियों की भाजपा में भर्ती अहम रणनीति का हिस्सा है। इसमें पार्टी कई महीने पहले से काम कर काफी हद तक सफलता प्राप्त कर चुकी है। पार्टी ने चुनाव तारीख की घोषणा से कुछ महीना पहले ही प्रदेश की सभी 26 सीटों पर पार्टी का केन्द्रीय कार्यालय खोल दिया था। अमित शाह 15 मार्च को गांधीनगर आए थे। इस दौरान लोकसभा क्षेत्र के प्रभारियों के साथ मीटिंग की गई। इसी बैठक में शाह को 10 लाख से अधिक मतों से जिताने का संकल्प किया गया।

## रामपुर तिराहा मामले में दो पुलिसकर्मियों को आजीवन कारावास की सजा

**नई दिल्ली :** उत्तर प्रदेश मुजफ्फरनगर स्थित केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की अपर सत्र न्यायाधीश की एक अदालत ने रामपुर तिराहा मामले में दो आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसमें उत्तरप्रदेश की अर्द्धसैनिक बल पीएसी के तत्कालीन पुलिसकर्मी मिलाप सिंह एवं वीरेंद्र प्रताप का नाम शामिल है। अदालत ने एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने जुर्माने की पूरी राशि पीड़िता तक पहुंचाने को कहा है। सीबीआई द्वारा जारी बयान के मुताबिक 15 मार्च को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (2) (जी), 392, 354 एवं 509 के तहत अदालत ने दोनों आरोपितों को दोषी ठहराया और सोमवार को सजा सुनाई। जांच पूरी होने के बाद सीबीआई ने 21 मार्च 1996 को आरोप पत्र दायर किया था। आरोपितों पर रैली में बसों से जा रही महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और बलात्कार का आरोप है।

## रेडक्रॉस की बैठक संपन्न, आगामी कार्यक्रमों के लिए गए कई निर्णय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** रेड क्रॉस सोसाइटी जिला कार्यसमिति की बैठक स्थानीय सदर अस्पताल गढ़वा के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा करते कई कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। निर्णय के अनुसार अप्रैल में रोड सुरक्षा के लिए जागरूकता कार्य०म, साथ ही 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर चौधराना बाजार में दया जी टेन्ट हाऊस के परिसर में एक ब्लड प्रेसर, शुगर, आदि जाँच सह जागरूकता शिविर का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। आगामी 8 मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस पर एक विशाल रक्तदान शिविर एसआईएस बेलचम्पा में लगाने, 14 जून विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर ब्लड बैंक गढ़वा में रक्तदान शिविर आयोजन करने एवं रक्तदाताओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता रेड क्रॉस के चेयरमैन डॉक्टर एमपी गुप्ता ने एवं संचालन रेड क्रॉस के सचिव डॉ जेपी सिंह ने किया। बैठक में डॉ अशोक कुमार, सिविल सर्जन गढ़वा, विनोद कमलापुरी, नन्द कुमार गुप्ता, राजमणि प्रसाद, विजय केशरी, मनोज केशरी, दया शंकर गुप्ता, कंचन साहू, डॉ पातंजलि केशरी, कमलेश गुप्ता, डॉ असजद अंसारी, सदस्यता ग्रहण करने वाले डॉ राकेश कुमार गुप्ता एवं विवेक सिन्हा भी उपस्थित थे।

## विकास के लिए सुरक्षा और आर्थिक सुरक्षा दोनों महत्वपूर्ण : राज्यपाल



**राज्यपाल ने इकनोमिक सिक्योरिटी पर अध्ययन के लिए आयी टीम के साथ किया संवाद**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विकास के लिए सुरक्षा और आर्थिक सुरक्षा दोनों महत्वपूर्ण है। वर्तमान में हमारा देश विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि मैं विभिन्न देशों का भ्रमण कर चुका हूं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय, नई दिल्ली का गौरवशाली इतिहास रहा है। राज्य में स्थापित झारखंड रक्षा विश्वविद्यालय को सैनिक विश्वविद्यालय के रूप में गठन करने के लिए इच्छुक हैं। सोमवार को राजभवन में राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय, नई दिल्ली के फैकल्टी एंड कोर्स मेंबर्स की ओर से नेशनल सिक्योरिटी एंड स्ट्रेटेजिक स्टडीज कोर्स के तहत झारखंड राज्य में इकनोमिक सिक्योरिटी पर अध्ययन के लिए आयी टीम के सदस्यों के साथ संवाद करते हुए राज्यपाल ने कहा कि झारखंड राज्य का गठन बिहार से अलग होकर 15 नवम्बर, 2000 को सृजन हुआ और जब यह संसद में विधेयक रखा गया था। तब वे लोक सभा सांसद थे और उन्हें इस पर अपना मत देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। राज्यपाल ने कहा कि यहां पर्यटन के विकास की असीम संभावनाएं हैं। यहां के कई पर्यटक स्थल को आकर्षित करते हैं। झारखंड राज्य में खेल के क्षेत्र में कई प्रतिभा हैं, महेंद्र सिंह धोनी, जिनके नेतृत्व में भारत ने 2011 में विश्व कप जीता, यहीं के रहने वाले हैं। झारखंड को तीरंदाजी की भूमि कहा जाता है। यहां की कई बेटियां हॉकी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश और झारखंड को गौरवान्वित कर रही है। इस अवसर पर उपस्थित कोर्स मेंबर्स के टीम के सदस्यों ने अपने विचार प्रकट किये।

## श्री श्याम मंदिर में 19 मार्च से फाल्गुन सतरंगी महोत्सव

**रांची :** श्याम मंडल का तीन दिवसीय विराट फाल्गुन सतरंगी महोत्सव 19 से 21 मार्च तक धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। सभी कार्यक्रम रांची के अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में आयोजित होंगे। महोत्सव की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए श्याम मंडल के सदस्यगण कार्य कर रहे हैं। इस कार्यक्रम को लेकर पूरे मंदिर की साफ-सफाई की गयी। इसके बाद उसे आकर्षक ढंग से सुसज्जित किया जा रहा है। श्रृंगार के लिए कोलकाता से आई कुशल कारीगरों की टीम कार्य में जुटी हुई है। 19 मार्च को 3 बजे श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर (सेवा सदन हॉस्पिटल के निकट ) से विधि विधान से निशान (ध्वजा) यात्रा प्रारम्भ होगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। निशान यात्रा में दिव्य रथ पर विराजमान श्री श्याम प्रभु नगरवासियों को आशीष प्रदान करेंगे।

# 5 लाख शिवभक्तों ने बाबा विश्वनाथ का दर्शन किया

एजेंसी

**वाराणसी :** श्री काशी विश्वनाथ धाम दर्शन पूजन के मामले में अपने ही रिकॉर्ड ध्वस्त कर रहा है। सावन व महाशिवरात्रि समेत पर्व-त्योहारों पर तो यहां लाखों भक्त दर्शन के लिए उमड़ते ही हैं, पर रविवार जैसे सामान्य दिन में भी यहां पांच लाख से अधिक शिवभक्तों ने दर्शन पूजन किया। यह संख्या सामान्यतः विशिष्ट पर्वों पर आने वाले दर्शनार्थियों के बराबर है। 13 दिसंबर 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों लोकार्पित होने के बाद श्री काशी विश्वनाथ धाम नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। काशी पुराधिपति के दर्शन के लिए निरंतर श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। योगी सरकार की तरफ से काशी में श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध की जा रही हैं। नव्य व भव्य श्रीकाशी विश्वनाथ धाम मंदिर में सुविधा और सुरक्षा के चलते काशी में दर्शनार्थियों



का आवागमन निरंतर बढ़ता जा रहा है। काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर के लगभग तीन हजार वर्ग फुट से, लगभग पांच लाख वर्ग फुट के विशाल क्षेत्र में परिवर्तित होने के बाद धाम में सनातनियों का दर्शन के लिए तांता लग रह रहा है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि 17 मार्च 2024 को सामान्य दिवस दर्शनार्थियों की सर्वाधिक दैनिक संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित हुआ। इस दिन कुल 5,03,024 दर्शनार्थियों ने महादेव के दर्शन प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि कॉरिडोर लोकार्पण के पहले सामान्य दिनों में भक्तों की संख्या लगभग 20 से 30 हजार के आसपास रहती थी, जबकि लोकार्पण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या बढ़कर 1.5 लाख से 2 लाख हो गई थी। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि सावन और महाशिवरात्रि में भक्तों की संख्या सर्वाधिक होती है, लेकिन सामान्य दिनों में ऐसा पहली बार देखने को मिला है, जब शिव भक्तों की संख्या एक दिन (रविवार 17 मार्च) को 5 लाख के पार हो गई है। ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सचिव प्रदीप राय ने बताया कि अयोध्या और काशी के टू वे सर्किट के लिए पर्यटकों का सबसे ज्यादा रुझान हो रहा है। दोनों धार्मिक शहरों में सबसे ज्यादा पर्यटक वीकेंड में आ रहे हैं।